हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 17.10.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 83 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### असम राइफल्स पर आतंकियों का हमला दो जवान घायल

**इटानगर :** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में भारत-म्यांमार सीमावर्ती मनमाओ इलाके के हटमान गांव में मौजूद असम राइफल्स कैंप (कंपनी ऑपरेटिंग बेस, सीओबी) पर एनएससीएन-केवाई (ए) ग्रुप के संदिग्ध हथियारबंद उग्रवायों ने हमला कर दिया। इस घटना में दो जवान राइफलमैन हरिशरण और राइफलमैन राहुल बोरा गोली लगने से घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में आधिकारिक सूत्र ने बताया कि यह आतंकी हमला गुरुवार सुबह 2:30 से 3:00 बजे के बीच हुआ। बताया कि घायल हरिशरण और राहुल बोरा को बेहतर इलाज के लिए आज सुबह 8:24 बजे असम के जोरहाट में एयर फोर्स हॉस्पिटल नंबर 5 में शिफ्ट किया गया। अधिकारी ने बताया कि हमला करने वाले उग्रवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बल पूरे इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### नीति आयोग से जुड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण बैठक आज

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर शुक्रवार को योजना सचिव मुकेश कुमार ने महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है। इस बैठक में फोर्थ नेशनल कंफ्रेंस ऑफ चीफ सेक्रेट्रीज की बैठक के कृत कार्रवाई प्रतिवेदन, नीति आयोग के शाशी परिषद की 10 वीं बैठक का भी एक्शन टेकन रिपोर्ट और मुख्यमंत्री और सदस्य नीति आयोग के बीच होनेवाली बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले विषयों और मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। योजना सचिव ने इस आशय का सभी विभागों को पत्र लिख कर कल पूरी तैयारी के साथ बैठक में आने का निदेश दिया है। विषय की जानकारी रखनेवाले पदाधिकारी को बैठक में भेजने का सुझाव दिया गया है। यह भी जानकारी दी गयी है कि नवंबर 2025 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मुख्य सचिवों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन प्रस्तावित है।

### लेह में 22 दिनों बाद हटी पाबंदियां, हिंसा के आरोपी 6 नेताओं को मिली जमानत

**लद्दाख :** लद्दाख के लेह जिले में 24 सितंबर को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हुई हिंसक प्रदर्शनों के बाद लगाए गए सभी प्रतिबंध हटा लिए गए। जिला प्रशासन ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत लगाई गई पाबंदियों को तुरंत प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया है। इस दौरान किसी प्रकार की हिंसा की कोई घटना दर्ज नहीं हुई, जिससे स्थानीय निवासियों में राहत की सांस बही है। प्रदर्शन में चार लोगों की मौत जिला मजिस्ट्रेट रोमिल सिंह डोंक ने बताया कि पिछले 22 दिनों में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। उन्होंने कहा, प्रतिबंधों के कारण जनजीवन प्रभावित था, लेकिन अब सभी गतिविधियां सामान्य रूप से चलेंगी। प्रदर्शनों के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 70 से अधिक युवाओं को हिरासत में लिया गया था। इनमें से आधे से अधिक को पहले ही जमानत मिल चुकी है। लेह की अदालत ने हिंसा के आरोपी छह प्रमुख नेताओं को जमानत दे दी है।

## इप्सोवा दीपावली मेला का हेमन्त सोरेन व कल्पना सोरेन ने किया उद्घाटन

# समाज के हर जरूरतमंद को अपने साथ खड़ा करने के लिए सभी को करना होगा प्रयास : मुख्यमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुख्य अतिथि एवं विधायक कल्पना सोरेन विशिष्ट अतिथि के रूप में आज इंडियन पुलिस सर्विस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (इप्सोवा) की ओर से जैप-1 मैदान, डोरंडा, रांची में आयोजित तीन दिवसीय दीपावली मेला के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इप्सोवा कोई नया नाम नहीं है। यह संस्था एक लंबा सफर तय कर चुका है। इस दौरान इस संस्था द्वारा समाज के मुख्य धारा से अलग- थलग, दबे -कुचले एवं वंचित लोगों को अलग-अलग माध्यमों से सहायता प्रदान की गई और यह सिलसिला निरंतर जारी है। मैं इप्सोवा को उसके सामाजिक सरोकार के लिए बधाई देता हूं।

#### एक नए लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस महकमा इस राज्य के लोगों की - जान माल की सुरक्षा को समर्पित है। इप्सोवा भी एक ऐसी संस्था है, जो पुलिस पदाधिकारियों के परिजनों द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह संस्था सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ है तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता आ रहा है।
इस तरह के मेलों के माध्यम से आप एक नए लक्ष्य की तरफ बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं। मुझे पूरी उम्मीद है इप्सोवा के जो भी लक्ष्य है, वे निश्चित तौर पर हासिल होंगे।

#### हर जरूरतमंद को अपने साथ खड़ा कर पाएं

इप्सोवा ऐसी संस्था है जो व्यस्त समय के बीच सामाजिक कार्यों का निर्वहन करती आ रही है। इसके सदस्य जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार काम कर रहे हैं। ऐसे में आज जरूरी है कि समाज के हर जरूरतमंद को हम अपने साथ खड़ा कर सकें, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने इप्सोवा दीपावाली मेला में हिस्सा लेने पहुंचे सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, एडीजी प्रिया दुबे और इप्सोवा की अध्यक्ष शिखा गुप्ता समेत अन्य सदस्यगण मौजूद थीं।

## आदिवासी हुंकार रैली की पूर्व संध्या पर आदिवासी संगठनों ने निकाला जुलूस




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में कुड़मी समाज को एसटी सूची में शामिल करने की मांग के विरोध में आदिवासी संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। गुरूवार को आदिवासी बचाओ मोर्चा ने करमटोली केंद्रीय धुमकुड़िया में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर अपनी रणनीति का खुलासा किया। टीएसी सदस्य नारायण उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा के लिए खड़ा है। उन्होंने बताया कि झारखंड की 33 जनजातियों ने केंद्र से केवल उन्हीं समुदायों को एसटी सूची में शामिल करने की मांग की है, जो आदिवासी होने की संवैधानिक और सांस्कृतिक शर्तें पूरी करते हैं।
नारायण उरांव ने स्पष्ट किया कि कुड़मी समाज इन शर्तों पर खरा नहीं उतरता। आदिवासी समाज अपनी पूजा पद्धति, पाहन व्यवस्था और धार्मिक जमीनों की रक्षा के लिए 17 अक्टूबर को प्रभात तारा मैदान, धुर्वा में 'हुंकार रैली' बुला रहा है। झारखंड उलगुलान मंच के अध्यक्ष जोनसन गुड़िया ने कहा कि आदिवासी अब अपने हक और अधिकार की लूट बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने गांव-गांव संदेश भेजकर 17 अक्टूबर को सभी आदिवासियों से रांची आने का आह्वान किया। सदस्य सुदर्शन भेगरा ने बताया कि कुड़मी समाज को एसटी का दर्जा देना आदिवासियत पर हमला होगा। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीनारायण मुंडा ने इसे केवल विरोध नहीं, बल्कि आदिवासियों की आरक्षण, परंपरा और अस्तित्व की लड़ाई बताया। रैली में झारखंड और पड़ोसी राज्यों से हजारों सरना धर्मावलंबी शामिल होंगे।
अध्यक्ष बबलु मुंडा ने कहा कि यह पहला अवसर है जब सभी आदिवासी संगठन एक मंच पर एकजुट हो रहे हैं। रैली में सात प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि कुड़मी समाज की एसटी मांग असंवैधानिक है और टीआरआई ने इसे खारिज किया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री देवकुमार धान, जगलाल पाहन, परमेश्वर मुंडा, बलकु उरांव, बासुदेव भगत और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

# गुजरात में सीएम को छोड़कर सभी मंत्रियों का इस्तीफा, आज होगा कैबिनेट का विस्तार

एजेंसी



**अहमदाबाद :** गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। वहीं इससे पहले गुरुवार को राज्य के सभी मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। वहीं कैबिनेट विस्तार को लेकर एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने पहले बताया था कि आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिल सकते हैं, और लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है। भूपेंद्र पटेल ने 12 दिसंबर, 2022 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

#### आज दिन में 11.30 बजे होगा कैबिनेट विस्तार


गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार सुबह 11:30 बजे होगा। वर्तमान गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल समेत कुल 17 मंत्री हैं। इसमें आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य मंत्री (एमओएस) हैं। बता दें कि, 182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात में 27 मंत्री या सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत मंत्री हो सकते हैं। इस महीने की शुरूआत में, गुजरात सरकार में राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के नए अध्यक्ष बने।

#### क्या गुजरात फॉर्मूले के चलते मंत्रियों को छोड़ना पड़ा पद?

2022 में गुजरात में विधानसभा चुनाव हुए थे। चुनाव से 15 महीने पहले सितंबर 2021 में राज्य की पूरी कैबिनेट बदल दी गई थी। इस बार राज्य में चुनाव को करीब 26 महीने बचे हुए हैं। हालांकि, इस बार मुख्यमंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया है सिर्फ उनके कैबिनेट सहयोगियों ने पद छोड़े हैं। 2021 में तो पांच साल के अंदर दो बार मुख्यमंत्री बदल दिए गए थे। 2017 में जब चुनाव हुआ था, तब विजय भाई रूपाणी को सीएम बनाया गया था, लेकिन 2021 में उन्हें हटाकर भूपेंद्र पटेल को जिम्मेदारी दे दी गई।
वहीं चुनाव में 182 में से 103 नए चेहरों को टिकट दिया गया। पांच मंत्रियों समेत 38 विधायकों के टिकट काट दिए गए। 2022 के चुनाव में में इसका नतीजा भी देखने को मिला। भाजपा ने गुजरात में रिकॉर्ड 156 सीटें हासिल की। कहा जा रहा है इसी फॉमूर्ले के तहत गुजरात कैबिनेट के मंत्रियों की छुट्टी हुई है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की बढ़ती स्वदेशी शक्ति का ज्वलंत प्रमाण है : राजनाथ सिंह

एजेंसी



**मुंबई :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे में कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की बढ़ती स्वदेशी शक्ति का एक ज्वलंत प्रमाण है, जो देश में आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के सरकार के अथक प्रयासों से प्राप्त हुआ है।
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को विश्वास और दृढ़ता जैसे गुणों के महत्व समझा रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जब सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना शुरू किया, तो आरंभ में यह कठिन लग रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में घरेलू रक्षा विनिर्माण के विस्तार में कोई कसर न छोड़ते हुए पूरी कोशिश की गई। इसी संकल्प के कारण सकारात्मक परिणाम मिलने लगे। उन्होंने कहा कि हमने रक्षा क्षेत्र में बदलाव का संकल्प लिया है क्योंकि देश की स्वतंत्रता के बाद से ही हम हथियारों के लिए दूसरे देशों पर बहुत अधिक निर्भर रहे हैं। हम हथियार खरीदने के आदी हो गए थे क्योंकि हमारे पास भारत में निर्माण करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी थी और हमारे पास रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने संबंधी कानून भी नहीं थे। इसमें बदलाव की आवश्यकता थी। अब हमारा संकल्प है कि भारत अपने सैनिकों के लिए स्वदेश में निर्मित हथियार बनाए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने हमारे सैनिकों की वीरता देखी। उन्होंने कहा कि निर्धारित व्यापक लक्ष्य देश में निर्मित रक्षा उपकरणों के उपयोग से ही हासिल किया है।
रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सालाना रक्षा उत्पादन 46 हजार करोड़ रुपये से बढकर रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड़ रुपये का हो गया है, जिसमें निजी क्षेत्र का योगदान लगभग 33 हजार करोड़ रुपये का है। उन्होंने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा विनिर्माण लक्ष्य और 50 हजार करोड़ रुपये के निर्यात लक्ष्य हासिल होने का विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक उपलब्धियों से आगे बढकर सृजनकर्ता, नवोन्मेषक और राष्ट्रीय विकास में योगदानकर्ता बनने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सच्ची सफलता केवल शैक्षणिक उपाधि हासिल करने में नहीं, बल्कि सामाजिक लाभ के लिए ज्ञान के सार्थक उपयोग में निहित है।
रक्षा मंत्री ने प्रौद्योगिकी में विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव का उल्लेख करते हुए इस आशंका को निर्मूल बताया कि इससे नौकरी जाने और मानव श्रम की आवश्यकता समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कभी मानव श्रम की जगह नहीं लेगा, बल्कि जो लोग एआई का उपयोग करते हैं, वे उन लोगों की जगह लेंगे जो इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक को मानवीय संवेदनशीलता, मूल्यों और नैतिकता का विकल्प नहीं, बल्कि साधन मात्र बनाए रखना चाहिए।

## प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश में 13,430 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# 21वीं सदी हमारी है, 2047 तक देश 'विकसित भारत' बन जाएगा : मोदी

एजेंसी



**कुरनूल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल से एक बार फिर विकसित भारत की बात को दोहराया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी 140 करोड़ भारतीयों की है और देश 2047 तक "विकसित भारत" बन जाएगा। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और मेक इन इंडिया का भी जिक्र किया। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी 13,430 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने कुरनूल पहुंचे थे। यहां उन्होंने एक रैली को संबंधित करते हुए देश के मेक इन इंडिया पारिस्थितिकी तंत्र की सराहना की और कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर में घरेलू "चीजों" की ताकत देखी, जो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान में सीमा पार आतंकवादी ठिकानों पर शुरू किया गया सैन्य अभियान था।
पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 2047 तक, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक, विकसित भारत बन जाएगा। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 21वीं सदी भारत की होगी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आंध्र प्रदेश को अब मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के रूप में दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त है तथा केंद्र सरकार राज्य को पूरा सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि गूगल के एआई हब निवेश से एक नया अंतरराष्ट्रीय सब-सी गेटवे विकसित किया जाएगा, जिसमें कई देशों के अंडर-सी केबल सिस्टम जुड़ेंगे। ये पूर्वी तट पर विशाखापत्तनम तक आएंगे। उन्होंने कहा, पिछले 16 महीनों में आंध्र प्रदेश में विकास की गाड़ी बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है और डबल इंजन सरकार में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। आंध्र प्रदेश न केवल आत्म-सम्मान और संस्कृति की भूमि है, बल्कि विज्ञान और नवाचार का केंद्र भी है। उन्होंने आगे कहा कि आज जिन कई परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया गया, उनसे राज्य में कनेक्टिविटी में सुधार होगा, उद्योगों को समर्थन मिलेगा और लोगों के जीवन में सुधार आएगा। मोदी ने आरोप लगाया कि 11 साल पहले जब कांग्रेस केंद्र में सत्ता में थी, तब प्रति व्यक्ति बिजली की औसत खपत 1,000 यूनिट से भी कम थी। उस समय देश ब्लैकआउट की चुनौतियों से भी जूझ रहा था और हमारे गांवों में बिजली के खंभे तक नहीं थे।
इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने यहां राज्य भर में फैली 13,430 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं उद्योग, विद्युत पारेषण, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं। उन्होंने 2,880 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से कुरनूल-~~क्क्क~~ पूलिंग स्टेशन पर ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण की आधारशिला रखी। इसी प्रकार, उन्होंने कुरनूल में ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र और कडप्पा में कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखी, जिन पर कुल 4,920 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। प्रधानमंत्री ने 960 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सब्बावरम से शीलानगर तक छह लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पिलेरू-कलूर खंड सड़क के चार लेन का निर्माण, कडप्पा-नेल्लोर सीमा से सीएस पुरम तक चौड़ीकरण और एनएच-165 पर गुडिवाडा और नुजेला रेलवे स्टेशनों के बीच चार लेन के रेल ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया।

# केंद्र सरकार ने शहरी क्षेत्र में 1.41 लाख अतिरिक्त नए घरों को दी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 (पीएमएवाई-यू 2.0) के तहत 1,41,942 नए घरों को मंजूरी दी है। इसके बाद योजना के तहत कुल स्वीकृत घरों की संख्या 10 लाख से ज्यादा हो गई है। मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति की बैठक में यह मंजूरी दी गई। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी भी शामिल हुए।
यह आवास असम, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, मेघालय, हरियाणा, ओडिशा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों लिए होंगे। बैठक में सचिव ने कहा कि घरों का निर्माण ऐसी जगहों पर होना चाहिए जहां सड़क, सार्वजनिक परिवहन और अन्य बुनियादी सुविधाएं हों ताकि लोग जल्दी अपने घरों में रह सकें। इन अतिरिक्त आवासों की मंजूरी में महिलाओं के लिए 76,976 घर, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 13,509 घर और ट्रांसजेंडर के लिए 7 घर मंजूर किए गए। अनुसूचित जाति के लिए 29,131, अनुसूचित जनजाति के लिए 6,561 और ओबीसी के लिए 74,291 आवास मंजूर किए गए। अब पीएमएवाई-यू 2.0 योजना के तहत कुल 6.31 लाख घर केवल महिलाओं को दिए गए हैं, जिनमें विधवा, अलग रह रहीं या अविवाहित महिलाएं शामिल हैं। ट्रांसजेंडरों को 163 घर और वरिष्ठ नागरिकों को 1.04 लाख घर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पीएमएवाई-यू 2.0 योजना के तहत परिवारों को पक्के घर बनाने या खरीदने में 2.50 लाख रुपये तक की वित्तीय मदद मिलती है।

# चौपारण में लूट का पुलिस ने किया त्वरित खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** थाना क्षेत्र से बीती रात्रि हुई पिकअप वैन, नकदी और मोबाइल की लूट की घटना का पुलिस ने महज कुछ घंटों में खुलासा कर दिया। इस मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लूटी गई पिकअप वैन, नकदी और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने इस संबंध में चौपारण थाना कांड संख्या 286/25, धारा 309(6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। बताया गया कि वादी रूपेश कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता राम सजीवन राय जिला समस्तीपुर (बिहार) ने थाना को दिए आवेदन में बताया कि वे दिनांक 15 अक्तूबर की शाम करीब 7 बजे पटना ट्रांसपोर्ट नगर से दवाइयां लोड कर अपनी



पिकअप वैन (बीआर 01जीएल-8677) से रांची के लिए निकले थे। रात करीब 1:00 बजे, जब वे जीटी रोड़ स्थित चौपारण घाटी पार कर सीएम होटल के पास पहुंचे तो एक काली ब्रेजा गाड़ी (जेएच 02बीटी-7723) ने पीछा कर उन्हें ओवरटेक करते हुए रोका। गाड़ी से उतरे तीन अज्ञात अपराधियों ने मारपीट कर पिकअप वैन, 21,300 नकद और एक मोबाइल फोन लूट लिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और मानवीय इनपुट के आधार पर सिर्फ दो घंटे में सरदारपुर जीटी रोड़ से लूट में प्रयुक्त ब्रेजा गाड़ी को जब्त कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई पिकअप वैन और तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं और इस गिरोह से जुड़े अन्य संदिग्धों पर भी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले दिनों में और भी खुलासे संभव हैं। वहीं गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधियों शिवम कुमार, पिता मिथिलेश चौरसिया, केंदुआ चौपारण, राहुल सिंह, पिता बाबूलाल सिंह, निवासी गणपति होटल के सामने, थाना इटखोरी, अरविंद चौरसिया, पिता परमेश्वर चौरसिया, निवासी इटखोरी को जेल भेजा गया। मौके पर छापामारी दल में शामिल डीएसपी अजीत कुमार विमल, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, पुअनि रवि रंजन, श्रवण कुमार पासवान, जगदीश चंद्र प्रधान, सअनी बादल कुमार महतो एवं थाना के पुलिस बल के जवान शामिल थे। वहीं पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई को लेकर आमजन में संतोष और सुरक्षा की भावना देखी जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है।

## सरकारी योजना की स्वीकृति के लिए नगद राशि नहीं मांगी जाती है : बीडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही बीडीओ जयपाल महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि बरही प्रखंड के सभी पंचायतों के आम जनता को सूचित किया गया कि किसी भी सरकारी योजनाओं के स्वीकृति के बदले नगद राशि या मोबाइल से राशि भुगतान नहीं करें। उन्होंने कहा कि ऐसी सूचना आ रही है और विभिन्न पंचायतों से पीएम कुसुम योजना, सोलर पम्प, डीप बोरिंग के के नाम पर मोबाइल से लोगों से सम्पर्क कर 6500 से 8500 रूपए तक किसानों से अविलम्ब भुगतान कराई जा रही है। जो बिल्कुल गलत है। उन्होंने बताया कि प्रखण्ड हो या जिला स्तर से किसी भी प्रकार की योजनाओं जैसे पीएम कुसुम योजना, सोलर पम्प , डीप बोरिंग एवं अन्य योजना की स्वीकृति अथवा अन्य किसी कार्यो के लिए किसी भी प्रखण्ड कर्मी द्वारा मोबाईल पर राशि की मांग नहीं की जाती है तथा किसी नये अप्लीकेशन को गुगल प्ले स्टोर



के माध्यम से स्टोर नहीं करने बोला जाता है। यदि इस प्रकार की कोई सूचना अथवा अप्लीकेशन स्टोर करने के संबंध में बोला जा रहा है। तो ये पूर्ण रूप से ठगी का मामला है। उन्होंने किसी भी सरकारी योजना के लाभुक या ग्रामीण को अपने मोबाईल से किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान किसी भी व्यक्ति को न करनें की अपील किया। अगर ऐसी किसी प्रकार का कॉल आने पर अविलम्ब प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं थाना को तुरंत सूचित करें। उन्होंने कहा कि अपील के बाद भी अगर किसी के द्वारा अवैध भुगतान किया जाता है तो इसकी जवाबदेही खुद होगें।

## हंटरगंज पुलिस की बड़ी कामयाबीः 1.090 किलो अवैध अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के चतरा - डोभी मुख्य पथ से गोसाईडीह चेकपोस्ट के पास में 1 किलो 90 ग्राम अफीम लेकर जा रहे दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि 15 अक्टूबर को चतरा पुलिस कप्तान को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दो संदिग्ध अफीम तस्करों द्वारा एक बाइक से चतरा के तरफ से अवैध रूप से अफीम लेकर तस्करी करने के लिए हंटरगंज होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में मेरे मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार के द्वारा गोसाईडीह चेकपोस्ट के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक



मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोका गया। उनकी तलाशी लेने पर राजकुमार गंझू के पास से 1.090 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्रमेश्वर कुमार (उम्र 20 वर्ष) और राजकुमार गंझू (उम्र 24 वर्ष), दोनों लावालौंग थाना क्षेत्र के जिरौन गांव निवासी, के रूप में हुई है। पुलिस ने अफीम के साथ दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन और होंडा साइन मोटरसाइकिल (JH13K-3724) को जब्त कर लिया है। दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत हंटरगंज थाना कांड संख्या 178/25 दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।प्रेस कांफ्रेंस कर एस डी पी ओ सन्दीप सुमन ने कहा कि नशे को अलविदा कहें युवक नहीं तो बर्बाद हो जाएगी जिंदगी।

## नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दे झारखंड सरकार : डॉ निजामुद्दीन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह पीसीसी डेलीगेट झारखंड प्रदेश डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने झारखंड में होने वाले नगर निगम नगर परिषद नगर पंचायत के होने वाले चुनाव में ओबीसी को 27% आरक्षण देने की मांग किया है। डॉक्टर अंसारी ने कहा है कि 14 अक्टूबर को झारखंड सरकार की कैबिनेट की बैठक में इन चुनावों में ओबीसी को मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है। राज्य में 48 नगर निकायों में चुनाव होना है। कोरोना काल के बाद से अब तक नगर निकाय चुनाव नहीं हुआ है । झारखंड सरकार ओबीसी दलित आदिवासी और अल्पसंख्यक वोटो के कारण सत्ता में आई है। पिछड़े वर्गों को मंडल कमीशन में 27% आरक्षण की



व्यवस्था की गई है, लेकिन तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण की जगह मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण देने की नियम बना दिया। उसके बाद सभी सरकारों ने ओबीसी पर ध्यान नहीं दिया । झारखंड सरकार जो अपने को आबुआ सरकार कह रही है। वह भी 27 प्रतिशत की जगह ओबीसी वर्गों को मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है ।यह नियम पिछड़ों के साथ सरासर अन्याय है। मैं झारखंड सरकार से मांग करता हूं की मंडल कमीशन की तर्ज पर पिछड़ों को 27% आरक्षण की व्यवस्था नगर निकायों के चुनाव में किया जाए। इसके साथ-साथ सरकारी नौकरियों में ओबीसी का आरक्षण की व्यवस्था मंडल कमीशन की तर्ज पर 27% आरक्षण की व्यवस्था की जाए। इस समय झारखंड राज्य में पिछड़ों को मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण सरकारी नौकरियों में दी जा रही है। यह पिछड़ों के साथ सरासर अन्याय है । यदि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में भी यह होगा तो भारतीय जनता पार्टी की सरकारों से क्या उम्मीद की जा सकती है? यदि सरकार पिछड़ों को झारखंड राज्य में 27% आरक्षण की व्यवस्था नहीं करती है तो यह पिछड़ों के साथ झारखंड सरकार का सरासर अन्याय कहा जाएगा।

## कर्णपुरा इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** कर्णपुरा इंटर कॉलेज बड़कागांव में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीकरी ओ.पी. के थाना प्रभारी रामकुमार राम थे। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य प्रो. रामसेवक ने अध्यक्षीय भाषण के साथ की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा आज युवाओं, विशेषकर किशोर अवस्था के विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। समाज से नशा जैसी बुराइयों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि रामकुमार राम ने विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को आत्म-सुरक्षा से संबंधित कई उपयोगी सुझाव भी दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रो. आशा कुमारी, प्रो. अक्षय कुमार पांडे, प्रो. सुमेधा कुमारी, प्रो. शिवम कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थीं। छात्र-छात्राओं में करिश्मा कुमारी, प्रिया कुमारी, नेहा, अर्जुन, मनजीत आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# चौपारण में बिरहोर समुदाय की बच्ची की मौत डीसी ने स्वास्थ्य और शिक्षा सुधार के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के चोरदाहा पंचायत स्थित जमुनियातरी गांव में इलाज के अभाव में बिरहोर समुदाय की बच्ची सरस्वती कुमारी की मौत हो गई। इस दुःखद घटना के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। घटना की जानकारी मिलते ही उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह गुरुवार को जिले के आला अधिकारियों के साथ गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। दुर्गम क्षेत्र होने के कारण डीसी और अन्य अधिकारियों को कुछ दूरी तक बाइक से जाना पड़ा। गांव पहुंचने पर उन्होंने बिरहोर समुदाय के लोगों से लंबी बातचीत



कर उनकी समस्याएं सुनीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच की। डीसी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गांव में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की भारी कमी है और अधिकांश बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अत्यंत गंभीर है और प्रशासन बिरहोर समुदाय की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा है। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि बच्ची की मौत में चिकित्सकीय लापरवाही पाई जाती है, तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करने और पूरी रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने का आदेश दिया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं और स्कूल शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन घर-घर जाकर लोगों की स्थिति की जानकारी लें और किसी के बीमार होने पर तत्काल एसडीओ और स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें। गांव तक पहुंचने में आ रही दिक्कतों पर डीसी ने कहा कि रास्ते का कुछ हिस्सा वाइल्डलाइफ सेंचुरी से होकर गुजरता है, जिससे सड़क निर्माण में बाधा आ रही है। हालांकि, जल्द ही विभागीय स्तर पर पहल कर पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा पीने के पानी, राशन वितरण और शिक्षा व्यवस्था की भी जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बिरहोर समुदाय की बच्चियों – किरण और चानवा को एएनएम प्रशिक्षण दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही गांव की ही एक महिला को सहिया के रूप में चयनित करने का भी आदेश दिया, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो सकें। डीसी ने कहा कि जो भी सुविधाओं की कमी है, उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा।

## एक नजर

### झारखंड आंदोलनकारी सम्मान समारोह में शामिल होंगे मंत्री डॉ. इरफान अंसारी

**हजारीबाग :** विष्णुगढ़ में आयोजित होने वाले झारखंड आंदोलनकारी सम्मान समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ.इरफान अंसारी शामिल होंगे। यह जानकारी झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के मुख्य संयोजक महमूद आलम ने दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात कर सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। जिसमें उन्होंने अपनी सहमति दी है। समारोह का आयोजन 18 नवंबर को होगा। इसके अलावा मोर्चा के मुख्य संयोजक ने विष्णुगढ़ प्रखंड की जनसमस्याओं समेत झारखंड आंदोलनकारियों से संबंधित तीन सूत्री मांगों से भी मंत्री को अवगत कराया। स्वास्थ्य मंत्री ने आंदोलनकारियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के योगदान को राज्य कभी भुला नहीं सकता। मंत्री से मुलाकात के बाद लौटकर महमूद आलम ने कहा कि जिन आंदोलनकारियों ने झारखंड राज्य के निर्माण में अपना सब कुछ समर्पित किया, उन्हें उनका हक और सम्मान मिले। यह सम्मान समारोह उसी दिशा में एक कदम है। इसके अलावा जनहित के मुद्दों पर भी शीघ्र साकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन नगर भवन में आज

**बरही :** बरही टाउन हॉल( नगर भवन) में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विषय पर बरही, विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन आज आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में बरही विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडल के मंडल- अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी ,मंडल कार्य समिति के सदस्य, सभी मंच-मोर्चा के अध्यक्ष, सभी पदाधिकारी, मोर्चा के कार्य समिति सदस्य, सभी बूथ अध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्य के साथ-साथ बरही -विधानसभा में निवास करने वाले, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश मंच- मोर्चा के पदाधिकारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंच-मोर्चा के जिला पदाधिकारी, सभी मंडलों के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मोर्चा अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### मुकुंद साव बने राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश प्रभारी

**हजारीबाग :** चौपारण झापा निवासी प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश प्रभारी का मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार के अनुशंसा पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति की द्वारा किया गया है। मनोनयन का घोषणा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुकुंद साव एक प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता, मानवाधिकार संरक्षक के साथ साथ प्रतिष्ठित पत्रकार भी है। वे कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़कर समाज के नव निर्माण, दलित अभिवंचित वर्ग को न्याय एवं उनके हक दिलाने का काम करते रहे है। उनकी योग्यता एवं काबिलियत को देखते हुए उन्हें प्रदेश प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण पद का दायित्व दिया गया है। इधर मनोनयन के बाद प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन पूरे झारखंड हो नहीं बल्कि पूरे देश में मानवाधिकार संरक्षण का काम कर रहा है। बड़े संगठन में प्रदेश प्रभारी जैसा अहम पद पर मुझे सुशोभित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने 13वीं नेशनल गतका चैंपियनशिप जीते पदक



**बरही :** झारखंड बरही के श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने 13वीं नेशनल गतका चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का डंका बजाया है। देवचंदा मोड़ बरही, स्थित इस स्कूल के सात युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला और साहस का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें दो खिलाड़ियों ने पदक जीतकर स्कूल और राज्य का नाम रोशन किया। नेहा टोप्पो ने अंडर-17 व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया, जबकि अंशु कुमारी ने अंडर-14 टीम स्पर्धा में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। यह उपलब्धि न केवल इन खिलाड़ियों की मेहनत का सबूत है, बल्कि स्कूल के समर्पण और अनुशासन का भी परिचय देती है। प्रतियोगिता में स्कूल के सात छात्र-छात्राएं अलग-अलग आयु वर्गों में उतरे थे। अंडर-14 कैटेगरी में कुमार (कक्षा 7) ने अपनी तेजी और तकनीक से सबको प्रभावित किया। अंडर-17 कैटेगरी में अंशु कुमारी, लक्की कुमार और नेहा टोप्पो ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें नेहा ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक और अंशु ने टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अंडर-19 कैटेगरी में रौशन चौबे और एम.डी. राजा ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कोच हर्ष, जिनके मार्गदर्शन में ये बच्चे तैयार हुए, उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ी पूरी तरह तैयार थे और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। नेहा और अंशु के पदक हमारी मेहनत का इनाम हैं। ये बच्चे हमारे लिए सच्चे चैंपियन हैं, और हमें विश्वास है कि ये आगे भी ऐसे ही झंडे गाड़ेंगे स्कूल प्रबंधक विकास सिंह ने भी इस मौके पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल का लक्ष्य बच्चों को हर क्षेत्र में चमकने का अवसर देना है। नेहा और अंशु की सफलता हमारी उस सोच का परिणाम है, जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ खेल और संस्कारों को भी महत्व दिया जाता है। ये बच्चे झारखंड का नाम पूरे देश में ऊंचा कर रहे हैं।

### बीएम मेमोरियल स्कूल में स्किल डेवलपमेंट आर्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** प्रखंड के बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित बी.एम. मेमोरियल स्कूल में निर्देशक संदीप कुशवाहा के निदेर्शानुसार स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 10 वीं तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों पर आधारित - मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बनाए गए मॉडलों की शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहना की तथा उनसे संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है। तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल का विकास करने के उद्देश्य से मॉडल निर्माण कार्य करवाया गया। निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता की दिशा में प्रेरित करता हैं। प्राचार्य कैलाश कुमार एवं उप प्राचार्या पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा विद्यालय में बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए तरह-तरह की क्रियाकलाप कराए जाते हैं। ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके। मौके पर बी.एम.मेमोरियल स्कूल के उपनिर्देशक पिंटू कुशवाहा, विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, ब्रह्मदेव सिंह चौहान, आनन्द राज, सुमित कुमार, महेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश कुमार दास, सोनू कुमार, कृष्ण यादव, राजेश कुमार, ऋषभ अग्रवाल, अंजनी कुमारी, सावित्री टुडू, रेखा कुमारी, अन्नीदिता दास, विकास ठाकुर, सुभाष प्रसाद, रंजन कुमार, आदित्य कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कला को जीने की कला सीखाते हैं कला शिक्षक ललन यादव



**बरही :** बरही रांची में आयोजित गार्गी सम्मान 2025, बनारस में आयोजित कल सम्मान और अपने जीवन के रंगों को बच्चों के जीवन में उतरने वाले डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के कला शिक्षक ललन यादव को विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा सोहराय कला, गंधार शैली की कला और मथुरा शैली की कला के साथ-साथ झारखंड के आदिवासियों और लोक जनजीवन में व्यापक रूप से पाए जाने वाली कला को जीवंत रूप प्रदान करने में इनका महत्वपूर्ण स्थान है। इनके द्वारा बच्चों को भी कला की अच्छी तालीम दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा सोहराय पेंटिंग को एक नया रूप प्रदान करते हुए कंटेंपरेरी सोहराय के रूप में एक नई कला ईजाद करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः हम सभी को अपनी जन्मभूमि और उसमें पलने वाली भाषा, कला, नृत्य, संगीत को आत्मसात करते हुए उसे अगली पीढ़ी को प्रदान करने की पूरी-पूरी कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे कला को अपने मनोभावों को प्रस्तुत करने का उपयुक्त साधन बनाएं।

### दुबई में ईलाज के अभाव में जूझ रहा प्रवासी मजदूर, सरकार से मदद की लगाई गुहार

**हजारीबाग :** विष्णुगढ़ प्रखंड में विदेश में रोजगार के सपने लेकर गए अलखरी खुर्द निवासी मंगर महतो के 39 वर्षीय पुत्र दशरथ महतो इस वक्त दुबई में बेहद बुरे हालात से गुजर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर केंद्र और राज्य सरकार से मदद की गुहार लगाई है। वीडियो में उन्होंने बताया कि उन्हें पिछले महीने 6 सितंबर 2025 को काम के दौरान उनके आंख में गंभीर चोट लगने से समस्या खड़ी हो गई है। वह शानक्सी कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग ग्रुप कंपनी में काम करता था। कंपनी ना ही उन्हें इलाज करा रही है ना ही उन्हें वेतन दे रही है। जिससे उनके परिवार भी काफी परेशान है और घर पर आर्थिक संकट छा गया है।दशरथ महतो अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य हैं। उसके कंधे पर पूरे परिवार की परवरिश की जिम्मेवारी हैं। उनके घर में उसकी बूढ़े माता-पिता,पत्नी,पुत्र और बेटी रहती है। आर्थिक तंगी के वजह से दशरथ महतो के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और घर में राशन की किल्लत है। परिजनों ने भी राज्य और केंद्र सरकार से मांग की है कि उनके आंख का बेहतर इलाज करवाई जाए और कंपनी के द्वारा बीमा राशि की भी दिलाई जाए। सामाजिक कार्यकर्ता सिकन्दर अली ने सरकार से मदद की अपील की है।

## एक नजर

### झारखंड में ठंड पकड़ने लगी रफ्तार, न्यूनतम तापमान पहुंचा 16 डिग्री

**रांची :** झारखंड में ठंड रफ्तार पकड़ने लगी है। राज्य में न्यूनतम तापमान गिरकर 16 डिग्री के स्तर तक पहुंच गया है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। वहीं राज्य के अन्य जिलों में भी न्यूनतम तापमान में भी मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इनमें लोहरदगा 18.4 डिग्री, रांची 19.9 डिग्री, डाल्टनगंज डिग्री और बोकारो में न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। विभाग के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में शुक्रवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे, लेकिन मौसम शुष्क रहेगा। वहीं शनिवार को राज्य भर में मौसम साफ रहेगा। विभाग के अनुसार राज्य भर में अगले 5 दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव की कोई संभावना नहीं है। 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 34.3 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 16.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 29.7 डिग्री,जमशेदपुर में 33.5, डालटेनगंज में 32.8, बोकारो में 33.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### नंबर प्लेट पर गलत ढंग से नंबर लिखा है तो कार्रवाई होगी

**रांची :** पुलिस अधीक्षक यातायात ने राजधानी रांची में नंबर प्लेट पर गलत ढंग से दर्ज रजिस्ट्रेशन नंबर वाले वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान प्रारंभ किया है। यातायात पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि प्राय: ऐसी शिकायत मिलती रहती है कि मोटर वाहन के मालिकों द्वारा अपने वाहन के नंबर प्लेट पर गलत ढंग से रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज किया गया है। नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ कर वाहन चलाया जा रहा है। इसके बाद ऐसे वाहनों के विरुद्ध 15 अक्तूबर से एक विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के दौरान वाहनों की सघन जांच की जा रही है। गलत ढंग से नंबर प्लेट पर अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई और दंड अधिरोपित किया जा रहा है। इसलिए यातायात पुलिस अधीक्षक ने वाहन मालिकों से प्रोपर ढंग से रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित करा कर ही वाहनों को चलाने का सुझाव दिया गया है। अन्यथा जांच के दौरान गलत पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आठ साल पुराने मुकदमे में मिली राहत दीपिका पांडेय सिंह सहित सभी आरोपी बरी

**रांची :** गुरुवार को न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह समेत सभी आरोपियों को आठ वर्ष पुराने एक मुकदमे में बरी कर दिया। यह मुकदमा वर्ष 2017 में तात्कालीन भाजपा विधायक अशोक भगत द्वारा दर्ज कराया गया था, जिसमें मंत्री सहित कई अन्य लोगों को नामजद किया गया था। खास बात यह रही कि इस मामले में 80 वर्षीय बुजुर्ग और कई युवा भी आरोपी बनाए गए थे। मुकदमे से बरी होने के बाद मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, वर्षों तक लोगों को मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित करने का यह प्रयास भाजपा की उस राजनीतिक सोच को दर्शाता है, जिसमें विरोधियों को झूठे मामलों में फंसाकर दबाव में लाने की कोशिश की जाती है।₹ उन्होंने न्यायालय का आभार जताते हुए कहा,₹सत्य को दबाया जा सकता है, परेशान किया जा सकता है, लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने सत्य को पहचाना और हमें न्याय दिया। यह सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि हर उस निर्दोष व्यक्ति की जीत है जिसे वर्षों तक राजनीतिक कारणों से परेशान किया गया।

# दीपावली और छठ महापर्व को लेकर 17 से चलेंगी 38 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची से विभिन्न शहरों के लिए दीपावली और छठ महापर्व को लेकर शुक्रवार से 38 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। यह जानकारी रांची रेल मंडल के रेलवे परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी)की बैठक में गुरुवार को डीआरएम करूणानिधि सिंह ने दी। डीआरएम हटिया स्थित अपने कार्यालय में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों से बातचीत कर रहे थे। मौके पर डीआरयूसीसी के प्रतिनिधि संजय अखौरी ने यात्री सुविधा से जुडे प्रस्तावों पर चर्चा की और यात्रियों के हित में रांची रेल मंडल से जरूरी प्रयास करने का आग्रह किया। अखौरी ने कहा कि रांची रेल मंडल झारखंड की राजधानी का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए यहां




से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए कनेक्टिविटी को और मजबूत किया जाना जरूरी है। यात्रियों की बढ़ती संख्या और औद्योगिक विकास को देखते हुए नई ट्रेनों की शुरूआत, ठहराव बढ़ाने और कोच सुधार जैसे कदम अब समय की मांग हैं। उन्होंने कहा कि रांची से जयपुर, लखनऊ, वाराणसी, पुरी, धनबाद और दिल्ली के लिए सीधी या विस्तारित ट्रेन सेवाएं शुरू होने से आम यात्रियों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। रेल यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, स्टेशन स्तर पर भी सुविधाओं की समीक्षा और समय-समय पर सुधार कार्य होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को फिर से रियायत देना, दिव्यांग यात्रियों के लिए स्टेशन पर निःशुल्क सुविधाएं बहाल करना और कुलियों की कमी दूर करना यात्रियों के प्रति रेल प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाएगा। उन्होंने का कि हम यात्रियों की मांग को पूरा होने तक मजबूती से उठाते रहेंगे। चेंबर ने रांची नई दिल्ली गरीब रथ का ठहराव टुंडला स्टेशन पर करने, रांची आनंद विहार टर्मिनल का विस्तार जयपुर, रांची से लखनऊ वाया अयोध्या सीधी ट्रेन, गंगा सतलज का विस्तार धनबाद से रांची तक करने, हटिया सांकी का विस्तार हजारीबाग टाउन तक, रांची नई दिल्ली राजधानी का परिचालन पूर्व की भांति सप्ताह में दो दिन वाया बरकाकाना मार्ग से, रांची से हावडा वाया बरकाकाना-हजारीबाग-कोडरमा मार्ग से नई ट्रेन का परिचालन, रांची वाराणसी वंदे भारत का परिचालन सप्ताह में तीन दिन वाया बरकाकाना हजारीबाग से करने का सुझाव दिया। साथ ही यात्रियों की असुविधा को देखते हुए शक्तिपुंज एक्सप्रेस की समय सारणी में बदलाव का आग्रह किया गया। साथ ही हटिया बंगलुरू के मध्य रोजाना सुपरफास्ट-वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत करने का आग्रह किया गया। यह भी सुझाया गया कि ट्रेनों के पुराने एलएचबी कोच और सभी अन्य कोच में समय-समय पर बेसिन, इंजन रूम की फिटिंग, मोबाइल चार्जर के प्वाइंट की जांच और मरम्मती आवश्यक है। डीआरएम करूना निधि सिंह ने झारखंड चेंबर की ओर से दिये गये सुझावों के अनुरूप रांची से लखनऊ, अयोध्या ट्रेन के परिचालन, धनबाद सतलज का विस्तार रांची तक करने, रामगढ़ क्षेत्र के यात्रियों की मांग पर विचार करने और आनंद विहार टर्मिनल का विस्तार जयपुर तक करने के लिए सहानभूतिपूर्वक विचार के लिए आश्वस्त किया।

# किसान नई तकनीक से करें खेती सरकार देगी पूरा साथ : कृषि मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विश्व खाद्य दिवस के मौके पर झारखंड की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों से कहा कि वे नई तकनीक से खेती करें ताकि उनकी कमाई बढ़े और वे आत्मनिर्भर बनें. मंत्री ने कहा कि किसान हर हफ्ते एक दिन प्रखंड कार्यालय जरूर जाएं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी मिले और वे उसका लाभ उठा सकें। वे आईसीएआर गढ़खटंगा में आयोजित किसान गोष्ठी और इनपुट वितरण कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस कार्यक्रम में महिला किसानों को सम्मानित किया गया और उन्हें बीज दिए गए। मंत्री ने कहा कि हमें यह देखना चाहिए कि हम जो भोजन खा रहे हैं, वह



कितना स्वस्थ और सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि ज्यादा रासायनिक खाद डालने से मिट्टी कमजोर होती है और लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ता है। मंत्री ने बताया कि आईसीएआरऔर बीएयू जैसे संस्थान खेती में लगातार नई तकनीक पर काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में किसानों को धान की नई किस्म भी दिखाई गई। इसके बाद मंत्री आईएचएम ब्रांबे में आयोजित 'मिलेट फेस्ट 2025' में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि अब लोग मोटे अनाज (मिलेट) जैसे मड़ुआ को बहुत पसंद कर रहे हैं क्योंकि यह पौष्टिक और स्वादिष्ट है। पहले झारखंड में 20 हजार हेक्टेयर में मड़ुआ की खेती होती थी, अब यह बढ़कर 90 हजार हेक्टेयर हो गई है। सरकार प्रति एकड़ 3 हजार रुपये की मदद दे रही है। मंत्री ने बताया कि राज्य में जल्द ही मिलेट कैफे शुरू करने की योजना है ताकि किसानों को बेहतर बाजार मिल सके। शिल्पी नेहा तिर्की सोशल अल्फा संस्था के कार्यक्रम में भी शामिल हुईं, जो स्टार्टअप और नए विचारों को बढ़ावा देती है। यह संस्था नई चीजों को बाजार तक पहुंचाने में किसानों की मदद करती है। मंत्री ने कहा कि खेती में कई चुनौतियां हैं, लेकिन भोजन के बिना जीवन नहीं चल सकता। हमारे किसानों की मेहनत से ही सबकी थाली में खाना आता है। कार्यक्रम में विशेष सचिव गोपाल जी तिवारी, आईसीएआर निदेशक सुजय रक्षित, बीएयू कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे, नाबार्ड डीजीएम गौरव कुमार और कई अधिकारी व किसान मौजूद थे।

### आज से लाभुकों के खाते में आएगी मंईया सम्मान की राशि

**रांची :** दीपावली से पूर्व राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खाते में पैसा भेजने का निर्देश दिया है। इसके लिए सामाजिक सुरक्षा विभाग ने सभी जिलों को 1276.4 करोड़ की राशि भेज दी है। जिला कोषागारों को दिए गए निर्देश में शुक्रवार से मंईया सम्मान योजना के लाभुकों के खाते में पैसा भेजने का निर्देश दिया गया है। मालूम हो कि 20 अक्टूबर को दीपावली का त्योहार है। 17 से 19 अक्टूबर के बीत राज्य की लगभग 51 लाख लाभुकों के खाते में मंईया सम्मान की राशि भेज दी जाएगी। मालूम हो कि पहले भी राज्य सरकार ने रक्षा बंधन, करमा पूजा, दुर्गा पूजा से पहले लाभुकों को उनके खाते में राशि ट्रांसफर कर दी थी। ताकि त्यौहार के समय उन्हें इसका लाभ मिल सके।

# फूड सेफ्टी अफसर सहित अन्य पदों पर जल्द पूरी करें नियुक्ति प्रक्रिया : उच्च न्यायालय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** दूध सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) सचिव हाजिर हुए। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार को फूड सेफ्टी ऑफिसर सहित अन्य पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्दी पूरी करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि फूड सेफ्टी ऑफिसर, फूड एनालिस्ट, लैब टेक्नीशियन




सहित अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सिर्फ कुछ औपचारिकता ही बची थी। इन पदों को लेकर जल्द रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। अदालत ने महाधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद इस जनहित याचिका को निष्पादित कर दिया। दरअसल, पिछली सुनवाई में अदालत को बताया गया था कि जेपीएससी ने वर्ष 2023 में विज्ञापन निकाला था। परीक्षा आयोजित कर ली गई है, लेकिन शैक्षणिक अर्हता एवं समकक्ष शैक्षणिक अर्हता के मुद्दे पर एक समिति गठित की गई है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद रिजल्ट जारी किया जाएगा। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि इतने दिनों तक इन पदों को रिक्त रखने का औचित्य क्या है। रिजल्ट प्रकाशित किया जाना चाहिए था। अदालत ने मामले में जेपीएससी सचिव को तलब किया था। मामले में अधिवक्ता पीयूष पोद्दार ने पैरवी की। वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में समाचार में दूध में मिलावट की प्रकाशित खबर को झारखंड उच्च न्यायाल ने गंभीरता से लेते हुए उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया।

# एसीबी ने रांची के सिटी डीएसपी के रीडर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रांची के सिटी डीएसपी के रीडर को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दहेज उत्पीड़न के एक मामले को लेकर रीडर द्वारा 40 हजार रिश्वत की मांग की जा रही थी। एसीबी मुख्यालय के अनुसार मिथुन कुमार नाम के एक व्यक्ति ने एसीबी को आवेदन के जरिये यह सूचना दी थी कि रांची के सिटी डीएसपी के रीडर सुनील पासवान के जरिये दहेज उत्पीड़न के मामले में 40 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। मिथुन ने लिखित आवेदन में यह बताया था कि उसके बड़े भाई जितेंद्र कुमार जो वनरक्षी हैं, उनके विरुद्ध रांची के चुटिया थाना में दहेज प्रतिषेध अधिनियम दर्ज कर उन्हें आरोपित बनाया गया है। इस कांड में आवेदक के बड़े



भाई का नाम केस से हटाने और केस को हल्का करने की एवज में रीडर के जरिये 40 हजार रुपये की मांग की गई। आवेदक रिश्वत देकर किसी भी तरह से कोई काम करवाना नहीं चाहता था। एसीबी ने जब मामले की जांच की तो मामले को सत्य पाया। रीडर के जरिये आवेदन कर्ता की ओर से 25 हजार देने की बात पर सहमति बनी। एसीबी के इशारे पर जैसे ही आवेदक के जरिये रीडर को 25 हजार दिए गए, उसे रंगेहाथ रांची सिटी डीएसपी के कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया।

# हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारे गर्व की प्रतीक है हिन्दी : निलेंदु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की ओर से राजभाषा माह 2025 के समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को दरभंगा हाउस स्थित सीसीएल मुख्यालय के गंगोत्री में किया गया। समारोह में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और इसके प्रति समर्पण की भावना का प्रदर्शन देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि निलेंदु कुमार सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, सीसीएल, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार और पूर्व विभागाध्यक्ष (हिंदी विभाग), रांची विश्वविद्यालय डॉ नागेश सिंह मौजूद थे। इस अवसर पर डॉ नागेश्वर सिंह को सीसीएल



राजभाषा सम्मान - 2025 से विभूषित करते हुए अभिनंदन-पत्र और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) शंकर नागाचारी और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार एवं सीसीएल के कर्मी सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र तथा अभिभावक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय ठाकुर ने संबोधित किया। कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन समारोह में राजभाषा माह -के दौरान सीसीएल के कार्मिकों के मध्य आयोजित टिप्पण-आलेखन, अनुवाद, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी), यात्रा-संस्मरण, हिंदी टंकण प्रतियोगिता जैसी नियमित प्रतियोगिताओं के अलावा प्रतिभा से पहचान, राजभाषोत्थान एवं रंगोत्सव - हिंदी के रंग जैसी नवाचारी प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, रांची के विभिन्न 23 स्कूलों के बीच आयोजित अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में निराला-कृत राम की शक्ति पूजा पर आधारित नृत्य-नाटिका तथा धर्मो रक्षति रक्षितः और हिन्दी हैं हम जैसी सजीव सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भाषा, संस्कृति और समरसता के आदर्श को मूर्त रूप देते हुए हिन्दी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता जताई गई। इस अवसर पर सीसीएल, सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारे गर्व का प्रतीक है। सीसीएल में राजभाषा के प्रति यह समर्पण हमारे सामूहिक प्रयासों और भाषा के प्रति सम्मान को दशार्ता है। हमारा उद्देश्य हिंदी को न केवल कार्यकुशलता का माध्यम बनाना है, बल्कि इसे जन-जन के दिल से जोड़ना भी है। समारोह का मंच संचालन सुगंधा वर्मा, वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन) और मोहित जैन वरीय प्रबंधक (प्रणाली) ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मिला आदिवासी सरना विकास समिति का शिष्टमंडल, सौंपा ज्ञापन



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति के एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान समिति ने राज्यपाल को अवैध धर्मांतरण की गतिविधियों से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम चान्द, थाना तुपुदाना, पंचायत हरदाग, प्रखण्ड नामकुम में पिछले एक वर्ष से बिना किसी स्थानीय या जिला प्रशासन की अनुमति के झारखण्ड महाअभिषेक चर्च द्वारा टेंट पंडाल लगाकर यह दावा किया जा रहा है कि प्रभु यीशु के नाम पर प्रार्थना करने से अंधा, लंगड़ा, बहरा, गुंगा, महामारी, एड्स इत्यादि गंभीर बीमारियां ठीक हो सकती हैं। समिति ने आरोप लगाया कि इसी बहाने गुप्त रूप से लोगों को धर्मान्तरण करवाया जा रहा है। शिष्टमंडल ने कहा कि इस तरह के आयोजन अन्य स्थानों पर भी किए जा रहे हैं। शुभ संदेश एवं प्रार्थना सभा द जिजस इज लाईफ चर्च मैदान, अनगड़ा में 20 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। झारखंड रिवाइवल मिटिंग-2025 एच.ई.सी., धुर्वा, प्रभात तारा मैदान में 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। झारखंड प्रार्थना महोत्सव गुमला बहमनी, ऐरो ड्राम मैदान गुमला में 15-17 अक्टूबर को आयोजित हो रहा है। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से इस तरह की गैरकानूनी एवं अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाली प्रार्थना सभाओं पर रोक लगाने और उचित कार्रवाई के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### कचरा प्रोसेसिंग प्लांट मामले में उच्च न्यायालय ने रांची नगर निगम से मांगा जवाब

**रांची :** राजधानी रांची में आईटीआई बस स्टैंड के पीछे लोहा सिंह मार्ग पर रांची नगर निगम की ओर से बन रहे कचरा प्रोसेसिंग प्लांट मामले पर झारखंड उच्च न्यायालय ने गंभीरता दिखाते हुए इसपर स्वत: संज्ञान लिया है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को जनहित याचिका में बदला है। अदालत ने गुरुवार को मामले में रांची नगर निगम से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव उपस्थित थे। अगली सुनवाई 13 नवंबर को होगी। उल्लेखनीय है कि इससे संबंधित रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी खबर के आधार पर कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। मामला प्रकाश में आने के बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आईटीआई बस स्टैंड के पीछे बन रहे नगर निगम के कचरा प्रोसेसिंग प्लांट के निकट गए थे और वहां के स्थानीय लोगों से मुलाकात भी की थी। इसके बाद संजय सेठ ने कहा था कि मोहल्ले में कचरा प्रोसेसिंग प्लांट बनाया जाना गलत है। इसे यहां नहीं बनाया जाए।

### कामगारों के पीएफ में मासिक भुगतान की व्यवस्था करे एचईसी : लीलाधर



**रांची :** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन की ओर से गुरूवार को धुर्वा स्थति युनियन कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता गिरीश कुमार चौहान ने की। इस अवसर पर यूनियन के महामंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय सचिव लीलाधर सिंह ने कहा कि एचईसी में लगातार होनेवाले हड़ताल, आंदोलन के चलते उत्पादन में गिरावट आई है। लेकिन वित्तीय संकट आने के बावजूद दीपावली और छठ जैसे महापर्व पर यदि एचईसी के कर्मियों 15 दिनों का वेतन दिया जा रहा है तो यह कम नहीं है। हालांकि कर्मियों की मेहनत और खर्चे को देखते हुए यह वेतनमान बहुत कम है। लीलाधर ने कहा कि अब प्रबंधन को अपने कामगारों के पीएफ में मासिक भुगतान की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 18 बैच के तकनीक कामगारों की प्रोन्नति 2018 से हो इसका ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि कुछ तकनीक कारणों से इसमें देरी हो रही है, लेकिन डरने कि बात नहीं है। सिंह ने कहा कि ठेका कामगारों के पे-स्लिप में पीएफ, ईपीएफ, सीपीएफ सब कुछ सुरक्षित है। लेकिन कुछ ठेका कामगारों का जुलाई 2025 का वेतन भुगतान नहीं हुआ। इसे लेकर यूनियन की प्रबंधन से बात हो रही है। जल्द ही हर समस्याओं का समाधान होगा। वहीं यूनियन ने प्रबंधन से मांग करते हुए कहा कि सेंट थॉमस और कैम्ब्रियन स्कूल में एचईसी कर्मियों के बच्चों को रियायत दर पर पढ़ने कि सुविधा मुहैया कराई जाए। एचईसी से बाहर रांची प्रबंधन शहर के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को फीस का अग्रिम राशि का भुगतान करे। बैठक में भोला साव, दिलीप कुमार, राजेन्द्र कान्त महतो, खुर्शीद आलम, दिलीप सिंह, धनन्जय श्रीवास्तव, राममोहन बैठा, रमेश चन्द्र पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।

### झामुमो ने चुनाव आयोग से की विशेष अनुमति की मांग, हेमन्त सोरेन होंगे स्टार प्रचारक

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति ने आसनसोल घाटाल विधानसभा उपचुनाव 2025 में पार्टी के प्रचार के लिए चुनाव आयोग से विशेष अनुमति मांगी है। पार्टी की ओर से महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त,




भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि लोकतंत्र प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 (1) के तहत पार्टी के केंद्रीय स्तर के नेताओं को स्टार प्रचारक के रूप में अनुमोदन प्रदान किया जाए। इस सूची में पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो अध्यक्ष हेमंत सोरेन का नाम प्रमुख रूप से शामिल है। पार्टी ने बताया कि सोरेन झारखंड राज्य के घाटाल विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। साथ ही स्टार प्रचारकों की सूची में महुआ माजी, मिथिलेश ठाकुर, विनोद कुमार पांडेय, जोबा मांझी, दीपक बिरुआ, सरीन मोरांडी, मनोज कांडुलना, विक्रम मुंडा, हदसे मुर्मू सहित कुल 40 नेताओं के नाम शामिल हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि सभी स्टार प्रचारक पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में सीमित क्षेत्र के भीतर ही प्रचार कार्य करेंगे और उनके उपयोग किए जाने वाले वाहनों के लिए आवश्यक अनुमति प्रदान की जाए। झामुमो ने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया है कि उपचुनाव के दौरान पार्टी के स्टार प्रचारकों को प्रचार कार्य की स्वीकृति जल्द से जल्द प्रदान की जाए ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।

## एक नजर

### भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया दिवाली और छठ का उत्सव

**बोकारो**: समृद्ध भारतीय संस्कृति और परंपरा को बनाए रखने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल चास, बोकारो ने आज गुरुवार को स्कूल परिसर में एक जीवंत विशेष सभा का आयोजन कर भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ दिवाली और छठ का उत्सव मनाया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने एक प्रभावशाली सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रकाश के पर्व दिवाली और प्रकृति व सूर्य के प्रति समर्पण और कृतज्ञता के पर्व छठ का आनंद लिया। पूरा विद्यालय परिसर उत्सव की भावना और श्रद्धा से सराबोर था।
कार्यक्रम की शुरूआत भक्ति गीत के सुरीले गायन से हुई, जिसने पूरे वातावरण में एक आध्यात्मिक स्वर स्थापित कर दिया। बुराई पर अच्छाई की विजय पर आधारित गीतों ने सभी को रोमांचित कर दिया। विद्यार्थियों ने छठ गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा-नर्सरी से पाँचवीं के विद्यार्थियों ने भी समान रूप से मनमोहक प्रदर्शन के साथ त्योहार मनाया। कक्षा-नर्सरी के विद्यार्थियों द्वारा प्रकाश के त्योहार का स्वागत करते हुए एक मनमोहक समूह नृत्य ने एक चुंबकीय प्रभाव पैदा किया।
कार्यक्रम के अंत में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अंतर्सदन अंग्रेजी वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, स्पेल बी, हिंदी तथा अंग्रेजी समूह कविता पाठ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए बहुमुखी प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। सर्वोत्तम कक्षा का पुरस्कार तथा उत्कृष्ट नेतृत्व पुरस्कार भी दिए गए।

### मेडिकेंट हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप, बजरंग सेना प्रदेश अध्यक्ष शशि सम्राट ने की जांच की मांग

**बोकारो** : पूर्वी झारखंड के सबसे बड़े निजी अस्पतालों में शामिल मेडिकेंट हॉस्पिटल एक बार फिर विवादों में है। हाल में इलाज के दौरान हुई एक आदिवासी महिला की मौत पर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है ।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बजरंग सेना झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा युवा नेता शशि सम्राट ने कहा कि मेडिकेंट हॉस्पिटल आधुनिक सुविधाओं और अनुभवी डॉक्टरों की उपलब्धता के दावे के साथ खोला गया था, लेकिन लगातार मरीजों की मौत यह साबित करती है कि अस्पताल इलाज से ज्यादा पैसे उगाही का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर को भी एक महिला की मौत के बाद बवाल हुआ था, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया। शशि सम्राट ने सवाल उठाया कि जब मरीज की हालत संभालने लायक नहीं होती, तो उसे दूसरे अस्पताल में रेफर क्यों नहीं किया जाता।

# लोक गीत और नृत्य के साथ चिन्मय विद्यालय में मनाया गया दीवाली और छठ महापर्व

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : दीपावली और छठ महापर्व के रंग में पूरा शहर रंग चुका है। चिन्मय विद्यालय, बोकारो में दीवाली और छठ के उपलक्ष में कक्षा प्री नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्पेशल एसेंबली का आयोजन किया गया। इस खास एसेंबली में विद्यालय के अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय और सचिव महेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। एसेंबली में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और एक छोटे नाट्य रुपांतरण की प्रस्तुति दी। छोटे बच्चों को पारंपरिक पोशाक में देखकर सभी का मन हर्षोल्लास से भर गया। अलग-अलग विंग के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग एसेंबली आयोजित



की गई। छठ महापर्व के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों ने एक नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही, विद्यार्थियों ने प्रदूषण रहित दीवाली मनाने के लिए भी संदेश देते हुए एक खास नाटक की प्रस्तुति दी। इसके बाद कुछ छात्राओं ने दीपावली के त्योहार पर आधारित खास संगीत प्रस्तुत किया। कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों ने छठ पूजा का एक भावपूर्ण गीत जोड़े-जोड़े फलवा प्रस्तुत किया, जिससे स्वामी तपोवन हॉल भक्ति से भर गया। इसके बाद, तीसरी और चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने दिवाली की प्रासंगिकता पर एक सार्थक नाटक प्रस्तुत किया, जो अंधकार पर प्रकाश का संदेश देता है। चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने दिवाली के उत्सवी उत्साह का प्रतीक मेले हैं चिरागों के पर एक जीवंत नृत्य प्रस्तुत करके दिया। ₹उगी हे सूरजमल₹ पर एक मनमोहक छठ पूजा नृत्य प्रस्तुति ने आस्था, कृतज्ञता और सांस्कृतिक परंपरा को प्रतिबिंबित किया।

**भारत की संस्कृति और सभ्यता सबसे समृद्ध - बिस्वरूप मुखोपाध्याय**

चिन्मय विद्यालय, बोकारो के अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय ने कहा कि भारत की संस्कृति और इसकी सभ्यता पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा समृद्ध है। उन्होंने कहा कि दीवाली और छठ जैसे बड़े त्योहार लोगों में एकता जगाते हैं। इस विरासत को आगे तक इसी तरह लेकर चलना नई पीढ़ी का काम है और विद्यालय उन्हें भारतीय परंपरा के सभी गुण सिखाता है। राम के अयोध्या वापस आने की खुशी के रूप में मनाई जाती है दीवाली - महेश त्रिपाठी चिन्मय विद्यालय, बोकारो के सचिव महेश त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपरा का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि दिवाली का पर्व भगवान राम के वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटने के उपलक्ष में मनाया जाता है। ये बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा द्वितीय से लेकर बारहवीं तक के छात्र छात्राओं के साथ साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाए भी उपस्थित थे।

## बालीडीह पुलिस की कार्रवाई : दो फरार अभियुक्त गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बालीडीह थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पहला मामला दिनांक 03 मार्च 2024 का है, जब कुमीर्डीह नगड़ा टोली में एक व्यक्ति से चार असामाजिक तत्वों ने मारपीट कर उसकी मोटरसाइकिल और नकदी छीन ली थी। इस संबंध में बालीडीह थाना कांड संख्या 71/24, दिनांक 11.03.24, धारा 341/323/379/427/504/506/34 भा.द.वि. के तहत मामला दर्ज किया गया था। त्वरित कार्रवाई में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर छिनी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली



थी। वहीं, इस घटना में फरार चल रहे प्रकाश बाउरी , पिता स्व. परमा बाउरी, निवासी कुमीर्डीह नगड़ा टोली, को आज 16 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दूसरे मामले में, बालीडीह थाना कांड संख्या 88/24, दिनांक 17.03.24, धारा 138 विद्युत अधिनियम के तहत करीब डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे भरत मंडल , पिता प्रयाग मंडल, निवासी झोपड़ो, को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर बीएसएल द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बीएसएल द्वारा आगामी दीपावली एवं छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए बोकारो टाउनशिप क्षेत्र में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को और अधिक गति प्रदान की गई है। बीएसएल के पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा इस विशेष स्वच्छता अभियान का उद्देश्य टाउनशिप के प्रत्येक क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और उत्सवमय वातावरण प्रदान करना है। यह अभियान नियमित सफाई कार्यों के साथ-साथ सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। टाउनशिप के सभी सेक्टरों एवं सार्वजनिक स्थलों में सफाई मित्रों की समर्पित टीम द्वारा घर-घर से कचरा संग्रहण, सड़कों, गलियों एवं जलाशयों की सफाई का कार्य



पूरी तत्परता से किया जा रहा है। विशेष रूप से छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न तालाबों एवं जलाशयों की सफाई पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल एवं स्वच्छ परिवेश उपलब्ध हो सके। वर्तमान में टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में 650 से अधिक डस्टबिन स्थापित हैं, जिनके माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन 100 से अधिक डस्टबिनों की सफाई एवं निकासी की जा रही है। इसके साथ ही बाजार क्षेत्रों, पूजा स्थलों, प्रमुख सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई एवं सजावट कार्य भी किए जा रहे हैं, जिससे टाउनशिप का प्रत्येक कोना स्वच्छता और सुंदरता की झलक प्रस्तुत कर सके।

## मरकच्चो में जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो** : प्रखंड के सभागार कक्ष में गुरुवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल गुणवता से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो हुलास महतो की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मरकच्चो प्रखंड के सभी पंचायत के गांव की जल सहिया उपस्थित थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा जल सहिया दीदी के बीच FTK का वितरण किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी जलसहिया को सभी ग्राम सभा एवं प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया । मरकच्चो प्रशाखा के कनीय अभियंता जहेंद्र भगत के द्वारा segration shed के बारे में सभी जलसहिया को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। मौके पर मुकेश कुमार, प्राकलक,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल भी उपस्थित रहे।water quality manager राम पुकार जी के द्वारा सभी जलसहिया को अपने-अपने ग्राम के सोर्स एवं ,surface water, ground water, pipe water FTKकिट से जांच कर WQMIS में एंट्री करना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर उपस्थित जिला समन्वयक MIS चद्रदीप ठाकुर के द्वारा झार जल स्त्रस्त्र के द्वारा सभी चापानल का pp में upload करने के विस्तार पूर्वक बताया गया ।कनीय अभियंता जहेंद्र भगत ,ब्लॉक वास कोऑर्डिनेटर शिवम कुमार पाण्डेय, क्वालिटी मैनेजर रामपुकर प्रसाद, टेक्निकल मैनेजर पंकज कुमार उपस्थित थे। FTK किट से डेमो द्वारा जल जांच करने की विधि विस्तार पूर्वक बताया गया एवं हदटक्र में एंट्री करने के लिए भी बताया गया।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में एपीजे अब्दुल कलाम जयंती समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमो** : सतपुलिया स्थित ग्रिजली पब्लिक स्कूल में एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती बड़े ही सिद्यत के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. कलाम के छायाचित्र पर फूल अर्पित करके की गई। इनके जयंती के अवसर पर छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और डॉ. कलाम के जीवन और कार्यों से प्रेरणा ली। कक्षा छः के छात्रों ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर: आशी अग्रवाल ने डॉ. कलाम के जीवन और कार्यों पर प्रभावशाली भाषण दिया। इशानी केडिया ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से डॉ. कलाम के जीवन और उपलब्धियों को दशार्या। महिमा ने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में भाग लेकर डॉ. कलाम के जीवन और कार्यों के बारे में जानकारी दी। नित्या ने एंकरिंग के माध्यम से कार्यक्रम को



सफलतापूर्वक संचालित किया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने डॉ. कलाम के जीवन और कार्यों से प्रेरणा ली और उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित हुए। विद्यालय की प्राचार्या नीरजा ने एपीजे अब्दुल कलाम के बारे में कहा कि वह एक महान वैज्ञानिक, शिक्षक और देश के लिए प्रेरणा स्रोत थे। उनके जीवन और कार्यों ने हमें सिखाया है कि कठिन परिश्रम, समर्पण और देशभक्ति से हम अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बोकारो के गोमिया प्रखंड में बाल विवाह बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता सत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो जिला अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड गोमिया के सभागार में सहयोगिनी तथा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के तहत बाल विवाह, बाल तस्करी और बाल मजदूरी जैसे गंभीर विषयों पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो ने की। उन्होंने बाल विवाह को एक सामाजिक दुष्परिणाम बताते हुए इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी एलएस को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चलाना अनिवार्य सुनिश्चित करें। अंचल अधिकारी आफताब आलम ने बाल तस्करी के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की। उन्होंने उपस्थित लोगों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 और बच्चों के लिए समर्पित चाइल्डलाइन नंबर 1098 के महत्व के बारे में भी बताया। सीओ ने सभी पंचायत सदस्यों को अपने कार्यक्षेत्रों में बाल तस्करी, उत्पीड़न और बाल मजदूरी की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर गोमिया की प्रमुख प्रमिला चौड़ा ने बाल मजदूरी के खिलाफ सघन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। इस दौरान सभी ने बाल विवाह की रोकथाम पर शपथ ग्रहण भी किया। कार्यक्रम को सहयोगिनी के समन्वयक रवि कुमार राय ने संबोधित करते हुए कहा कि संस्था के द्वारा बोकारो जिले में बाल विवाह , बाल यौन हिंसा तथा बाल तस्करी के खिलाफ सघन रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत - 1/25 राष्ट्रीय शिविर के 11वें दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : बिहार एन्ड झारखंड एनसीसी निदेशालय के तत्वावधान में, ग्रुप हेड क्वार्टर हजारीबाग के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एस. गोपीकृष्णन के मार्गदर्शन तथा 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार के सशक्त नेतृत्व में आयोजित 12 दिवसीय एक भारत श्रेष्ठ भारत - 1/25 राष्ट्रीय शिविर के 11वें दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम का शुभ आरंभ मिसेज मनोज ठाकुर हेड ऑफ द प्रोजेक्ट कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शिविर में भारत के पांच प्रमुख राज्यों



- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड से आए 601 एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया, जिनकी प्रस्तुतियों ने भारत की सांस्कृतिक एकता, राष्ट्रीय एकात्मता और युवा शक्ति के आत्मविश्वास को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार-झारखंड एनसीसी निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल एनसीसी ब्रिगेडियर अभिजीत शर्मा, जिन्होंने कैडेट्स की प्रतिभा, समर्पण एवं अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ह्यभारत की विविधता में एकता ही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है और एनसीसी जैसी संस्थाएं इस भावना को जीवित रखती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर एस. गोपीकृष्णन , कैंप कमांडेंट मनोज ठाकुर, हेड ऑफ प्रोजेक्ट, कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन सुखमयो नायक, डिप्टी जनरल मैनेजर, केटीपीएस डॉ. अयोध्या कुमार, प्राचार्य, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कोडरमा लेमांशु कुमार, सिटी मैनेजर, नगर पालिका झुमरी तिलैया सभी अतिथियों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कैडेट्स ने ग्रुप सॉन्ग, ग्रुप डांस, सोलो डांस व सोलो सॉन्ग के माध्यम से विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृतियों, परंपराओं एवं देशभक्ति को मंच पर सजीव किया। इनके प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे आयोजन स्थल को देशभक्ति, समरसता और सांस्कृतिक सौहार्द के रंग में रंग दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, अवैध शराब व तंबाकू उत्पादों के विरुद्ध कार्रवाई



**कोडरमा**: जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। उपायुक्त ऋतुराज के निदेर्शानुसार अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलाए जा रहे हैं। सतगांवा थाना क्षेत्र के कोठियार के जंगल में अवैध शराब भट्ठी तथा जावा महुआ को नष्ट किया गया। जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चुटियारो की झाड़ियों में संचालित अवैध शराब भट्ठी का विनष्टीकरण किया गया। इसके अलावा, डोमचांच थाना क्षेत्र में नगर पंचायत के सिटी मैनेजर एवं अन्य कर्मियों के सहयोग से संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान डोमचांच बाजार में झारखंड म्युनिसिपल एक्ट के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालान काटा गया। साथ ही, डोमचांच थाना अंतर्गत विभिन्न दुकानों में छापेमारी कर सिगरेट एवं तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर COTPA के तहत कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया गया। जिला प्रशासन की यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

### कौशल उन्नयन योजना के तहत लाह चूड़ी निर्माण के क्षेत्र में ग्रामीण महिलाएं ले रही है प्रशिक्षण



**मरकच्चो** : मरकच्चो प्रखंड के नावाडीह पंचायत में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची तथा छोटा नागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में कौशल उन्नयन योजना के तहत 25 दिवसीय लाह चूड़ी निर्माण के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार की लाह की आकर्षक चूड़ियां बनाने उसमें मोतियां बैठाने,विभिन्न प्रकार की रंगों की डिजाइन वाली चूड़ियां बनाने तथा इसकी मार्केटिंग करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल उन्नयन योजना इन सभी प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीण महिलाओं को उन्हें स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा उनके आय के स्रोत में वृद्धि करने तथा उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक सोपान का काम करेगी। उक्त जानकारी प्रखंड उद्यमी समन्वयक लेखराज कुमार के द्वारा दी गई।

### भारतीय स्टेट बैंक का दो दिवसीय दिवाली लोन मेला का किया आयोजन



**बोकारो** : भारतीय स्टेट बैंक बोकारो स्टील सिटी, सेक्टर 4 शाखा के समक्ष दीपावली और छठ पुजा के पूर्व मेगा लोन मेला का आयोजन किया गया है। सभी सम्मानित ग्राहकों को आसान और किफायती ऋण सुविधा प्रदान करने हेतु 16 एवं 17 अक्टूबर को दो दिवसीय मेगा कार एवं गृह ऋण मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन धनबाद अंचल के उप महाप्रबंधक श्री विजय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विजय कुमार ने कहा कि यह मेला शहर वासियों के लिए एक अवसर की तरह है जो भारतीय स्टेट बैंक द्वारा इस त्योहारी मौसम में ग्राहकों के सपनों को उड़ान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। लोन मेले में शहर के सभी प्रतिष्ठित बिल्डर्स और कार डीलर द्वारा अपने स्टाल लगाए गए हैं। बोकारोवासियों के लिए सुनहरे अवसर के रूप में एक ही छत के नीचे सपनों का घर, पसंदीदा कार, टेस्ट ड्राइव, साइट विजीट, त्वरित ऋण निष्पादन आदि सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। यहां स्वीकृत होने वाले ऋण धारकों को शून्य प्रोसेसिंग शुल्क और विभिन्न ऋणों पर आकर्षक ब्याज दर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मेले में भारतीय स्टेट बैंक के सभी शहरी शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। बोकारो के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा ने लोगों से अधिक संख्या में ऋण मेले में आकर लाभान्वित होने की अपील की। सिन्हा ने कहा कि ग्राहकों को ऋण संबंधी हर जानकारी व सहायता के लिए समर्पित मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए हैं।

### ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो की बैठक में डॉ. श्रीकृष्ण सिंह जयंती की तैयारी



**बोकारो**: गुरुवार को ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो की बैठक सेक्टर-4, सी-2068 स्थित राजीव कुमार राय के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजीव कुमार राय ने की। इसमें 21 अक्टूबर, मंगलवार को दोपहर 3 बजे सेक्टर-4 स्थित श्रीकृष्ण सिंह प्रतिमा स्थल पर आयोजित डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह की 138वीं जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस कार्यक्रम की सूचना अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाई जाए। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों के कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बलिडीह क्षेत्र की जिम्मेदारी दीपक मिश्रा को, चास क्षेत्र की अनुरंजन शर्मा और मदन सिंह को, चीरा चास क्षेत्र की रामविलास सिंह और राधेश्याम सिन्हा को दी गई। वहीं सेक्टर-12 के लिए सियाराम शर्मा, सेक्टर-3 के लिए सुधीर सिंह, सेक्टर-4 के लिए पीयूष राय और दीनदयाल शर्मा, सेक्टर-9 के लिए श्याम मनोहर सिंह, सेक्टर-5 एवं 6 के लिए नरेंद्र कुमार, सेक्टर-1 के लिए अजय कुमार तथा सेक्टर-2 के लिए पंकज कुमार और अनिल कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। दुग्धा व चंद्रपुरा क्षेत्र के संपर्क समन्वय के लिए सुरेश राय को कार्यभार दिया गया ।कार्यक्रम संयोजक कमलेश राय ने कहा कि समाज की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर कार्यकर्ता लोगों से संपर्क करे ताकि समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहे।

# सरायकेला में राज्यपाल ने 34वें वार्षिक यूरोलॉजी सम्मेलन का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को (Jharkhand Urology Society (East Zone Chapter of Urological Society of India)द्वारा होटल वेव इंटरनेशनल, सरायकेला-खरसावां में आयोजित '34वें वार्षिक सम्मेलन' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यूरोलॉजी चिकित्सा की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और विशिष्ट शाखा है, इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि हमारे देश के चिकित्सक इन आधुनिक तकनीकों को आत्मसात कर विश्वस्तरीय उपचार प्रदान कर रहे हैं। राज्यपाल महोदय ने छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में यूरोलॉजिस्ट की कमी को एक गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि इस कारण अनेक मरीजों को उपचार के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक, शारीरिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस चुनौती के समाधान के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों और उन्नत चिकित्सा सुविधाओं को छोटे शहरों तक पहुँचाने के सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। माननीय राज्यपाल ने स्वास्थ्य जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि पथरी, प्रोस्टेट तथा मूत्र संक्रमण जैसी बीमारियां आज आम होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग पथरी के दर्द को सामान्य दर्द समझ लेते हैं और मेडिकल स्टोर से दवा लेकर लोग उपचार करने लगते हैं, जिससे बीमारी बढ़ जाती है और जटिल स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, किसी भी असामान्य लक्षण को हल्के में न लें और समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श ले। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने खानपान और जीवनशैली दोनों के प्रति सतर्क रहना आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ आदतें ही स्वस्थ जीवन का आधार हैं। राज्यपाल महोदय ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में उठाए गए ऐतिहासिक कदमों आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और जन औषधि केंद्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पहल देश के करोड़ों नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में वरदान साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत ही समृद्ध भारत का आधार है। माननीय राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान मानवीयता के भी सर्वोच्च रूप हैं। चिकित्सक समाज के लिए जीवनदायिनी और नई आशा के स्रोत हैं।

## एक नजर

### डीटीओ के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान



**सिमडेगा :** सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग के द्वारा गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। डीटीओ संजय कुमार बाखला के नेतृत्व में चले अभियान में कई वाहनो की जांच की गई। हेलमेट नहीं पहनने वाले, समुचित कागजात नहीं दिखा पाने वाले वाहन चालको से जुमार्ना भी वसूला गया। डीटीओ ने कहा कि यातायात नियमो का पालन करना हम सबों की जिम्मेवारी है।

### बीईईओ राकेश कुमार का भव्य स्वागत शिक्षकों में दिखा उत्साह

चौपारण : हजारीबाग प्रखंड संसाधन केंद्र में पुनः स्थानांतरित होकर आए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार का भव्य स्वागत किया गया। प्रखंड के दर्जनों शिक्षक, सहायक अध्यापक, प्रधानाध्यापक एवं बीआरसी कार्यालय के कर्मियों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। जैसे ही शिक्षकों को यह जानकारी मिली कि राकेश कुमार बीआरसी कार्यालय आ रहे हैं, धीरे-धीरे बड़ी संख्या में शिक्षकगण उनसे मिलने कार्यालय पहुँचने लगे। पूरे माहौल में उत्साह और खुशी का संचार था। आदर्श मध्य विद्यालय चौपारण की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि तीन माह पूर्व राकेश कुमार का स्थानांतरण पलामू हो गया था। तब से चौपारण प्रखंड की शिक्षा व्यवस्था का प्रभार बरही के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के अधीन था।

# चोरों ने तोड़ा ट्रॉली बैग का ताला एक को सहयात्रियों ने पकड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** रेल यात्रा के दौरान चोरी की घटना ने यात्रियों में आक्रोश पैदा कर दिया। धनबाद-औरंगाबाद जा रही गाड़ी संख्या 13305 अप धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक यात्री के ट्रॉली बैग का ताला तोड़ दिया गया। सतर्क सहयात्रियों ने एक संदिग्ध चोर को पकड़ लिया, जिसे जीआरपी धनबाद के हवाले कर दिया गया। पुलिस दूसरे चोरों की तलाश में जुटी है, जबकि शिकायतकर्ता से ताजा शिकायत पत्र और क्षतिग्रस्त बैग मांगा गया है।घटना गुरुवार सुबह करीब 06:21 बजे की है, जब सुरक्षा नियंत्रण कक्ष धनबाद को रेल मदद रेफरेंस नंबर 2025101501130 के माध्यम से सूचना मिली। शिकायतकर्ता अजीत कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ धनबाद से अनुग्रह नारायण रोड जा रहे थे। इंजन के ठीक बाद वाले दूसरे जनरल कोच में यात्रा कर रहे अजीत ने अपना ट्रॉली बैग ऊपरी बर्थ पर रखा और निचली सीट पर बैठ गए।यात्रा के दौरान मतारी स्टेशन के आसपास दो संदिग्ध व्यक्ति उनके बैग के बगल में बैठ गए। कुछ देर बाद शक होने पर अजीत ने उन्हें बैग नीचे रखने को कहा, तो दोनों ने सफाई देते हुए भागने की कोशिश की। बैग चेक करने पर ताला टूटा मिला। गुस्साए सहयात्रियों ने तुरंत कार्रवाई की और 3-4 कोच दूर दौड़कर उनमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए चोर का नाम नटवर मंडल, पिताः योगेंद्र मंडल, निवासीः परीया, थानाः बरियारपुर, जिलाः मुंगेर बताया गया।

## ऑपरेशन सतर्क के तहत लावारिश अवस्था में 8020 रु मूल्य के 22 अदद् विदेशी शराब जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** आगामी त्योहारों के मध्य नजर रेल मार्ग से सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से इन दिनों ऑन ड्यूटी आरपीएफ द्वारा गस्त बढ़ा दी गई है।इसी दौरान रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट हजारीबाग रोड के निरीक्षक प्रभारी के कुशल नेतृत्व में रेलवे प्लेटफार्म संख्या एक व दो मैं अगस्त तथा ट्रेन पासिंग कर रहे उप निरीक्षक लखनदेव सिंह साथ आरक्षी सुरेश चन्द्र मीणा की नजर रात्रि के लगभग 12:30 बजे कालका इंड छोर पर बने यात्री शेड में यात्रियों के बैठने वाले सीट के नीचे पड़ी। जहां भूरे रंग का एक लावारिस बैग रखा हुआ था। जिसके बारे में वहां उपस्थित यात्रियों से पूछताछ किया गया तो किसी ने उक्त बैग पर अपना मालिकाना हक नहीं जताया.तत्पश्चात संदेह गहरा होने पर बैग को चेक किया गया। तो उसमें अंग्रेजी शराब की बोतलें दिखाई दीं। आसपास उपस्थित यात्रियों को स्वतंत्र गवाह बनने हेतु बोला गया। परंतु कोई भी यात्री कानूनी पचड़े में नहीं पड़ने के कारण स्वतंत्र गवाह नहीं बना। तत्पश्चात उपस्थित बल सदस्य आरक्षी सुरेश चन्द्र मीणा के समक्ष बैग को खोलकर चेक किया गया तो उसमें 15 अदद् रॉयल स्टैग प्रीमियर व्हिस्की. प्रत्येक का मूल्य 370/- रूपए एवं प्रत्येक की मात्रा 375 अंकित पाया गया.जबकि 4 अदद् मैक डॉवेल नंबर 1लक्जरी प्रीमियर व्हिस्की प्रत्येक का मूल्य 340/- रूपए एवं प्रत्येक की मात्रा 375 अंकित पाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जिप सदस्य अनूप कुमार पांडे की पहल से चौधरीडीह में फिर जली बिजली



**सरिया :** सरिया प्रखंड के नावाडीह पंचायत अंतर्गत चौधरीडीह टोला में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया था। स्थानीय ग्रामीणों ने इस समस्या की सूचना जिला परिषद (जिप) सदस्य अनूप कुमार पांडे को दी, जिन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया। गुरुवार को विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबे समय से बिजली की समस्या से जूझ रहे चौधरीडीह के निवासियों ने अनूप कुमार पांडे की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की। एक ग्रामीण ने बताया, ट्रांसफार्मर जलने से स्कूल, घर और दुकानें प्रभावित हो गई थीं, लेकिन पांडे जी की मदद से आज ही बिजली आ गई। इस उपलब्धि से न केवल चौधरीडीह बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी सकारात्मक संदेश फैला है। मौके पर स्थानीय पंचायत समिति सदस्य दिनेश्वर दास, बीरेंद्र यादव, महावीर पासवान, चंद्रशेखर यादव, शिवकुमार पासवान, राजेश पासवान, राहुल मोदी, भगीरथ पासवान, नारायण पासवान, मुकेश पासवान, बीरेंद्र साव, अशोक साव, विवेक दास, बबलू पासवान, दिवाकर पासवान, गणेश वर्मा, गणेश मोदी, विजेंद्र मोदी, भुनेश्वर साव, संगम पासवान समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रयास में सहयोग किया और नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभाई। यह घटना ग्रामीण स्तर पर जनप्रतिनिधियों की सक्रियता का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

### सिमडेगा पुलिस ने गोवंशीय पशुओं की तस्करी नाकाम, 12 गायें व पिकअप वैन जब्त



**सिमडेगा :** गुरुवार को समय 06.30 अट बजे पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा गुप्त सुचना प्राप्त हुई कि उड़िसा के तरफ से कुरडेग होकर सिमडेगा एक तरफ एक उजला रंग के महिन्द्रा पिक अप वैन से अवैध रुप से गौवंशीय जानवर को हत्या कर माँस बनाने के नियत से परिवहन किया जा रहा है। सुचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के क्रम में केरसई थाना क्षेत्रन्तर्गत ग्राम किनकेल, चौराटांड, नगड़ी टोली के पास एक सफेद रंग का महिन्द्रा पिक अप वैन रजि न0-JH01FC-5480 ईंजन न0-TTP1D16836, चेचिस न0-MA1RA2TTKP1D40690 में कुल बारह (12) गौवंशीय जानवर क्रुरतापुर्वक रस्सी के सहारे बांध कर लदा हुआ पकड़ा गया। इस संदर्भ में केरसई थाना कांड सं0-30/25, दिनांक- 16.10.25, धारा- 317(5)/3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023, झारखण्ड गौवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम की धारा- 12(1)(2) एवं पशु क्रुरता अधिनियम की धारा-11(D)(F)दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।

### हत्या मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिम सिंहभूम जिले के मझगांव थाना क्षेत्र में हुई चांदमुनी बिरुवा हत्या मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में रितेश पिंगुवा उर्फ रिटु (29), विमा सिंकु (35 ) और कारजी बिरुवा उर्फ नौरु (45 )शामिल है। तीनों गिरफ्तार आरोपितों ने हत्या और शव छिपाने की वारदात को स्वीकार किया है। एसडीपीओ राफेल मुर्मू ने गुरुवार को बताया कि 15 अक्टूबर को मृतक की मां जयराम तिरिया ने अपनी बेटी चांदमुनी बिरुवा (33 वर्ष) के हत्या मामले में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। घटनास्थल और आरोपितों के निशानदेही के आधार पर मृतका का शव नरसंडा नदी के चेक डैम से बरामद किया गया।

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनने पहुंचे विमल किशोर बैठा, दिलाया समाधान का भरोसा



**पटमदा :** घाटशिला प्रखंड के बड़ाजूरी पंचायत अंतर्गत बालीगुमा गांव में ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित समस्याओं को लेकर वरिष्ठ नेता विमल किशोर बैठा से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि झारखंड बने 25 वर्ष हो चुके हैं, कई सरकारें आईं और गईं, परंतु आज तक उनके गांव में पक्की सड़क नहीं बनी। बच्चों को शिक्षा पाने के लिए दूर-दराज जाना पड़ता है, जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा नेता विमल किशोर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को जीत मिलती है, तो गांव की सड़क का निर्माण और बच्चों की शिक्षा की समुचित व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। सभा में लगभग सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे। सभी ने बड़ी ही गंभीरता से विमल किशोर बैठा की बातें सुनीं और समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई। विमल किशोर ने अंत में कहा- आपका विश्वास भाजपा पर बना रहे, चुनाव के बाद हमारा विधायक बना तो आपके गांव की तस्वीर बदली जाएगी।

# विधायक की कार्यशैली से प्रभावित होकर थामा है कांग्रेस का दामन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा के जिलाध्यक्ष बनते ही जिले में कांग्रेस पार्टी का जनाधार बढ़ने लगा है। गुरुवार को विधायक की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनी वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस में शामिल होने वालों में अभाविप के पूर्व जिला संयोजक शशिकांत शाह, विकास कुमार पासवान, पंकज साहू, अरविंद दास, रामनरेश केवट, कुणाल केशरी, गोल्डन डे, उज्वल केशरी, कैलाश कुमार सिंह, पवन बड़ाईक, संजू कुमार, मदन कुमार, सुधीर यादव, आकाश चिक बड़ाईक, बिट्टू कुमार, रोहित साहू और सूरज गोप सहित कई युवा शामिल हैं। सभी का स्वागत विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव सह पूर्व खूंटी लोकसभा प्रभारी सह सिमडेगा विधानसभा प्रभारी डॉ अजय शाहदेव ने फूल-माला पहनाकर और पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद, लखन गुप्ता, शकील अहमद, संतोष सिंह, मनोज जयसवाल, प्रवक्ता रणधीर रंजन, अक्षण खान, तनवीर आलम, शिव केसरी, शीतल तिर्की, निरोज बाड़ा, शीतल एक्का, मो अरमान, सागर केरकेट्टा, अरविंद केरकेट्टा, वाल्टर टोप्पो, अख्तर खान, तिलका रमण, प्रतिमा, अंजली, शाजदा, मुक्ता, जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, प्रमुख सरस्वती देवी, उप प्रमुख सिल्बेस्टर बघवार, सज्जाद अंसारी, असरानी, रोहित शर्मा, संगीता, विनोद यादव, मिथिलेश बड़ाईक, उर्मिला संजय तिर्की, मो अरमान, डॉ इम्तियाज, बजरंग गोयल आदि उपस्थित थे।

### रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से छात्र की मौत

**खूंटी :** कर्रा रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की रात हुए हादसे में छात्र यशराज कुमार (15) की मौत हो गई। यशराज कर्रा स्टेशन निवासी उमेश महतो का पुत्र था। मिली जानकारी के अनुसार हादसा स्टेशन के फाटक के पास हुआ, जब यशराज ट्रेन की चपेट में आ गया। वह रांची के सेंट जेवियर स्कूल, सिठियो में कक्षा नौवीं का छात्र था। बताया जाता है कि हाल के दिनों में वह मानसिक रूप से तनावग्रस्त था, क्योंकि लगभग 20 दिन पहले उसके दादाजी की बीमारी से निधन हुआ था।


**e-Procurement Cell**
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
Ranchi

**CORRIGENDUM**

**e-Procurement Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-31/2025-26 Date:-07.10.25, PR No-363616 Building(25-26).D** Proposed Renovation work of Secretariate Building- Civil work at Hindpiri, Ranchi कार्य के लिए वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि, बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि में कतिपय कारणों से संशोधन किया जा रहा है जिसका विवरणी निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | मद | तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.10.2025 | 18.10.2025 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि | 30.10.2025 | 03.11.2025 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | **31.10.2025** | **04.11.2025** |

शेष सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Special Works Division
Building Construction Department, Ranchi .

PR 364323 Building(25-26)D


# हेमंत सरकार ने पिछड़ा समाज के साथ किया विश्वासघात : आदित्य साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** झारखंड भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने जमशेदपुर महानगर में आयोजित प्रेस वार्ता में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो-कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार राज्य के पिछड़ा वर्ग, जिनकी आबादी लगभग 50% है, उनकी भावनाओं के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने निर्णयों से पिछड़ा समाज को अपमानित कर रही है और राज्य की सामाजिक संरचना को देखते हुए जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय नहीं ले रही है। इससे यह स्पष्ट है कि हेमंत सरकार की नीति और नीयत में भारी अंतर है। गुरुवार को जमशेदपुर के साकची स्थित होटल दयाल इंटरनेशनल में आयोजित प्रेस वार्ता में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, हटिया के विधायक सह विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने 2024 विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में पिछड़ा समाज को 27% आरक्षण देने का वादा किया गया था। इतना ही नहीं, इंडी गठबंधन के संयुक्त संकल्प पत्र में भी यही घोषणा की गई थी। लेकिन सत्ता में आने के बाद जब वास्तव में पिछड़ा वर्ग के हित में निर्णय लेने का अवसर आया, तब ये ठगबंधन के लोग वादे से मुकर गए। आदित्य साहू ने कहा कि 14 अक्टूबर को जब लंबे इंतजार के बाद ट्रिपल टेस्ट के आधार पर नगर निकाय चुनावों में पिछड़ों के आरक्षण का निर्धारण करने का समय आया, तो हेमंत सरकार मात्र 14% पर रुक गई। इससे साफ है कि यह सरकार सिर्फ वोट लेने के लिए बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन उन्हें पूरा करने की नीयत नहीं रखती। आदित्य साहू ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राज्य सरकार ने पिछड़ों की अनदेखी की हो। न्यायालय के निर्देश के बाद ही ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी की गई, अन्यथा पंचायत चुनाव बिना पिछड़ा समाज को आरक्षण दिए ही करा दिए गए थे। उन्होंने कहा कि दरअसल इंडी गठबंधन में शामिल सभी दलों- झामुमो, कांग्रेस और राजद की नीयत पिछड़ा वर्ग के प्रति साफ नहीं है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा**

**''भर्त्ती कैम्प-2025'', -: रिक्ति सूचना :-**

स्थल- जिला नियोजनालय परिसर, कोडरमा दिनांक- 18.10.2025 समय- 10:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 अपराह्न तक

| S.N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification | Age | Pay & Allow. | Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Ramgovind Polytechnic Institute, Karma, Koderma | Electrician | 01 | ITI Pass | 18-40 Yrs. | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| | | Plumber | 01 | ITI Pass | 18-40 Yrs | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| | | Librarian Asst. | 01 | M. Lib | 18-40 Yrs | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| | | Sweeper | 01 | 5th Pass | 18-40 Yrs | As Per Norms. | ----- |
| | | Raj Mistri | 01 | 5th Pass | 18-40 Yrs | As Per Norms. | ---- |
| | | Cook | 02 | 5th Pass | 18-40 Yrs | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| | | Helper | 02 | 5th Pass | 18-40 Yrs | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| 02 | Ramgovind Institute, Karma, Koderma | Assistant Professor | 02 | M.SC ( Physics) | 22-40 Yrs. | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| | | Assistant Professor | 02 | M.Tech (ELE) | 22-40 Yrs. | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| | | Assistant Professor | 02 | M.Tech (CSE) | 22-40 Yrs. | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| | | Assistant Professor | 02 | M.Tech (Chemistry) | 22-40 Yrs. | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| | | Assistant Professor | 02 | M.Tech (Civil) | 22-40 Yrs. | As Per Norms. | 2 Yrs. |
| 03 | Prejha Foundation, Baghitand, Koderma | Gurukul Saathi | 05 | 10th /12th Pass | 20-32 Yrs. | 10000-20000/ Month | Field Exp. |

भर्त्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो भर्त्ती कैम्प से पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय या **www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन स्वंय भी कर सकते हैं। भर्त्ती कैम्प में अभ्यर्थी सभी प्रमाण पत्रों (शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड आवासीय प्रमाण पत्र, निबंधन कार्ड, अनुभव-प्रमाण-पत्र इत्यादि) बायोडाटा, नियोजनालय निंबधन कार्ड एवं 04 पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ दिनांक-18.10.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक जिला नियोजनालय परिसर, कोडरमा में उपस्थित होकर भर्त्ती कैम्प का लाभ उठा सकते हैं।

रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति की शर्तो के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे हैं। भर्त्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा

**PR 364273 Labour Employment and Traning(25-26)#D**

# ब्रह्मपुत्र हाइड्रो प्रोजेक्ट : चीन को भारत का करारा जवाब

वैश्विक राजनीतिक और रणनीतिक परिदृश्य लगातार बदल रहा है। सीमाएँ सिर्फ भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं, वे ऊर्जा, जल और सुरक्षा की दृष्टि से भी अहमियत रखती हैं। ऐसे समय में, जब कोई पड़ोसी देश भारत के लिए दबाव या चुनौती उत्पन्न करता है, जैसे कि चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपरी हिस्से पर बड़े बांध बनाने का कार्य हो, तब प्रतिक्रिया केवल कूटनीतिक बयानबाजी या आलोचना तक सीमित नहीं होनी चाहिए। वास्तविक रणनीति वह है जो दीर्घकालिक, ठोस और आत्मनिर्भर हो। अच?छी बात है कि यही दृष्टिकोण आज भारतीय नीति निमार्ताओं द्वारा अपनाया जाना सामने आ रहा है। चीन की ओर से तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी (स्थानीय नाम यारलुंग जांगबो) के ऊपरी हिस्से में बड़े बांध विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं से भारत के लिए जल प्रवाह में कमी, बाढ़ नियंत्रण में मुश्किलें और संभावित सामरिक खतरे पैदा हो सकते हैं। जल बम के रूप में इनका इस्तेमाल युद्ध की स्थिति में संभव है। इन सभी खतरों को ध्यान में रखते हुए, भारत ने ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन पर लगभग 76 गीगावाट की जलविद्युत क्षमता विकसित करने के लिए 6.4 ट्रिलियन रुपये की योजना तैयार की है। यह परियोजना केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और रणनीतिक संतुलन के लिए भी महत्वपूर्ण है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की रिपोर्ट के अनुसार, यह योजना 12 उप-बेसिनों में 208 बड़ी पनबिजली परियोजनाओं का निर्माण करेगी। इन परियोजनाओं में कुल मिलाकर 64.9 गीगावाट विद्युत उत्पादन और 11.1 गीगावाट पंप भंडारण क्षमता शामिल है। पंप भंडारण क्षमता का महत्व इसलिए है क्योंकि यह ऊर्जा की मांग और आपूर्ति में असंतुलन को संतुलित करने में सहायक होती है। पूर्वोत्तर राज्यों में ब्रह्मपुत्र बेसिन की भौगोलिक स्थिति इस योजना को और अधिक रणनीतिक बनाती है। अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के हिस्सों में फैला यह बेसिन ऊर्जा उत्पादन के लिए अपार संभावनाएँ रखता है। विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश में उपलब्ध अप्रयुक्त पनबिजली क्षमता लगभग 52 प्रतिशत है। इसका अर्थ यह है कि यदि इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जाता है, तो भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आत्मनिर्भर बन सकता है। तकनीकी दृष्टि से परियोजना में जल प्रवाह का नियंत्रण, पंप भंडारण और सतत विद्युत उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया गया है। चीन के बांधों द्वारा पानी की आपूर्ति पर संभावित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, भारत की योजना उच्च क्षमता वाले पनबिजली संयंत्रों और स्मार्ट ग्रिड नेटवर्क के माध्यम से स्थिर ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करेगी। इससे पूर्वोत्तर में न केवल ऊर्जा संकट कम होगा, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आर्थिक दृष्टि से इस परियोजना का पहला चरण 2035 तक पूरा होगा, जिसमें लगभग 1.91 ट्रिलियन रुपये का निवेश होगा। दूसरा चरण 4.52 ट्रिलियन रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। यह निवेश केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है। इससे पूर्वोत्तर राज्यों में रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे का विकास, और स्थानीय आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा। एनएचपीसी, नीपको और एसजेवीएन जैसी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियाँ इस परियोजना में शामिल हैं, जो इसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में सक्षम हैं। परियोजना का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि ये भारत के पर्यावरणीय और ऊर्जा लक्ष्य से मेल खाती है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा उत्पादन और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। ब्रह्मपुत्र हाइड्रो प्रोजेक्ट इन लक्ष्यों की दिशा में केंद्रीय भूमिका निभा सकता है। पनबिजली परियोजनाओं के माध्यम से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और सतत ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित होगा। रणनीतिक दृष्टि से यह परियोजना यह संदेश देती है कि भारत किसी भी बाहरी दबाव या चुनौती के सामने कमजोर नहीं है। चीन के बांधों से उत्पन्न संभावित खतरों का उत्तर केवल विरोध या कूटनीतिक कदम से नहीं, ठोस, दीर्घकालिक और तकनीकी रूप से सक्षम योजना के माध्यम से दिया जा रहा है।

# बिहार: नामांकन के अंतिम दिन तक महागठबंधन में सीटों के लिये घमासान

**अजय कुमार**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए शुक्रवार, 17 अक्टूबर को नामांकन का अंतिम दिन है, लेकिन उससे पहले ही विपक्षी इंडी गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर घमासान चरम पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के बीच सीटों की हिस्सेदारी को लेकर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं, वहीं तीसरे और छोटे सहयोगी दल भी अपनी-अपनी सियासी हैसियत के हिसाब से ज्यादा सीटों की मांग कर रहे हैं। गठबंधन को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरना था ताकि सत्ता पक्ष को टक्कर दी जा सके, लेकिन आज की स्थिति देखकर लगता है कि अंदरूनी सिर फुटव्वल ने विपक्षी एकजुटता की तस्वीर को धुंधला कर दिया है। बिहार की सियासत में राजद और कांग्रेस का साथ नया नहीं है, लेकिन इस बार की परिस्थिति कुछ अलग है। लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक उत्तराधिकारी मानी जाने वाली पार्टी राजद को गठबंधन का नेतृत्वकर्ता दल माना जा रहा है, जबकि कांग्रेस अपने परंपरागत वोट बैंक और राष्ट्रीय पहचान के आधार पर अधिक सीटों की मांग पर अड़ी हुई है। इसी मुद्दे को लेकर बीते बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना में राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। मुलाकात बंद कमरे में करीब एक घंटे तक चली, जिसमें तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने करीब 80 सीटों की मांग रखी है, जबकि राजद उसे 50 से अधिक देने के मूड में नहीं है। इस खींचतान के बीच यह गठबंधन कमजोर दिखने लगा है।

राजद की ओर से तर्क दिया जा रहा है कि बिहार में उनकी संगठनात्मक पकड़ कांग्रेस से कहीं ज्यादा गहरी है। 2020 के चुनाव में भी कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ी थी, लेकिन केवल 19 सीटें जीत पाई थी। इससे राजद नेतृत्व यह तर्क दे रहा है कि कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद से काफी खराब रहा था, इसलिए इस बार उसे कम सीटों पर लड़ा जाना चाहिए। उधर कांग्रेस का कहना है कि उसकी उपस्थिति राज्य के लगभग सभी जिलों में है और गठबंधन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने के लिए उसे पर्याप्त राजनीतिक स्पेस मिलना चाहिए। दोनों दलों के बीच सीटों की अपनी-अपनी दावेदारी के बीच इन दलों की राजनीतिक बयानबाजी सड़क चौराहों पर पहुंच गई है, जिससे कार्यकताओं में भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश साहनी गठबंधन में असंतोष के सबसे मुखर आवाज बनकर उभरे हैं। साहनी, जो खुद को 'मल्लाह समाज का चेहरा' बताते हैं, को अब तक केवल 4 से 5 सीटों की पेशकश की गई है, जबकि वे कम से कम 15 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की मांग कर रहे हैं। राजद नेताओं का कहना है कि वीआईपी की संगठनात्मक ताकत सीमित है और इतनी सीटें देना समीकरणों के हिसाब से संभव नहीं है। इससे नाराज मुकेश साहनी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर अपनी रणनीति स्पष्ट करने का ऐलान किया है। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा है कि साहनी इंडी गठबंधन छोड़ स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं या किसी तीसरे मोर्चे से हाथ मिला सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो गठबंधन की एकजुटता और कमजोर पड़ जाएगी।

उधर, कांग्रेस और राजद के बीच जो पेंच फंसा है, उसमें मध्यस्थता की जिम्मेदारी वामपंथी दलों को सौंपी गई है। लेकिन सीपीआई और सीपीएम जैसे दलों की राज्य में सीमित ताकत होने के कारण वे इस विवाद को सुलझा पाने की स्थिति में नहीं दिख रहे हैं। बीजेपी और एनडीए खेमे में इस खेमेबाजी को लेकर खुशी का माहौल है। एनडीए रणनीतिकारों का कहना है कि जब विपक्ष खुद एक मंच पर नहीं टिक पा रहा तो जनता को क्या भरोसा दिलाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुनः सत्ता में आने के बाद से राजद और कांग्रेस लगातार एनडीए सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई, किसान मुद्दों और भ्रष्टाचार को लेकर हमले कर रहे हैं, लेकिन अंदरूनी मतभेदों ने उनकी राजनीतिक धार को कुंद कर दिया है। बिहार के राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि सीट बंटवारा केवल संख्या का खेल नहीं बल्कि जातीय समीकरणों, क्षेत्रीय प्रभाव और स्थानीय नेतृत्व की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ होता है। राजद यादव-मुस्लिम समीकरण पर टिके रहना चाहता है, जबकि कांग्रेस ब्राह्मण, बनिया और अनुसूचित जाति के मतदाताओं को साधने की रणनीति बना रही है। वीआईपी का आधार मल्लाह समुदाय में है, और इस वर्ग के वोट कई सीटों पर निर्णायक हो सकते हैं। यदि यह वर्ग अलग दिशा में चला गया, तो नुकसान राजद-कांग्रेस गठबंधन को ही होगा।अंदरूनी खींचतान का दूसरा पहलू स्थानीय नेताओं की नाराजगी है। राजद के कुछ पुराने नेताओं को टिकट वितरण की प्रक्रिया में परिवारवाद का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराते देखा गया है। कई जगहों पर कार्यकर्ताओं ने कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया है। कांग्रेस में भी असंतोष खुलकर सामने आ गया है, क्योंकि टिकट मांगने वालों की संख्या अत्यधिक है लेकिन सीटें सीमित। राहुल गांधी और लालू यादव की बैठक से पहले कांग्रेस हाईकमान ने अपने बिहार प्रभारी को निर्देश दिया था कि वे युवा चेहरों को प्राथमिकता दें, लेकिन इससे पुराने नेताओं में असंतोष फैला है।

राजनीतिक पर्यवेक्षक यह भी मानते हैं कि राहुल गांधी की लालू यादव से मुलाकात एक 'सेव-द-एलायंस' प्रयास थी, जहां दोनों वरिष्ठ नेताओं ने गठबंधन को अंतिम क्षण तक टूटने से बचाने की कोशिश की है। लेकिन बिहार जैसे राज्य में, जहां जातीय और क्षेत्रीय समीकरण हर चुनाव को प्रभावित करते हैं, वहां सीट बंटवारा केवल ऊपर के स्तर का समझौता नहीं बल्कि जमीनी परिघटना होती है। अगर इस पर मजबूत तालमेल नहीं बैठा तो उम्मीदवारी फॉर्म भरने के अंतिम दिन तक कई सीटों पर गठबंधन की स्थिति अस्पष्ट रह सकती है। अब जबकि नामांकन की अंतिम तारीख सिर पर है, हर घंटे गठबंधन के भीतर नई खींचतान और बयानबाजियां सामने आ रही हैं। राजद चाहती है कि अंतिम सूची इसी रात तक जारी कर दी जाए ताकि शुक्रवार को नामांकन संभव हो सके, जबकि कांग्रेस ने अपने केंद्रीय नेतृत्व की दिल्ली में बैठक बुला ली है। उसी समय मुकेश साहनी की प्रेस कॉन्फ्रेंस और उसके संभावित नतीजे पूरे समीकरण को और उलझा सकते हैं।

बिहार की जनता इन सब राजनीतिक जटिलताओं को बारीकी से देख रही है। जनता के लिए मुद्दे वही हैं रोजगार, शिक्षा, कानून व्यवस्था और महंगाई लेकिन विपक्ष जब खुद के भीतर बंटा हुआ दिखता है तो उसकी वैकल्पिक राजनीति की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। 2020 के चुनाव में भी विपक्षी एकता के बावजूद एनडीए ने मुश्किल से जीत हासिल की थी, पर इस बार के भीतरूनी मतभेद विपक्ष को और कमजोर बना सकते हैं। कल के दिन नामांकन की अंतिम तिथि बीतते ही तस्वीर कुछ साफ जरूर होगी कि गठबंधन एकजुट होकर मैदान में उतरता है या सीट बंटवारे की इस खींचतान में उसका ढांचा बिखर जाता है। अभी के संकेत बताते हैं कि राहुल गांधी और लालू यादव की बैठक के बावजूद समन्वय पूरी तरह नहीं बन पाया है। ऐसे में बिहार के मतदाता अब इस इंतजार में हैं कि क्या विपक्षी दल अपनी अंतर्विरोधी राजनीति से ऊपर उठकर सत्ता पक्ष को वास्तविक चुनौती देंगे या फिर आंतरिक सिर फुटव्वल ही उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनेगी।

# गरीबी है मानवता के भाल पर बड़ा कलंक

**ललित गर्ग**

विश्व समुदाय हर वर्ष 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि मानवता के समक्ष खड़ी सबसे बड़ी चुनौती पर मंथन का अवसर है। सभ्यता के विकास, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विस्तार और वैश्विक व्यापार के बावजूद आज भी करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं। गरीबी एक आर्थिक स्थिति मात्र नहीं है, यह मनुष्य की गरिमा पर सबसे बड़ा आघात है-यह उसके सपनों, आत्मविश्वास और अस्तित्व को कुचलने वाला सामाजिक अभिशाप है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में गरीबी को खत्म करने के प्रयासों और संवाद को बढ़ावा देने के लिए इस दिन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य गरीबी में जी रहे लोगों के संघर्ष को स्वीकार करना और गरीबी के विभिन्न आयामों, जैसे कि आय की कमी, स्वास्थ्य और शिक्षा तक पहुँच की कमी आदि को संबोधित करना है। 2025 की थीम परिवारों के लिए सम्मान और प्रभावी समर्थन सुनिश्चित करके सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना है। इस दिवस का उद्देश्य गरीबी और इसके कारणों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, तथा गरीबी से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को उजागर करना है।

आज दुनिया में लगभग सत्तर करोड़ लोग अत्यंत गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य है कि 2030 तक अत्यंत गरीबी का अंत किया जाए, परंतु यह लक्ष्य अभी भी दूर प्रतीत होता है। युद्ध, जलवायु परिवर्तन, असमान आर्थिक नीतियाँ, जनसंख्या वृद्धि और बेरोजगारी ने गरीबी को नया रूप दिया है। अब गरीबी केवल रोटी की कमी नहीं, बल्कि अवसरों की असमानता और सामाजिक अन्याय का भी प्रतीक बन चुकी है। अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन कहते हैं- गरीबी केवल आय का प्रश्न नहीं है, यह स्वतंत्रता की कमी है। अर्थात जब किसी व्यक्ति के पास अपने जीवन को अपनी इच्छा के अनुसार ढालने के अवसर नहीं होते, तभी वास्तविक गरीबी जन्म लेती है। भारत ने पिछले कुछ दशकों में गरीबी घटाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नीति आयोग के अनुसार, 2013-14 में जहाँ देश की 29 प्रतिशत आबादी बहुआयामी गरीबी में थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गई। परंतु यह सफलता पूर्ण नहीं कही जा सकती, क्योंकि गरीबी का असर ग्रामीण इलाकों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर अभी भी अधिक है। गरीबी का सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ता है-जहाँ गरीब बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर होते हैं, वहीं परिवार बीमारी का खर्च नहीं उठा पाते। यह चक्र दर चक्र उन्हें फिर गरीबी में धकेल देता है।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी उन्मूलन के लिये उल्लेखनीय एवं सफलतम उपक्रम किये हैं, उन्होंने गरीबी को राष्ट्र निर्माण की केंद्र बिंदु नीति के रूप में प्रस्तुत किया। उनके नेतृत्व में सरकार ने गरीबी के खिलाफ लड़ाई को केवल कल्याण योजनाओं तक सीमित न रखकर आत्मनिर्भरता के आंदोलन में बदल दिया। जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी ने गरीबों को औपचारिक बैंकिंग से जोड़ा, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से करोड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के सिर पर छत का सपना साकार किया और अब तक चार करोड़ से अधिक घरों का निर्माण हुआ है। उज्ज्वला योजना ने गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्त जीवन दिया और यह योजना केवल गैस सिलेंडर नहीं, बल्कि समानता और सम्मान का प्रतीक बनी। आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने महामारी के कठिन दौर में गरीबों को सुरक्षा कवच दिया, वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान ने गरीबी उन्मूलन का दीर्घकालिक रास्ता रोजगार, कौशल और स्वाभिमान के माध्यम से खोला। प्रधानमंत्री का यह कथन इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है- गरीबी को खत्म करने के लिए सरकार नहीं, समाज को भी संवेदनशील बनना होगा। जब हर गरीब का सपना हमारा सपना बनेगा, तभी समृद्ध भारत बनेगा।

गरीबी केवल सरकारी योजनाओं से नहीं मिटेगी; इसके लिए एक व्यापक मानव-केंद्रित सोच की आवश्यकता है। शिक्षा को अधिकार नहीं, अवसर बनाना होगा, हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण मिलना चाहिए। समान आर्थिक अवसरों की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की खाई घटे। पूंजी का उद्देश्य केवल मुनाफा नहीं, बल्कि सामाजिक कल्याण भी होना चाहिए। साथ ही, महात्मा गांधी के शब्दों में, गरीबी सबसे बड़ी हिंसा है -यह भावना हमारे सामाजिक चरित्र में उतरनी चाहिए। जब तक समाज करुणा और साझेदारी की भावना नहीं अपनाएगा, तब तक गरीबी का अंत संभव नहीं। भारत आज गरीबी उन्मूलन का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर रहा है-जहाँ विकास का अर्थ केवल जीडीपी नहीं, बल्कि गरीब का उत्थान है। यह संदेश दुनिया के लिए भी प्रेरणा है कि यदि सबसे बड़ा लोकतंत्र करोड़ों लोगों को गरीबी से ऊपर उठा सकता है, गरीब मुक्त भारत के सपने को आकार दे सकता है तो वैश्विक समुदाय भी एकजुट होकर यह कर सकता है। गरीबी केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, यह मानवता की परीक्षा है। जब तक दुनिया के किसी कोने में कोई व्यक्ति भूखा सोएगा, तब तक सभ्यता का विकास अधूरा रहेगा। अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि सच्ची प्रगति वही है, जिसमें समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो। आज आवश्यकता है एक वैश्विक संकल्प की- गरीबी नहीं, समानता हमारा धर्म बने। जब हर राष्ट्र, हर समाज और हर व्यक्ति इस दिशा में जिम्मेदारी निभाएगा, तभी वह दिन आएगा जब गरीबी इतिहास का विषय होगी, वर्तमान का नहीं।

गरीबी व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने में अक्षम बनाता है। गरीबी के कारण व्यक्ति को जीवन में शक्तिहीनता और आजादी की कमी महसूस होती है। गरीबी उस स्थिति की तरह है, जो व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार कुछ भी करने में अक्षम बनानी है। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। यहां प्रश्न है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे-बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा? गांधी, विनोबा एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'अन्त्योदय' एवं 'सर्वोदय' की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया। जे. पी. ने जाति धर्म से राजनीति को बाहर निकालने के लिए 'संपूर्ण क्रांति' का नारा दिया। जो उनको दी गई श्रद्धांजलि के साथ ही समाप्त हो गया। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। स्थिति ने बल्कि नया मोड़ लिया है कि जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते हैं, वे सत्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैसे समतामूलक एवं संतुलित समाज का सुनहरा स्वप्न साकार होगा? कैसे मोदीजी का नया भारत निर्मित होगा?

## सूडोकु नवताल- 7585

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7584 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# बिहार में जदयू का ओबीसी तो बीजेपी का अगड़ों-दलितों पर बड़ा दांव

**संजय सक्सेना**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए ने सीटों का बंटवारा पूरी रणनीतिक सोच और जातीय गणित को ध्यान में रखते हुए किया। भाजपा और जदयू दोनों ने अपनी परंपरागत और मजबूत जातीय आधारों को साधने के लिए टिकट वितरण में खासा फोकस रखा। दोनों दलों की सूची से साफ है कि वे बिहार के वोट बैंक की विविधता को समेटने की कोशिश में हैं, ताकि किसी भी वर्ग या समुदाय की नाराजगी ना हो और विरोधी दलों की सामाजिक न्याय की राजनीति को चुनौती दी जा सके। इस चुनाव में दागी उम्मीदवारों की संख्या भी चर्चा का विषय रही है, जिसमें एनडीए के नाम कई गंभीर आरोपों वाले प्रत्याशी शामिल हैं। एनडीए के सीट बंटवारे की शुरूआत इस बार 243 में से भाजपा और जदयू को 101-101 सीटें देकर हुई और बाकी सीटें सहयोगी दलों को दी गईं। सीटें तय करते वक्त एनडीए ने यह ध्यान रखा कि जदयू यानी नीतीश कुमार की पार्टी पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्गों में मजबूत है, जबकि भाजपा का प्रभाव सवर्ण, वैश्य, कुछ पिछड़ी जातियों एवं दलितों में पसंद किया जाता है। टिकट वितरण के समय भाजपा ने अपनी पहली सूची में 71 उम्मीदवार उतारे, जिसमें सवर्ण यानी राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण, कायस्थ जैसी पारंपरिक जातियों के 34 नेताओं को मौका दिया गया। ये वो जातियां हैं, जिनका बीजेपी के साथ वोट बैंक सबसे मजबूत माना जाता है।

इसके साथ ही भाजपा ने सामाजिक संतुलन साधते हुए करीब 50 फीसदी टिकट ओबीसी, दलित, ईबीसी जैसी सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को दिए। पार्टी ने 9 महिला उम्मीदवारों को भी जगह दी, ताकि महिला मतदाताओं को साधा जा सके। मुस्लिम प्रत्याशी भाजपा ने एक भी नहीं उतारे। यह भी भाजपा की परंपरागत रणनीति का हिस्सा है, जहां वह हिंदू बहुल सीटों पर फोकस कर रही है। टिकट पाने वालों में दोनों डिप्टी सीएम, कई पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ विधायक शामिल हैं, वहीं कुछ पुराने दिग्गजों का टिकट काटकर नई पीढ़ी को मौका भी दिया गया। जदयू ने भी जातीय समीकरणों को साधते हुए अपनी पहली सूची में 57 उम्मीदवार उतारे, जिसमें 22 पिछड़ा वर्ग और 10 अति पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशी हैं। यानी कुल 56 फीसदी टिकट पिछड़ी और अत्यंत पिछड़ी जातियों को दिए गए। महादलित, दलित और मुस्लिम प्रत्याशी भी जदयू की प्राथमिकता में रहे, मगर जदयू की पहली सूची में मुस्लिम उम्मीदवार नहीं मिले जबकि दूसरी सूची में चार मुस्लिम प्रत्याशी उतारे गए हैं। अति पिछड़ा वर्ग की संख्या के लिहाज से यह फैसला बिहार के सामाजिक ताने-बाने पर सीधा असर डालता है, क्योंकि राज्य की आबादी में 36 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं जातियों का है। जदयू ने अपने पुराने मंत्रियों एवं विधायकों को दोबारा मौका दिया, जिससे इन वर्गों में पार्टी की पकड़ मजबूत बनी रहे। कुछ सीटों पर जदयू व लोजपा (चिराग पासवान) के बीच विवाद देखा गया, मगर जदयू ने अपने दावे वाली सीटों पर समझौता नहीं किया।


एनडीए की सूची दागी उम्मीदवारों के मसले पर भी सवालों की जद में रही है। चुनावी विश्लेषण और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, अगर पूरे राज्य के उम्मीदवारों को देखें तो लगभग 32 प्रतिशत प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले हैं, जिनमें से करीब 25 फीसदी पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एनडीए के कई उम्मीदवारों की गिनती विवादित श्रेणी में होती है। एनडीए में जदयू के कई उम्मीदवार, जैसे चर्चित बाहुबली नेता अनंत सिंह, जिनके खिलाफ 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं, टिकट पाने वालों की फेहरिस्त में शामिल हैं। इनके अलावा भाजपा और जदयू दोनों की सूचियों में करोड़पति प्रत्याशियों के साथ-साथ बड़े मुकदमों वाले "बाहुबली" भी नजर आ रहे हैं।

महागठबंधन की तुलना में, एनडीए में दागियों की संख्या थोड़ी कम बताई जा रही है, लेकिन राज्य के चुनावी माहौल में ऐसे चेहरों को टिकट देने पर बहस जारी है। कई बार ऐसा देखा गया है कि जातीय और स्थानीय प्रभाव के कारण दलों को ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारना पड़ता है जिन्होंने भूतकाल में गंभीर आपराधिक मामले झेले हों, क्योंकि वे अपने इलाके में विकल्पहीन, मजबूत या लोकप्रिय माने जाते हैं। एनडीए के अंदर इस बार भी ऐसे नामों को शामिल किया गया है जो वोट बैंक को साधने के लिए जरूरी समझे गए हैं।

कुल मिलाकर बिहार चुनाव 2025 में एनडीए ने सीट बंटवारे व टिकट वितरण में जातीय संतुलन को ही अपनी जीत की कुंजी माना है। भाजपा ने सवर्णों, दलितों व ओबीसी पर, जदयू ने पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज के नेताओं पर दांव लगाया है। दोनों ने अपने मजबूत क्षेत्रों के पुराने चेहरों को दोबारा मौका देते हुए नए वर्गों में भी संदेश देने का प्रयास किया। दागी उम्मीदवारों की मौजूदगी भी दिखाती है कि सिर्फ "साफ-सुथरी राजनीति" का दावा करके बिहार जीतना फिलहाल नामुमकिन है। जातीय समीकरण और आपराधिक छवि वाले बाहुबली नेताओं के बलबूते ही पार्टियां चुनावी मजबूती हासिल करने की कोशिश करती रही हैं और यही समीकरण इस बार भी पूरी तरह हावी रहा।

## दैनिक पंचांग

**17 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.03 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृश्चिक | 08.18 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.34 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.39 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.25 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 15.58 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.28 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.09 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.07 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | कर्क | 23.20 बजे से |
| | | सिंह | 01.36 बजे से |
| | | कन्या | 03.48 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 290 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 11.13 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 13.58 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 01.49 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बालव 11.13 बजे तदनन्तर कौलव 23.43 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 16' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872500 **जूलियन दिन** 2460965.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 24 **विशेष** रमा एकादशी, गोवत्स द्वादशी, तुला संक्रांति।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### जनता दरबार का हुआ आयोजन

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा के दिशा निर्देशन में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ने समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। अपर समाहर्ता ने प्रत्येक आवेदक की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आई। इसमें मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने तथा दुर्घटना जनित मृत्यु लाभ दिलाने, मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने, जमीन की विवाद हल करने, जमीन का सीमांकन करने, अबुआ आवास योजना का लाभ देने, भू वापसी कराने, घर निर्माण करने हेतु सरकारी जमीन उपलब्ध कराने, कुल्लुकेरा में निजी जमीन के बीच से विद्युत पोल हटाने, रोजगार उपलब्ध कराने, जमीन से अवैध कब्जा हटवाने, कोलेबिरा मनोहरपुर सड़क चौड़ीकरण में गड़बड़ी, लचरागढ़ में जर्जर विद्युत तार बदलने, प्राथमिक विद्यालय रुसू में शिक्षक बहाल करने, मानदेय भुगतान करने, खेती बाड़ी की बबार्दी का आकलन करने, मृतक के बैंक खाते में जमा राशि की भुगतान कराने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, अबुआ आवास दिलाने, चौकीदार बहाली के रिक्त पदों हेतु दूसरी सूची जारी करने, न्यायालय में लंबित वाद के निष्पादन तक जमीन में कार्य रुकवानेसहित अन्य आवेदन जनता दरबार मे दिए गए। इस प्रकार 23 आवेदन प्राप्त हुए।

### हस्ताक्षर अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं महिला कार्यकर्ता : जोसिमा खाखा

**सिमडेगा :** कांग्रेस महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मौके पर केरसई, कुरडेग एवं सिमडेगा प्रखंड से आई कई महिलाओं ने जोसिमा को जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। मौके पर जोसिमा ने कहा कि जिस तरह हमारे नेता राहुल गांधी ने तमाम तथ्यों और सबूत के साथ वोट चोरी उजागर किया है, अब जरूरत है कि इन तथ्यों को हम जन-जन तक पहुंचायें। ताकि लोकतंत्र की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या का प्रयास विभिन्न माध्यमों से कर रही है। लगातार अनैतिक तरीकों से वोट चोरी की जा रही है। इसे रोकना देश बचाना जितना ही जरूरी है। आज महिला कांग्रेस कार्यकताओं पर बड़ी जिम्मेदारी है कि हम वोट चोरी को रोक देश की जनता को जागरूक करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज जिस तरह से संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाया जा रहा है और संस्थाओं को अपनी उंगली पर नचाने का काम भाजपा सरकार कर रही है, यह लोकतंत्र के लिए अत्यंत ही खतरनाक है।

### भूषण बाड़ा को जन्मदिन पर पार्टी नेताओं व जनता ने दी बधाई

**केरसई :** सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूषण बाड़ा को गुरुवार के दिन जन्मदिवस के मौके पर पार्टी के तमाम नेताओं की तरफ से उन्हें बधाई संदेश दिए गए। अहले सुबह से ही विधायक को शुभकामना देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए पोस्ट, स्टेटस,स्टोरी आदि से भी विधायक को जन्मदिन का बधाई संदेश दिया। केरसई के कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष जेफरेंन केरकेट्टा, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, सांसद प्रतिनिधि सह कोनजोबा मुखिया मुंस खेस्स, केरसई जिप सदस्या प्रेमा बाड़ा, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि सह बाघडेगा मुखिया राहुल रोहित तिग्गा, सुशील मिंज आदि सहित प्रखण्ड कमिटी के कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों व लोगों ने विधायक को जन्मदिन की बधाई दी।

# धर्मपुरोहितों से मारपीट व डकैती: पुलिस ने एक नाबालिक सहित आठ आरोपियों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुमडेगी चर्च में धर्मपुरोहितों के साथ मारपीट और डकैती की घटना में पुलिस ने एक नाबालिक सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी एम अर्शी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों में जिले के अलावे गुमला जिले के भी अपराधी शामिल है। एसपी ने बताया कि कांड के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ बैजू उरांव, डीएसपी रणवीर सिंह, इंस्पेक्टर भिखारी राम सहित



जिले के कई थाना प्रभारी की टीम बनाई गई थी। टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों को 25000 का रिवॉर्ड देने की बात भी एसपी ने कही है।

लूट के 35359 रुपए और एक पिस्टल भी किया गया बरामद

एसपी एम अर्शी ने बताया कि चर्च में हुई लूटपाट की घटना में गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 35359 रुपए भी बरामद किए गए हैं। इसके अलावे अपराधियों के पास एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अपराधियों के पास से एक तलवार, एक बाइक एक स्कूटी और पांच मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

## छठ महापर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक ने किया दामोदर नदी का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** आस्था का महापर्व छठ को लेकर विभिन्न जलाशय में तैयारियां जोर-जोर से किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार दामोदर नदी का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के बाद लोगों से कहा कि आस्था का महापर्व छठ पर्व मैं किसी भी तरह की कमी ना रहे। इसे लेकर विभिन्न जलाशय का निरीक्षण किया जा रहा है। ताकि छठ महापर्व में छठव्रतीयो को किसी भी तरह के परेशानी का सामना न करना पड़े। छठ घाटों की साफ सफाई की जाने को लेकर रामगढ़ के नगर परिषद के साथ जिला पुलिस द्वारा भी साफ सफाई किया जा रहा है। छठ पर्व के दौरान जिला पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में गस्ती किया जाएगा। इसके साथी जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न जलाशय में गोताखोरों की व्यवस्था की जाएगी। जिसमें गांधी घाट (थाना चौक) कमेटी के अध्यक्ष-सतीश गुप्ता, महासचिव- मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष- संतोष सिंह, उपसचिव- राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष- लाल बिहारी रजक, संरक्षक-अमरेश गणक, सदस्य- आशीष गुप्ता, चांटू रवानी, सुदेश्वर सिंह, सोमनाथ राय, निर्मल कुमार, राहुल सिंह कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## स्वदेशी के प्रयोग से देश की अर्थव्यवस्था होगी सशक्त : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पूर्वी विधानसभा में भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा विस स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। बमार्माइंस स्थित देवस्थान सभागार में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद समेत कई अन्य वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। इससे पहले, उपस्थित नेताओं के द्वारा पार्टी के पितृपुरुषों के छविचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सफल बनाने का प्रण लिया। स अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक राजनीति इस बात पर केंद्रित है कि किस देश की वस्तुएं विश्व बाजार पर हावी हों। इसी कारण विश्व के कई देश भारत को नीचा दिखाने और उसके नेतृत्व को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। ऐसे समय में हमें देशवासियों को जागरूक कर स्वदेशी के महत्व को समझाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने जिस गति से आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य किया है, वह अद्भुत है। वर्ष 2014 से पहले देश में केवल दो मोबाइल निर्माण इकाइयाँ थीं, जबकि आज 300 से अधिक हैं। भारत अब 98% मोबाइल देश में ही बना रहा है और 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात कर रहा है। पहले जो खिलौने विदेशों से आते थे, आज भारत के खिलौना उद्योग में 239% की वृद्धि हुई है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कभी दवाओं के लिए विदेशों पर निर्भर रहने वाला भारत अब दुनिया के कई देशों को जीवनरक्षक दवाएं निर्यात कर रहा है।

## उरलुंग में 25 अक्टूबर को सोहराय डायर जत्रा मेला, ग्रामीणों ने बनाई कमेटी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकाकाना :** ओपी क्षेत्र के उरलुंग गांव में प्रत्येक वर्ष लगने वाले सोहराय डायर जत्रा मेला को लेकर ग्रामीणों द्वारा गांव में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मेले की तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। इसके साथ ही मेले की तैयारी ग्रामीणों के द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। मेला को विधिवत संचालन व व्यवस्थित किया जाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें संरक्षक रामविलास मुंडा, धनेश्वर उरांव, रमन बेदिया, पंचदेव करमाली, महेश मुंडा, जतरू उरांव, रविंद्र मुंडा, रमेश बेदिया, मंगल उरांव कदलू उरांव, विनोद उरांव, वार्ड पार्षद गीता देवी, सिकंदर लकड़ा, विमल मुंडा, रामप्रसाद मुंडा, अनिल मुंडा, जतरू



उरांव, संजय राम, का चयन किया गया है जबकि अध्यक्ष दिलीप उरांव, उपाध्यक्ष तूफान उरांव, सिकंदर लिंडा, सचिव प्रदीप बेदिया, उप सचिव सूरज बारला, दीनानाथ उरांव, कोषाध्यक्ष अविनाश उरांव, सहायक कोषाध्यक्ष अंकित उरांव, संगठन सचिव मुकेश मुंडा, प्रवक्ता के रूप में सुभाष उरांव, शिवनारायण बेदिया का चयन किया गया है। सभी चीनी लोगों द्वारा मेला के लिए चंदा किए जाने से लेकर समापन तक विधि व्यवस्था कायम रखे जाने की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन सचिव मुकेश मुंडा द्वारा बताया गया कि 25 अक्टूबर को डायर जत्रा मेला का आयोजन किया जाएगा। उरलुंग गांव में लगने वाले डायर जत्रा मेला लगभग 50 वर्ष पूर्व से ही आयोजित किया जाता रहा है। जिस परंपरा को ग्रामीणों द्वारा लगातार निर्वाह किया जा रहा है। मेला में आसपास के सभी गांव के साथ जिला के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंच कर मेला का आनंद लेते हैं।

## हीरालाल जैन ने शहर के प्राचीन मोबाइल शोरूम का किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** शहर कि विगत लगभग 30 वर्षों से सेवारत ज़िले की प्रथम मोबाइल बिक्री केंद्र के एक बृहत शोरूम का शुभारंभ जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी हीरालाल जैन के कर कमलों से सम्पन्न हुआ मौके पर प्रतिष्ठान के संचालक श्रवण जैन एवं तिनष जैन ने बताया कि हमारा प्रतिष्ठान शहर का सबसे पुराना एवं विश्वास प्रतिष्ठान है। अपने ग्राहकों को देश की सभी प्रमुख मोबाइल कम्पनियां सैमसंग नोकिया रेडमी ओप्पो एपल आदी की मिश्रित रेंज प्रदान करने के लिए हमने अपने प्रतिष्ठान का विस्तार एक बड़े शोरूम के रूप में किया है। हम अपने नवीन प्रतिष्ठान में सभी बड़ी कंपनियों के मोबाइल के नवीनतम संग्रह के साथ उनके स्पेयर पार्ट्स और उनकी रिपेयरिंग की भी पूरी सुविधा प्रदान करेंगे साथ ही सौरभ जैन ने बताया कि शुभारंभ के शुभ अवसर पर हम अपने ग्राहकों को मोबाइल आदि की खरीदारी पर निःशुल्क उपहार भी प्रदान कर रहे हैं तथा ग्राहकों को संतुष्ट करना ही हमारा परम धर्म है। शुभारंभ के अवसर पर शहर के अनेकों मिश्रित लोग जिनमें जैन समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन सचिव योगेश जैन रघु जैन सुशील जैन देवेन्द्र जैन सौरभ जैन राजेंद्र सैनी प्रीतम सिंह कालरा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## गांव-गांव में हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन के कारण ही कई प्रतिभावान खिलाड़ी आज देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं : रावेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बांसजोर प्रखंड के कोम्बाकेरा पंचायत के बेंदोचूवां में मुंडा समाज के द्वारा पाँच दिवसीय हॉकी खेल प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक नाच गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज सभी प्रतियोगिताओं का समापन किया गया, जिसमे हॉकी खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के फाइनल मुकाबले हुए। समापन समारोह में कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था परंतु राजधानी रांची में झारखंड सरकार द्वारा आयोजित झारखंड राज्य के वनोत्पाद के मूल्य निर्धारण की अति महत्वपूर्ण बैठक होने के कारण विधायक की अनुपस्थिति में विधायक



के निर्देश पर अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर खान, राजाबासा पंचायत अध्यक्ष सुकवन जोजो, जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष जमीर हसन उपस्थित हुए। प्रतियोगिता के सभी विजयी टीमों को खस्सी और नगद पुरुस्कार दिया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि सबसे पहले तो मैं आयोजन समिति को धन्यवाद देता हूँ क्योंकि उनके अथक प्रयासों के बदौलत ही इस सुदूर क्षेत्र में इस तरह का सफल आयोजन हो पाया। इस तरह के हॉकी खेल का आयोजन होने से ही आज पूरे भारत में सिमडेगा को हॉकी का नर्सरी कहा जाता है। गाँव में इसी तरह के निरंतर आयोजन होने से ही प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी आगे चलकर जिला, राज्य और देश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रहे हैं। सिमडेगा जिला के कई खिलाड़ी आज पूरे विश्वपटल पर देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहे हैं। इसके लिए आयोजक समिति विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। आगे रावेल लकड़ा ने भाषा, संस्कृति, परंपरा के बारे भी विस्तृत रूप से चर्चा की और बताया कि आज विरोधी लोग हम पर आरोप लगाते हैं, कि हम अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा को भूल चुके हैं, इसीलिए हमें आदिवासी सूची से बाहर करने की मांग लगातार करते हैं। लेकिन इस तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उनके मुंह में करारा प्रहार है। इसके लिए भी आयोजन समिति और प्रतिभागी टीम भी विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। हरेक गांव में इस तरह का आयोजन ये प्रदर्शित करता है कि हम अपनी पुरखों की सांस्कृतिक विरासत को सुचारू रूप से पालन कर रहे हैं और अपनी आगे की नस्लों को भी अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा का हस्तांतरण करते जा रहे हैं। मौके पर विशेष रूप से फादर अनूप कुजुर, आयोजन समिति के अध्यक्ष अंजुलन टोपनो, कोषाध्यक्ष सयून बागे, 20 सुत्री अध्यक्ष गाब्रिएल समद, कोम्बाकेरा मुखिया प्रसन्न लुगुन, बेंदोचूवां प्रचारिका लिलोनी जोजो, शिक्षक नामजन टोपनो, बिजय किंडो, अशोक तिर्की, मुंडा समाज के सभी अभिभावकगण, सभी 22 पाहड़ा राजा सहित हजारों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### त्योहारों पर खाद्य सुरक्षा विभाग सख्त, मिठाई दुकानों में चला निरीक्षण अभियान



**रामगढ़ :** अभिहित अधिकारी सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़ डॉ नवल कुमार के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए के विभिन्न होटल एवं मिठाई दुकानों में विशेष निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा कोठार फ्लाई ओवर के नजदीक एम आर इंटरप्राइजेज से बुंदिया लड्डू एवं खोया पेड़ा का नमूना संग्रहित किया गया। अन्य खाद्य कारोबारियों होटल फ्लाई ओवर, अजित पान दुकान एवं होटल सैनी का निरीक्षण किया गया। साथ ही जरूरी दिशानिर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे एक्सपायरी उत्पाद न बेचें, सभी खाद्य सामग्री पर स्पष्ट लेबलिंग करें, नियमित पेस्ट कंट्रोल कराएँ और होटल/रेस्टोरेंट स्टाफ द्वारा एप्रोन, ग्लव्स और हेडगियर का पालन सुनिश्चित करें। खाना बनाने में साफ पानी का उपयोग करने, कर्मियों की स्वच्छता पर ध्यान देने, फस्साइ मानक वाले खाद्य पदार्थ का प्रयोग करने, उचित लेबलिंग के साथ खाद्य सामाग्री को पेकिंग करने, सिंथेटिक कलर का प्रयोग न करने और अनावश्यक रंगों के इस्तमाल से परहेज करने का निर्देश दिया।

### शिक्षकों के द्वारा की गई खराब सड़क की मरम्मत



**पाकरटांड़ :** प्रखंड के कुरुशकेला गांव में जी ई एल मिडिल स्कूल आने की सड़कें खराब होने से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की ज्योति जलाने वाले स्कूल के शिक्षकों ने स्वयं अपने हाथों से स्कूल आने जाने वाले बच्चों के लिए खराब सड़क की मरम्मत शुरू की। जो उनकी लगन और समर्पण को दशार्ता है। यह स्कूल पूर्व विधायक स्वर्गीय निएल तिर्की जी के गांव में स्थित है। जहां वर्षों से सड़क की समस्या बनी हुई है। समस्या को देखते हुए कई जन प्रतिनिधि आश्वासन दिए लेकिन नहीं बना। तभी जाकर स्कूल के शिक्षकों का यह कदम क्षेत्र के विकास और बच्चों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जब नेता और जन प्रतिनिधि इस समस्या की अनदेखा कर रहे थे, तभी शिक्षकों ने आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। यह पहल निश्चित रूप से क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा का श्रोत होगी।

### हमारे बैंड के विद्यार्थी अनुशासन, एकता और समर्पण के प्रतीक हैं विजयंत कुमार




**रामगढ़ :** एला एंगलाइज विद्यालय के बैंड दल ने आज अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता जिले के प्रतिष्ठित विद्यालयों के बीच आयोजित की गई, जिसमें अनेक प्रतिभाशाली बैंड टीमों ने भाग लिया। विद्यालय का बैंड दल, जिसमें कुल 25 विद्यार्थी शामिल हैं, जिन्होंने अपने विद्यालय के प्रशासक सह बैंड मास्टर संजय कुमार, खेल प्रशिक्षक कंचन सोनी और गौरव कुमार साहू के निर्देशन में उत्कृष्ट तैयारी की है। विद्यार्थियों ने अनेक बार विद्यालय सभाओं और समारोहों में मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का दिल जीता है। आज की प्रतियोगिता में भी उनके प्रदर्शन को लेकर पूरे विद्यालय में उत्साह और गर्व का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि हमारे बैंड के विद्यार्थी अनुशासन, एकता और समर्पण के प्रतीक हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे अपनी प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

वही विद्यालय के प्रशासक संजय कुमार ने कहा कि ₹हमारे विद्यालय का बैंड केवल संगीत का समूह नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और परिश्रम का जीवंत उदाहरण है। विद्यार्थियों ने अत्यंत लगन से तैयारी की है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे। संगीत विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करता है, और यही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और अभिभावक सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दे रहे हैं। छात्रों में उत्साह देखते ही बनता है — सभी सदस्य एक स्वर में विद्यालय का नाम ऊँचा करने का संकल्प लिए मंच की ओर रवाना हुए। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रुचि, टीमवर्क, और अनुशासन जैसी महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को भी प्रोत्साहित करती है। परिणाम चाहे जो भी हो, यह अनुभव बच्चों के जीवन में एक यादगार अवसर बनकर रहेगा।

### गोला में पंडित दीनदयाल कौशल योजना के तहत यूथ मोबिलाइजेशन कैंप का हुआ आयोजन




**गोला :** गुरुवार को गोला प्रखंड, रामगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल योजना के अंतर्गत यूथ मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन झारखंड राज्य आजीविका प्रोत्साहन सोसायटी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में रामगढ़ जिला की विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही उप प्रमुख बिजय ओझा एवं पूरवडीह पंचायत की मुखिया अलका माहतो विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर जेएसएलपीएस के बीपीएम बिपिन सिंह, लोकेश्वर साहू, सभी सीसी, आईपीआरपी, बीएपी सदस्य, तथा गोला प्रखंड के विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक ममता देवी ने कहा कि जेएसएलपीएस युवाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसी क्रम में उप प्रमुख बिजय ओझा और माननीय मुखिया अलका माहतो ने भी जेएसएलपीएस के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि यह पहल ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर विभिन्न प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

- निरीक्षण का उद्देश्य जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में आगामी त्योहारों के मद्देनजर अंचलाधिकारी पाकुड़ अरबिंद बेदिया एवं नगर थाना प्रभारी बबलू कुमार के संयुक्त नेतृत्व में शहर के विभिन्न होटल, लॉज, ज्वेलरी शॉप, पेट्रोल पंप आदि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम अंचलाधिकारी के द्वारा सीसीटीवी कैमरा की स्थिति, रजिस्टरों का संधारण, आगंतुकों का विवरण, सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वच्छता की जांच की गई। अधिकारियों ने संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों को निर्देश दिया कि सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत रहें तथा रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए।अंचलाधिकारी ने बताया कि आगामी त्योहारी सीजन में आमजन की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं नगर थाना प्रभारी बबलू कुमार ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## एक नजर

### अमड़ापाड़ा प्रखंड में विवाहित महिला ने की आत्महत्या



**पाकुड़/अमडापाड़ा :** जिले में अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के डुमरचीर मोहली टोला गांव में एक विवाहित महिला (मिथुन मड़ैया की पत्नी सावित्री कुमारी) ने गुरुवार को आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण आपसी घरेलू विवाद बताया जा रहा है। परिवार वालों की मानें तो कुछ बात को लेकर घर में आपसी विवाद हुआ था। गुरुवार की सुबह अचानक मृतिका उल्टी करने लगी व उसका तबीयत काफी बिगड़ गई। तो मिथुन मडैया अपनी पत्नी को लेकर अमड़ापाड़ा हॉस्पिटल पहुंचा जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिवम कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पुलिस हॉस्पिटल पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सदर अस्पताल के सामने स्थित दुकानों को जिला प्रशासन ने कराया गया खाली



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर नगर परिषद की टीम ने गुरुवार को मजिस्ट्रेट प्रमोद आनंद व सदर सीओ बास्कीनाथ टूडू की मौजूदगी में सदर अस्पताल के सामने स्थित मेडिकल सहित अन्य दुकानों को खाली कराया। इस दौरान जेसीबी से एक चाय की दुकान ध्वस्त कर दिया गया। ज्ञात हो कि इस कार्रवाई से पूर्व नगर परिषद ने दुकानदारों को दुकान हटाने की नोटिस भेजा था। मौके पर सदर सीओ सह बीडीओ बासुकीनाथ टुडू, ईओ अभिषेक कुमार सिंह, अमीन समेत पुलिस बल मौजूद थे।

### जिला शिक्षा स्थापना समिति एवं कार्यकारिणी शिक्षा समिति की मासिक समीक्षा हुई बैठक

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला शिक्षा स्थापना समिति तथा जिला कार्यकारिणी शिक्षा समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालयों के संचालन, शिक्षकों की उपस्थिति, अधोसंरचना विकास, लंबित प्रस्तावों के निष्पादन एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक के दौरान विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई एवं आवश्यक प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक सहित शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### सार्जेंट मेजर बने संजय कुमार सिंह का पुलिस लाइन में सम्मान

**साहिबगंज :** पुलिस लाईन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने पीपिंग शिरोमणि आयोजित करते हुए सार्जेंट से प्रोन्नति पाकर सार्जेंट मेजर बने संजय कुमार सिंह को बैच लगाकर सम्मानित किया। जहां इस मौके पर कई अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने भी प्रोन्नत हुए सार्जेंट मेजर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वही इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सार्जेंट मेजर में प्रोन्नति पाने वाले संजय कुमार सिंह का जल्द ही यहां से अन्य जिले में तबादला हो जाएगा।

## झारखंड के पशुपालन कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड पशुपालन विभागीय ए.आई. कर्मचारी संघ ने 15 अक्टूबर 2025 से पूरे राज्य में अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू करने की घोषणा की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजू रजक, महामंत्री राजेश कुमार महतो और मुख्य सचिव अशोक कुमार सिंह ने बताया कि राज्य सरकार से बार-बार लिखित आश्वासन के बावजूद अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संघ ने बताया कि 26 सितंबर 2024 को हुई विभागीय बैठक में सरकार ने एआई कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय भुगतान, सेवा नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने और कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त कर्मियों को मुआवजा व स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने का वादा किया था। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी इन बिंदुओं पर कोई प्रगति नहीं हुई, जिससे कर्मियों में भारी आक्रोश है। रांची मुख्यालय से मिले निर्देश के बाद साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका, देवघर, हजारीबाग और अन्य सभी जिलों के एआई कर्मियों ने भी हड़ताल पर चले जाने की घोषणा कर दी है। संघ ने स्पष्ट किया कि हड़ताल के दौरान कृत्रिम गभार्धान, पशु टीकाकरण, दवा वितरण और प्रजनन से संबंधित तकनीकी कार्य पूरी तरह ठप रहेंगे। हड़ताल के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन और पशु स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की संभावना है। पशुपालन विभाग के एआई कर्मी गांवों में पशुधन विकास, नस्ल सुधार और रोग नियंत्रण की मुख्य कड़ी हैं इनके काम ठप रहने से दूध उत्पादन में गिरावट आ सकती है और पशुपालकों की आमदनी प्रभावित होगी। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि यह आंदोलन लंबा चला तो पशु रोगों पर नियंत्रण मुश्किल हो जाएगा और सहकारी दुग्ध समितियों को भी नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रशासनिक स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था की कोशिशें जारी हैं, पर प्रशिक्षित कर्मियों की कमी से यह चुनौतीपूर्ण है। संघ ने कहा है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर लिखित निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## नगर परिषद साहिबगंज की ओर से साफ-सफाई अभियान लगातार जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** आगामी छठ महापर्व को लेकर नगर परिषद साहिबगंज की ओर से साफ सफाई अभियान लगातार जारी है। जहां इसी क्रम में गुरुवार को नगर परिषद की टीम के द्वारा गंगा तट स्थित शकुंतला सहाय घाट, मुक्तेश्वर घाट और मदन मालवीय मोहन घाट की व्यापक साफ सफाई की गई। उधर सफाई कार्य के दौरान घाटों पर जमा गंदगी, कचरा और जलकुंभी को हटाया गया। साथ ही साथ आसपास के क्षेत्रों की भी साफ सफाई कर पूजा अर्चना करने के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया गया। जहां इसको लेकर नगर परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी घाटों पर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है। जहां आने वाले दिनों में अन्य घाटों की भी इसी तरह विशेष साफ सफाई की जाएगी ताकि व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी




**बोकारो :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में चल रहे तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा आज दिनांक 16 अक्टूबर को डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-08/इ, में विद्यार्थियों के लिए नारा एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 25 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों सतर्कता, ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। विद्यार्थियों ने "सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर अपने विचारों को नारा एवं भाषण के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।नारा प्रतियोगिता में शिवम् राज झा को प्रथम, सुभाष राज झा को द्वितीय, आशीष को तृतीय तथा अनिशा को सान्तवना पुरष्कार के लिए चयनित किया गया। हिंदी भाषा के भाषण प्रतियोगिता में नयनतारा को प्रथम, सिमरन को द्वितीय, खुशबु को तृतीय तथा रूबी को सांत्वना पुरष्कार एवं अंग्रेजी भाषा के भाषण प्रतियोगिता में प्रियांशु को प्रथम, अंकिता को द्वितीय, रिजवान को तृतीय तथा आयुषी को सांत्वना पुरष्कार के लिए चयनित किया गया।

## खनन निरीक्षक ने पाकुड़िया अंचल स्थित विभिन्न खनन चेकपोस्टों का किया औचक निरीक्षण




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/पाकुड़िया :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार के निदेर्शानुसार खनन निरीक्षक सुबोध सिंह एवं खनन निरीक्षक नवीन कुजूर के द्वारा आज पाकुड़िया अंचल स्थित गणपुरा, बेनाकुड़ा खनन चेकपोस्टों एवं पाकुड़िया थाना स्थित चेकपोस्ट, राधानगर चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहनों की आवाजाही, चालान की वैधता, परिवहन अनुमति पत्र, रॉयल्टी स्लिप एवं अभिलेखों की गहन जांच की गई। साथ ही, मौके पर उपस्थित कर्मियों को खनिज परिवहन में पारदर्शिता बनाए रखने तथा बिना वैध कागजात के किसी भी वाहन को नहीं गुजरने देने का निर्देश दिया गया। वहीं खनन निरीक्षक सुबोध सिंह ने कहा कि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि खनन नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने चेकपोस्टों पर आवश्यक अभिलेखों के संधारण, निगरानी रजिस्टर के अद्यतन एवं सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की। इसके अलावा खनन निरीक्षक ने बताया कि एनजीटी द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की अवधि 15 अक्टूबर को समाप्त हो गई है, जिसके आलोक में खनन एवं परिवहन कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा एवं जांच की गई।

## मारपीट में तीन लोग हुए थे गंभीर घायल पुलिस कांड दर्ज कर छानबीन कर रही

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी प्राणपुर पंचायत के मुमताज टोला गांव में बीते सितंबर महीना में पड़ोसियों के बीच मामूली विवाद में एक महिला पर जानलेवा हमला कर दिया गया और महिला के साथ मारपीट कर सोने का हार छीन लिया गया था। पीड़ित महिला के मामा रिंटु शेख ने इस संबंध में राधानगर थाना में शिकायत दर्ज कर आठ नामजद लोगों को आरोपित बनाया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया है कि 06 सितंबर को संध्या पीड़ित महिला मीना खातून ने फोन करके अपने मामा रिंटु शेख को घर पर हुए हमले की सूचना दी। रिंटु शेख ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पड़ोसी मुस्ताक शेख, सलीम शेख, अनारूल शेख, अजीजुर शेख सहित कुल आठ लोगों ने साजिश के तहत एकजुट होकर मीना खातून के घर में घुसकर हमला किया था। हमलावरों ने मीना खातून और उन्हें बचाने आए मिन्टु शेख को लाठी, हँसुवा, लात और मुक्कों से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया था। रिंटु शेख और मक्तारूल शेख जब झगड़ा शांत कराने पहुंचे, तो हमलावरों ने उन पर भी डंडे और तलवार से वार कर दिया। इस दौरान अनारूल शेख ने रिंटु शेख के सिर पर तलवार से वार किया और उनके बाएं हाथ की कलाई पर भी चोट पहुँचाई। अनारूल शेख ने मीना खातून के सिर का बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया। साजु खातून ने मीना खातून के गले से पौने दो भरी सोने का हार छीन लिया था। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से झगड़ा शांत हुआ। मीना खातून, रिंटु शेख और मिन्टु शेख को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेजा गया, जहाँ तीनों की बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया गया है।

## टेरी माइनिंग की पहल: गोड्डा की 40 ग्रामीण महिलाएं कौशल विकास भ्रमण पर रवाना

- जिले के उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- रांची और हजारीबाग के प्रशिक्षण केंद्रों में महिलाएं लेंगी आधुनिक प्रशिक्षण की जानकारी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** टेरी माइनिंग के जीतपुर कोयला खनन परियोजना क्षेत्र की 40 ग्रामीण महिलाएं कौशल विकास योजना के तहत रांची और हजारीबाग के प्रशिक्षण केंद्रों के अध्ययन भ्रमण पर रवाना हुईं। गोड्डा जिले के उप विकास उपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर इस दल को रवाना किया। तीन दिवसीय यह भ्रमण 16 से 18 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतिभागी महिलाएं रांची स्थित प्रेक्षा ट्रेनिंग सेंटर, बुंडू स्थित कल्याण गुरुकुल, नगरटोली स्थित कौशल कॉलेज, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कांके और हजारीबाग स्थित एनटीपीसी स्किल सेंटर जैसे संस्थानों का दौरा करेंगी। इस दौरान उन्हें प्रशिक्षण प्रक्रियाओं, पशुपालन इकाइयों, कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुख गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षण, औद्योगिक दौरा, प्रेरणात्मक सत्र और विशेषज्ञ व्याख्यानों से भी जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर टेरी माइनिंग प्रा. लि. के परियोजना प्रमुख रितेश तिवारी ने बताया कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास और कौशल विकास को बढ़ावा देते हैं, जिससे वे भविष्य में स्वयं और अपने समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण में भूमिका निभा सकेंगी। यह कार्यक्रम टेरी माइनिंग प्रा. लि. द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। प्रतिनिधिमंडल को गोड्डा के उप विकास उपायुक्त महोदय ने प्रस्थान स्थल से शुभकामनाओं सहित रवाना किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने दीपावली, काली पूजा व छठ पर्व को लेकर की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी, दिए कई निर्देश



**साहिबगंज :** पुलिस लाइन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में गुरुवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसपी अमित कुमार सिंह ने की। अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। एसपी ने दीपालवी, काली पूजा व छठ पर्व को लेकर भीड़ से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी करने, बैकअप प्लान तैयार करने, पूजा समितियों सदस्यों की सूची तैयार करने, फूहड़ व धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला गाना नहीं बजाना सुनिश्चित कराने, पूजा पंडाल के इर्दगिर्द नशा उत्पादों पर रोक लगाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करें। गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें। चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें। चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखें। उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकल कसने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने, जमीनी विवाद पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर सदर डीएसपी विजय कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, सभी पुलिस निरीक्षक सहित जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

### तेज रफ्तार हाइवा ने साइकिल चालक को मारी टक्कर, मौके पर युवक की दर्दनाक मौत



**साहिबगंज :** जिले के मिजाचौकी थाना क्षेत्र के गांधीनगर-मुरदारी सड़क पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मिनी हाइवा की चपेट में आने से सरदरबाद पीरपैंती, जिला भागलपुर के निवासी अलाउद्दीन अंसारी का 35 वर्ष पुत्र अजीज अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मिजाचौकी-बुआरीजोर मुख्य सड़क को जाम कर दिया और मृतक को न्याय दिलाने की मांग की। घटना उस वक्त घटी जब मिनी हाइवा दिन में 12:40 के लगभग कीर्तनीया गिट्टी मंडी की ओर जा रहा था। रास्ते में नीम गाछी चौक के पीछे साइकिल सवार अजीज अंसारी को हाइवा ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाइवा चालक के भागने की कोशिश में हाइवा बिजली के पोल से जा टकराया लेकिन मौका पाकर चालक फरार हो गया। उधर सूचना मिलते ही मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव, एसआई महेंद्र सिंह, एसआई विक्रम कुमार बाउरी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और उग्र भीड़ को शांत करने की अपील की। और हाइवा को पुलिस ने जब्त कर लिया। मृतक की पत्नी जुबेदा खातून ने बताया कि अजीब अंसारी तीन बच्चों का पिता थे। वह ट्रैकों में ग्रीसिंग का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। वही फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। जहां सदर अस्पताल के डॉक्टर केशव कृष्णा ने शव का पोस्टमार्टम किया, उसके उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है और फरार चालक की तलाशी जारी है। जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा है।

### जिला स्थापना समिति व अनुकंपा समिति की हुई बैठक



**साहिबगंज :** कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 16 मामलों को रखा गया। बैठक में डीसी ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों का जांच किए। दस्तावेजों में शामिल आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है। उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया। स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों एवं सेवा संतुष्टि के 05 मामले, विभागीय कार्रवाई के 08 मामले, स्थानांतरण के 64 मामले को रखा गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सतिश चंद्रा, जिला स्थापना उप समाहर्ता झुनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का व अन्य उपस्थित थे।

### गोराबाड़ी हटिया परिसर में सैकड़ो फलदार पौधा का वितरण



**साहिबगंज :** गंगा मिशन कोलकाता की ओर से गुरुवार को शहर के गोराबाड़ी हटिया परिसर में सैकड़ो फलदार पौधा का वितरण हटिया में आए लोगों के बीच किया गया। गंगा मिशन के सुरेश निर्मल ने बताया कि गुरुवार को गंगा हरित अभियान के तहत हटिया परिसर में आम, अमरूद, लीची, शरीफा, कटहल, बेल, सपाटु, शहतूत सहित सैकड़ो फलदार पौधा का वितरण किया गया। फलदार पौधा वितरण का उद्देश्य शहर सहित जिला हरा भरा स्वच्छ सुंदर पर्यावरण हरा भरा रहे। मौके पर गंगा मिशन के सदस्य उपस्थित थे।

# आर.जे.डी भाजपा जे.डी.यू.-कांग्रेस के दफ्तरों पर गुस्साए कार्यकर्ताओं की भीड़





**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे और पहले फेज के लिए नामांकन के बीच बुधवार को राजद, बीजेपी, जदयू, कांग्रेस के दफ्तरों में आक्रोशित कार्यकताओं की भीड़ जुटी रही। इनमें कुछ ऐसे थे, जो अपने नेता के टिकट काटे जाने के बाद पार्टी दफ्तर में विरोध जताने आए थे। कुछ ऐसे भी थे, जिनका कहना था कि पिछले 40 साल से हम पार्टी का झंडा-डंडा ढो रहे हैं। इसके बावजूद हमें टिकट नहीं दिया गया। जो कभी पार्टी में नहीं रहे। पार्टी के लिए कभी ग्राउंड पर काम नहीं किया। हाल में आए हैं, उन्हें टिकट दिया जा रहा है। पहले फेज के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 17 अक्टूबर है, लेकिन पहले फेज में शामिल कई ऐसी विधानसभा सीट हैं, जिस पर कैंडिडेट्स की घोषणा नहीं हुई है। कैंडिडेट्स की घोषणा में हो रही देरी को लेकर एनडीए और महागठबंधन में शामिल पार्टियों के दफ्तरों की पड़ताल की। वहां मौजूद पार्टी के कार्यकताओं, संभावित प्रत्याशियों के समर्थकों से बातचीत की। आइए, जानते हैं, किस पार्टी के दफ्तर में क्या माहौल है और संभावित प्रत्याशी के समर्थक, कार्यकताओं का क्या कहना हैं।जदयू कार्यालय में अब तक जारी प्रत्याशियों की लिस्ट लगाई गई है। जिन विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है, उन सीटों के संभावित प्रत्याशियों के समर्थक जदयू ऑफिस पहुंचे और अपने नेता के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। उनके लिए टिकट की मांग कर रहे थे। जदयू कार्यालय में मधेपुरा सदर से आए एक बुजुर्ग ने खुद को पार्टी का समर्पित और पुराना कार्यकर्ता बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनके साथ ठीक नहीं किया है। बुजुर्ग ने अपना नाम डॉ राम चंद्र मेहता बताया और कहा कि मधेपुरा छोड़िए, पूरे जदयू में कोई ऐसा नहीं होगा जो मुझे नहीं जानता होगा। डॉ राम चंद्र मेहता ने कहा कि मुझे टिकट चाहिए। नीतीश बाबू खुद ठीक हैं, लेकिन उनके घटक दल के नेता इन्हें डूबा रहे हैं। खुद पैसा ले लेते हैं और दूसरों को टिकट दे देते हैं। ऐसे लोगों को टिकट दिया गया है, जो कभी पार्टी में रहे ही नहीं हैं। जो पार्टी में रहा है, जिसने काम किया है, उसे टिकट ही नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने लंबे समय तक पार्टी में रहकर काम किया है, पार्टी का झंडा और झोला ढोया, लेकिन मुझे क्या मिला? बीजेपी कार्यालय में राम सूरत राय के समर्थन में शर्ट खोलकर किया विरोध प्रदर्शन बीजेपी कार्यालय में दो अलग-अलग गुट में पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने नेताओं के समर्थन में नारेबाजी करते दिखे और आलाकमान से अपने फैसले पर दोबारा सोचने की अपील कर रहे थे। दरअसल, मुजफ्फरपुर के औराई से वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री राम सूरत राय का टिकट काट दिया गया है। राम सूरत राय की जगह बीजेपी ने पांच दिन पहले कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जॉइन करने वाले पूर्व सांसद अजय निषाद की पत्नी रमा देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के इस फैसले से खफा कार्यकताओं ने शर्ट खोलकर पार्टी के फैसले का विरोध किया और दोबारा सोचने की अपील की। लाल बाबू राय नाम के कार्यकर्ता ने कहा कि राम सूरत राय विकास पुरुष हैं। वे फिलहाल विधायक हैं। औराई विधानसभा सीट पर कभी बीजेपी नहीं जीती थी, वहां से राम सूरत राय को 48 हजार से अधिक वोटों से जीताकर विधानसभा भेजे थे। वहीं, भोला चौधरी नाम के कार्यकर्ता ने कहा कि, हम लोग मुजफ्फरपुर विधानसभा सीट के कार्यकर्ता हैं। हम लोग सुरेश शर्मा को टिकट देने की अपील करने के लिए पहुंचे हैं। 1000 कार्यकर्ता पार्टी दफ्तर पहुंचे हैं। इसमें मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, जिला अध्यक्ष समेत पार्टी के छोटे से बड़े कार्यकर्ता हैं।वीरचंद पटेल पथ पर राजद कार्यालय में पिछले चार-पांच दिनों से भोज चल रहा है। राजद की मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह कहती हैं, हर दिन चार हजार लोगों को यहां भोजन कराया जा रहा है। सुबह 10-11 बजे से भोजन कराया जा रहा है। भोजन के मेनू है- दाल-भात, सब्जी, पापड़-तिलौड़ी।

मुकुंद सिंह ने बताया कि, ये सिलसिला सुबह से दिन भर चलता रहता है। हम किसी को रोकते भी नहीं हैं।वहीं, राजद की सीनियर नेता और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के बाहर कुछ महिलाएं पिछले 15 दिनों से धरना-प्रदर्शन करती दिखीं। जब उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि हम लोग भोजपुर जिले की बड़हरा विधानसभा सीट के वोटर्स हैं।उन्होंने बताया कि हम लोग बड़हरा विधानसभा सीट के लिए रघुपति यादव को टिकट देने की मांग कर रहे हैं। एक महिला ने कहा कि रघुपति भइया को टिकट दिया जाए। हम लोगों को भरोसा है कि रघुपति यादव को टिकट मिल जाएगा, हम लोग टिकट लेकर ही घर जाएंगे।कांग्रेस के सदाकत आश्रम के अंदर सन्नाटा पसरा था। हालांकि, एक जगह कुछ लोग खड़े थे, जो बांह पर काली पट्टी बांधकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। जब उनसे बात की तो उन्होंने खुद को बिक्रम विधानसभा सीट का वोटर बताया।एक कार्यकर्ता ने बताया कि हम लोगों की मांग है कि डॉ अशोक गगन को टिकट दिया जाए। जो पार्टी के लिए काम करता है, उन्हें टिकट नहीं मिलता है, लेकिन जो कुछ दिन पहले पार्टी में आता है, उन्हें पैसा के बल पर टिकट मिल जाता है।कांग्रेस प्रवक्ता बोले- महागठबंधन में कोई पेंच नहीं कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होने में देरी को लेकर पूछे गए सवाल पर कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौर बताते हैं, 'हमारे महागठबंधन में कहीं कोई विवाद नहीं है। विवाद तो एनडीए गठबंधन में है। भाजपा ने लिस्ट जारी कर दिया है, लेकिन जदयू की लिस्ट जारी नहीं हो रही है, उल्टा सांसद इस्तीफा दे रहे हैं। सांसद कह रहे हैं कि नीतीश से मिलने नहीं दिया जाता है, विजय चौधरी, संजय झा और ललन सिंह विधायकों को नीतीश से मिलने तक नहीं देते हैं।' 'नीतीश कुमार ने एलजेपी की सीट पर अपने प्रत्याशियों को सिंबल दे दिया है। एनडीए में सिर फुटव्वल है।'कांग्रेस का प्रदर्शन पिछली बार खराब था, इसलिए तेजस्वी सीएम नहीं बन सके थे। इस सवाल पर गोपाल कृष्ण ने कहा कि ये बातें कुछ लोगों ने प्लांट किया था। चिराग ने 142 पर लड़कर एक सीट जीती थी, उनके पिता रामविलास पासवान ने 2010 में लालू यादव के साथ मिलकर 75 में से तीन सीटें जीते थे। प्रदर्शन के कई फैक्टर्स है। पिछली बार इंडिया गठबंधन ने 110 सीटें जीती थी, उन्होंने 122 सीटें जीती थी। रिजल्ट रात 3 बजे तक घोषित किया गया था। वे चुनाव जीते नहीं, जिताया गया था। जनता हमारे साथ है। उन्होंने पैसा बांटने का तंत्र खरीदने का काम किया था।

## संक्षिप्त डायरी

### मोतिहारी में स्मैक तस्कर के घर छापा



**मोतिहारी।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। छतौनी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर खोदानगर मोहल्ले में छापेमारी कर स्मैक की पुड़िया बरामद की। हालांकि, मुख्य तस्कर और उसके सहयोगी मौके से फरार हो गए।पुलिस के अनुसार, छापेमारी की भनक लगते ही मुख्य तस्कर मो. साहब और उसके सहयोगी मौके से भाग निकले। पुलिस ने घर की तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में पुड़िया बनाकर रखे मादक पदार्थ जब्त किए।सूचना पर की छापेमारीथानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि, उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि, खोदानगर निवासी मो. साहब अपने घर में स्मैक लाकर पुड़िया बनाकर बेचता है। सूचना मिलने पर वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया, जिनके निर्देश पर एक छापेमारी दल गठित कर भेजा गया।पुलिस दल के पहुंचते ही तस्कर घर छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाकर मादक पदार्थ बरामद किया। बरामद माल को थाने लाकर नशीले पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि, फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि, नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर नहीं चलने दिया जाएगा और शराब तथा मादक पदार्थ तस्करों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।चुनाव माहौल को प्रभावित करने की साजिशस्थानीय सूत्रों के अनुसार, खोदानगर इलाके में कुछ समय से नशे के अवैध कारोबार की शिकायतें मिल रही थीं। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जिला पुलिस ऐसे नेटवर्क पर नकेल कस रही है, ताकि असामाजिक तत्व चुनावी माहौल को प्रभावित न कर सकें।पुलिस सूत्रों ने बताया कि, बरामद पदार्थ को फोरेंसिक प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि उसके प्रकार और मात्रा की पुष्टि हो सके। पुलिस फरार तस्करों की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।पुलिस का यह अभियान चुनाव से पहले अपराध और नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### जमुई में टोटो की टक्कर से महिला की मौत



**जमुई।** के खैरा प्रखंड में एक सड़क हादसे में 53 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बुधवार शाम सोनो की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार टोटो ने जीत झिंगोई पंचायत के सरसा टोला के पास काली देवी नामक महिला को टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल काली देवी को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रात करीब नौ बजे उनकी मौत हो गई।दुर्घटना के बाद टोटो चालक मौके से फरारघटना की सूचना मिलते ही खैरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पति बाबूलाल चौधरी और पुत्र ने ताया कि दुर्घटना के बाद टोटो चालक मौके से फरार हो गया था।हालांकि, ग्रामीणों ने टोटो को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। खैरा थाना प्रभारी मंटू कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार टोटो चालक की तलाश जारी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार टोटो चालकों के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने ऐसे चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जमुई में मंदिर-ठाकुरबारी की जमीन पर अतिक्रमण



**जमुई।** के टाउन थाना क्षेत्र स्थित मनियड्डा गांव में बुधवार शाम ग्रामीणों ने मंदिर और ठाकुरबाड़ी की जमीन पर कथित अतिक्रमण के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।लगभग पांच दर्जन ग्रामीण वार्ड सदस्य पवन यादव के नेतृत्व में टाउन थाना पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार को एक लिखित आवेदन सौंपा और मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी नवीन कुमार, रढ विश्वजीत दयाल, रउट सौरभ कुमार और अंचलाधिकारी ललिता कुमारी को भी ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है।साल 1921 से धार्मिक और सामुदायिक उपयोग मेंार्ड सदस्य पवन यादव ने बताया कि गांव के अर्जुन राम का बेटा रंजीत राम, इन्द्रदेव राम और अनिक राम सालों पुरानी ठाकुरबाड़ी और दुर्गा मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जमीन साल 1921 से धार्मिक और सामुदायिक उपयोग में है, लेकिन अब दबंग परिवार इस पर जानवर बांधता है और शौचालय की टंकी भी बनवा दी है।फैसले को मानने से इनकार कर रहा उक्त परिवारपवन यादव ने यह भी बताया कि कुछ साल पहले गांव में तत्कालीन जिला परिषद सदस्य स्व. राजू यादव की अध्यक्षता में एक पंचायत हुई थी। उस पंचायत में सर्वसम्मति से मंदिर परिसर में किसी भी निजी निर्माण या उपयोग पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय को सभी ने लिखित रूप में स्वीकार किया था, लेकिन अब उक्त परिवार उस फैसले को मानने से इनकार कर रहा है। दुर्गा मंदिर का निर्माण भी किया गया ग्रामीणों के अनुसार, यह जमीन (खाता संख्या 249, खसरा संख्या 614) उनके पूर्वजों रामसेवक कहार, झारी कहार और पंचान महतो ने मसोमात जीरिया से मात्र 10 रुपए में खरीदी थी। बाद में उन्होंने यह 6 डिसमिल जमीन ग्राम समाज को ठाकुरबाड़ी और अन्य सामाजिक कार्यों के लिए दान कर दी थी। इसी परिसर में बाद में दुर्गा मंदिर का निर्माण भी किया गया था।ग्रामीणों ने बताया कि अर्जुन राम की मौत के बाद उनके बेटों ने इस पवित्र स्थल को निजी उपयोग में लेना शुरू कर दिया है, जिससे गांव में रोष व्याप्त है।ग्रामीणों ने दी आंदोलन करने की चेतावनी ठाकुरबारी के मुख्य द्वार को निजी रास्ता बना लिया गया है और धार्मिक स्थल पर उपला ठोककर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाई जा रही है। ग्राम समाज और दानदाताओं के उत्तराधिकारी दामोदर राम, अजयराम, सत्यनारायण राम, सन्नी राम समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए और मंदिर परिसर व ठाकुरबारी की जमीन की चारदीवारी कर इसे ग्राम समाज को सौंपा जाए।

## नालंदा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**नालंदा।** में 21 साल की महिला की संदिग्ध हालत में बुधवार की देर शाम मौत हो गई। मामला बिहार थाना क्षेत्र के झींगनगर मोहल्ले का है। मृतका की पहचान झिंगनगर की रहने वाली रवि कुमार की पत्नी काजल कुमारी के रूप में की गई है। मायके वाले प्रताड़ना कर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचे। काजल के भाई रौशन कुमार ने आरोप लगाया कि जानबूझकर ससुराली परिवार के द्वारा फांसी लगाकर हत्या कर दी गई है। ससुराल के लोग बहन को प्रताड़ित करने का काम किया करते थे। दोपहर में फोन कर जानकारी दी गई की काजल की तबीयत खराब है। उसे इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जा रहे हैं।चार से पांच घंटे तक गाड़ी में घुमाने का आरोप मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि डॉक्टर के पास समय से पहुंचाने के बजाय काजल को चार से पांच घंटे तक गाड़ी में ही घुमाते रहे। काजल की मां को भी गाड़ी में बैठा लिया था। फोन करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा था। मां से बात भी नहीं करवा रहा था। इसके बाद शाम में जब घर पहुंचे तो देखा कि सोफे पर शव रखा हुआ है।घर की पहली मंजिल पर कमरे में फंदा लगा हुआ था, जिसे देखकर लग रहा था कि ऊंचाई होने के कारण जिसको देखने से साफ तौर पर प्रतीत हो रहा था कि उतनी ऊंचाई पर काजल उसे फंदे तक नहीं पहुंच सकती थी। कमरे में खून के धब्बे भी थे।दरअसल 7 फरवरी 2025 को गिरियक थाना क्षेत्र के अमदाहा गांव के रहने वाले रवींद्र प्रसाद ने अपनी बेटी काजल कुमारी की शादी बिहार थाना क्षेत्र के झिंगनगर के रहने वाले राम जी प्रसाद के पुत्र रवि कुमार के साथ किया था।वहीं इस मामले में बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## राजगीर में 18 लीटर शराब के साथ नाबालिग गिरफ्तार

**नालंदा।** थाना क्षेत्र में बुधवार को वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक टोटो से लगभग 18 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई शहरी-वन क्षेत्र सीमा स्थित मां जरा देवी मंदिर के पास की गई।थानाप्रभारी रमण कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई उपेंद्र राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टोटो की तलाशी ली। जांच के दौरान वाहन से 18 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। पुलिस ने मौके से टोटो वाहन और बरामद शराब को जब्त कर लिया है। टोटो चला रहे किशोर के नाबालिग होने की पुष्टि के बाद उसे बाल सुधार गृह भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रत्याशी की एक साल में 7 गुना बढ़ी आय





**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री डॉक्टर सुनील कुमार की आय में पिछले एक साल में 7 गुना बढ़ोतरी हुई है। डॉक्टर सुनील कुमार बिहार शरीफ विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी हैं। बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। पेश किए गए हलफनामे के मुताबिक, पेशे से डॉक्टर सुनील न केवल 17.5 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति के स्वामी हैं, बल्कि पिछले पांच साल में उनकी पारिवारिक दौलत में 6 करोड़ रुपए से भी अधिक का इजाफा हुआ है।चुनाव आयोग के समक्ष दाखिल शपथपत्र के मुताबिक, डॉ. सुनील और उनकी पत्नी की संयुक्त चल-अचल संपत्ति वर्तमान में 17.53 करोड़ रुपए है। इसकी तुलना 2020 के विधानसभा चुनाव से करें तो उस दौरान उनकी कुल पारिवारिक संपत्ति महज 11.35 करोड़ रुपए थी। यानी पिछले पांच साल में पांच वर्षों में उनकी कुल संपत्ति में 6.18 करोड़ रुपए की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है।मंत्री सुनील कुमार की चल संपत्ति में पिछले पांच साल में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। साल 2020 में डॉ. सुनील और उनकी पत्नी के नाम पर कुल 4.40 करोड़ रुपए की चल संपत्ति दर्ज थी। मौजूदा हलफनामे में यह राशि बढ़कर 9.53 करोड़ रुपए की हो चुकी है। यानी सिर्फ पांच वर्षों में चल संपत्ति में 5.13 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है।

दस्तावेजों के अनुसार, संपत्ति में इजाफा के पीछे की वजह इन्वेस्टमेंट और बिजनेस वेंचर्स को बताया गया है। हलफनामे में उनकी विभिन्न फर्मों में पूंजी शेष (कैपिटल बैलेंस) के रूप में काफी बड़ी धनराशि का उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त, उनकी पत्नी की अचल संपत्ति का बाजार मूल्य भी 1.95 करोड़ रुपए से बढ़कर 3 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।हलफनामे में सबसे अधिक ध्यान खींचने वाला तथ्य डॉ. सुनील की घोषित वार्षिक आय में अचानक आई भारी बढ़ोतरी है। आयकर रिटर्न के ब्यौरे के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में उन्होंने अपनी सालाना आय मात्र 28.6 लाख रुपए दिखाई थी। लेकिन, फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के इनकम टैक्स रिटर्न में उनकी घोषित आय 1 करोड़ 67 लाख रुपए से अधिक हो गई है। यानी सालाना आय में 7 गुना का उछाल आया है।चुनावी हलफनामे में डॉ. सुनील कुमार ने अपने खिलाफ कुल 7 आपराधिक मामले लंबित होने की जानकारी दी है। इनमें से अधिकांश पुराने मामले हैं, जो दंगा भड़काने, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और संबंधित धाराओं से जुड़े हैं। हालांकि इन मामलों में से किसी में भी अभी तक दोषसिद्धि नहीं हुई है। संपत्ति के विस्तृत ब्यौरे से यह भी पता चलता है कि डॉ. सुनील हथियारों के शौकीन हैं। उनके पास विरासत में मिली एक राइफल और एक रिवॉल्वर है, जो वैध लाइसेंस के तहत रजिस्टर्ड हैं।

इसके अलावा, उनके पास 2021 मॉडल की टोयोटा इनोवा क्रिस्टा कार है।

सोने के आभूषणों के मामले में, डॉ. सुनील के पास अपने पिता के निधन के बाद प्राप्त 400 ग्राम सोना है, जबकि उनकी पत्नी के पास 676 ग्राम सोना मौजूद है। जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़, 24 लाख 97 हजार 883 रुपए है।

# दादी की फोटो लेकर तेज प्रताप नामांकन के लिए निकले



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया जारी है। लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव दादी की फोटो लेकर नामांकन के लिए पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, 'ये मेरी दादी की फोटो है। उनकी आत्मा मेरे साथ है।'तेज प्रताप ने राजद से अलग होने के बाद अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल बनाई हैं। वे महुआ से चुनाव लड़ रहे हैं। तेजप्रताप यादव ने कहा, हमारे माता-पिता और दादी सब मेरे साथ हैं। हमारी दादी सर्वोच्च हैं और हमारी गुरु भी हैं। सबका आशीर्वाद होता है, तो आगे कोई चुनौती नहीं होती। कैदी वैन से रीतलाल यादव दानापुर सीट से पर्चा भरने पहुंचे। वैन से उतरे हुए उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया। इस सीट से एनडीए ने पूर्व सांसद रामकृपाल यादव को उतारा है। इससे पहले डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने तारापुर अनुमंडल कार्यालय में नॉमिनेशन किया। इससे पहले उन्होंने तारापुर के रत्नेश महादेव मंदिर में पूजा की। नामांकन के बाद उन्होंने रोड शो भी किया। बीजेपी से बांकीपुर विधानसभा से नितिन नवीन नामांकन करेंगे। उन्होंने भी पटना के कालीघाट में पूजा की। उन्होंने कहा, 'बांकीपुर मेरी कर्मभूमि है और मैंने यहां के लोगों की सेवा का संकल्प लिया है।इधर, बेगूसराय में नामांकन के दौरान हंगामा हुआ। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर कांग्रेस और बीजेपी कार्यकताओं को खदेड़ा।दानापुर से पूर्व सांसद रामकृपाल भी पर्चा भरेंगे। उनके नामांकन में यूपी के CM योगी आदित्यनाथ, गोवा के उट प्रमोद सावंत, छत्तीसगढ़ के CM विष्णु देव साय, त्रिपुरा के CM माणिक शाहा, ओडिशा के CM मोहन माझी, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, मनसुख मांडविया, वीरेंद्र कुमार, गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, अनुराग ठाकुर, पवन कल्याण, राजेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज केसी मौर्य आदि नेता शामिल रहेंगे। दानापुर से ही बाहुबली रीतलाल यादव भी आज दोपहर 3 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। वो राजद से चुनावी मैदान में उतरेंगे। फिलहाल वो अभी जेल में हैं। महागठबंधन में हिलसा विधानसभा से शक्ति सिंह यादव, बख्तियारपुर से अनिरुद्ध प्रसाद यादव नॉमिनेशन करेंगे। इसके अलावा पूर्व IPS शिवदीप लांडे आज मुंगेर के जमालपुर विधानसभा से पर्चा दाखिल करेंगे। शिवदीप लांडे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नॉमिनेशन देंगे। IPS की नौकरी छोड़कर शिवदीप लांडे चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। शिवदीप जमालपुर और अररिया दो सीट से चुनाव लड़ेंगे। जेल से पर्चा भरने आए रीतलाल यादव ने कहा, हमारे अभिभावक लालू यादव का आदेश मिला है। जनता की सेवा करेंगे। वही बीजेपी प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव को लेकर कहा कि वे 27 सालों तक आरजेडी में संवैधानिक पद रहे हैं। वही 10 साल से NDA में भी संवैधानिक पद पर रहे। हर बार किसी न किसी पद पर रहेंगे तो दानापुर के कार्यकर्ता क्या करेंगे। दानापुर की जनता के अधिकार का क्या होगा। सबका अधिकार ये खुद छीनना चाह रहे है। ये खुद ही MP और विधायक का चुनाव लड़ेंगे। प्रधान महासचिव और MLC यही बनेंगे। दानापुर की जनता मर गई है क्या.. दानापुर की जनता का जमीर जिंदा है। रामकृपाल को बाहरी बताते हुए कहा कि दानापुर की जनता को घर का बेटा चाहिए न की बाहरी। वो ऐसे व्यक्ति हैं जिसने हर किसी को धोखा दिया है।मुंगेर के तारापुर सीट से सम्राट चौधरी चुनावी मैदान में हैं। आज वो हेलिकॉप्टर से चुनावी सभा के लिए पहुंचे। उनके साथ छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी पहुंचे। साथ ही डिप्टी सीएम के पिता ने भी सभा को संबोधित किया। शकुनी चौधरी ने कहा, 'मैंने कभी अपने बेटे के लिए वोट नहीं मांगा, आज मांग रहा हूं। मेरा 35 हजार वोट से जीतने का रिकॉर्ड है, तो मेरे बेटे का इससे ज्यादा ही होना चाहिए।'

# शरबती आंखों की कैसे करें सुरक्षा



**आधुनिकता के बढ़ते दौर के कारण आज रोज-मर्रा की जिंदगी में कई मशीनों ने जगह बना ली है और इन सबमें सबसे आम है कम्प्यूटर। आज अधिकांश लोग दिन के 24 घंटों में से 10-12 घंटे कम्प्यूटर के सामने ही बिता रहे हैं।**



**दिनभर** ऑफिस में काम करते हुए तो कम्प्यूटर स्क्रीन आंखों के सामने रहती ही है और घर में इसका स्थान टीवी ले लेती है। ऑफिस जाने वाले लोगों की तो मजबूरी है कि उन्हें इतने समय कम्प्यूटर पर काम करना पड़ता है क्योंकि आज अधिकांश कार्यालयों में बिना कम्प्यूटर के काम ही नहीं होता, लेकिन स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों के लिए तो यह इतना अहम हो गया है कि इसके बिना वे अपने आप को असहाय महसूस करने लगते हैं। अगर वे कम्प्यूटर से हटते तो मोबाइल में लग जाते।

स्वभाविक सी बात है कि इतना समय कम्प्यूटर, टीवी, मोबाइल के सामने बिताना आपकी आंखों के लिए अच्छा नहीं है। आपकी आंखों पर इसका बुरा असर पड़ना लाजमी है। लेकिन अपनी आदतों में सुधार कर आप आंखों को इसके प्रभावों से बचा सकते हैं। नीचे दिए कुछ उपयोगी टिप्स अपनाएं और आंखों को स्वस्थ रखें।

▸ आपकी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है कि आपके कम्प्यूटर की जमावट सही हो। मॉनीटर, कीबोर्ड का सही जगह होना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे मॉनीटर की आपकी आंखों से दूरी एक हाथ बराबर हो और वह आंखों के लेवल से 20 डिग्री नीचे हो। कीबोर्ड भी ऐसी जगह होना जाहिए जहां आपको टाइप करने में कोई भी दुविधा न हो।

▸ आप जहां बैठे हैं उस कमरे का प्रकाश फैला हुआ होना चाहिए। आपके सिस्टम पर प्रकाश सीधे नहीं पड़ना चाहिए। अपने सिस्टम के कलर, कंट्रास और ब्राइटनेस को अपने अनुसार सेट करें जो आपकी आंखों के लिए सहज हो।

▸ आप अपने चश्मे के लेंस पर एंटी-रिफ्लेक्टिव पर्त लगवा सकते हैं जो आपकी आंखों को कम्प्यूटर से निकलने वाली हानिकारक किरणों से बचाएगा। इसके अलावा आप आंखों के डॉक्टर से कन्सल्ट कर एक खास चश्मा बनवा सकते हैं जो विशेषकर उन लोगों के लिए बनाया जाता है जो कम्प्यूटर का अधिक इस्तेमाल करते हैं।

▸ हमेशा 20-20-20 नियम याद रखें। इन तीन स्टेप्स को अपनाकर आप आंखों की हिफाजत बखूबी कर सकते हैं।

● कम्प्यूटर पर काम करते हुए हर 20 मिनिट बाद अपने सिर को घुमाएं और ऐसी किसी वस्तु पर नजर डालें जो कम से कम आप से 20 फीट दूर हो। ऐसा करने से आपकी आंखों की फोकस दूरी बदलेगी जो आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करेगी।

● छोटा-सा ब्रेक लें और उसमें अपनी पलकों को लगातार 20 बार झपकाए। ऐसा करने से आंखों की नमी बरकरार रहेगी।

● एक ही पोजीशन में बैठे रहने से अच्छा है कि आप हर 20 मिनिट में उठकर 20 कदम चलें। ऐसा करना आपकी आंखों के साथ-साथ पूरे शरीर के लिए लाभप्रद है। इससे आपके पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह आसानी से होगा। अन्यथा एक ही जगह बैठे रहने से रक्त प्रवाह में रुकावट आ जाती है।

▸ हम औसतन एक मिनिट में 12 बार पलक झपकाते हैं, लेकिन क्या आपको पता है जब हम कम्प्यूटर पर काम करते हैं तो एक मिनिट में सिर्फ 5 बार ही पलकें झपकती हैं। जिस कारण हमारी आंखों की नमी कम हो जाती है। और यही कमी हमारी असहजता का कारण बन जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप पलक झपकाना न भूलें और आंखों को नम बनाए रखने के लिए जेल या कृत्रिम आंसुओं का उपयोग करें।

▸ काम करते समय हमेशा तनकर बैठे ताकि आपका मेरूदंड सीधा रहे। अपनी हथेलियां आपस में तब तक रगड़ें जब तक कि वे थोड़ी गर्म न हो जाएं। हथेलियों की यह गर्माहट आपक?ी थकी हुई आंखों को आराम पहुंचाएगी। अपनी इन गर्म हथेलियों को हल्के से आंखों पर रखें और 60 सेकेण्ड तक आराम करें। अपने मन में ये 60 सेकेण्ड गिनें और जब भी आपकी आंखे थक जाएं तब कम से कम दो से तीन बार इस एक्सरसाइज को करें।

▸ ब्रेक के दौरान अपने चेहरे और आंखों को सादे पानी से धोएं। ऐसा करने से आप फ्रेश फील करेंगे।

▸ सुबह ऑफिस आने से पहले उपयोग किए गए दो टी-बैग्स फ्रिज में रखना न भूलें और जब आप घर जाएं तो इन टी-बैग्स को आंखों पर कुछ मिनिटों के लिए रखें। यह आपकी थकी हुई आंखों को आराम देने के साथ-साथ उनकी सूजन भी कम करेगा।

▸ आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है उचित खान-पान। अपने रोजाना के खाने में विटामिन ए, सी और ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर, चिकन और दुग्ध उत्पादों को भी अपने आहार में शामिल करें। अगर आप अपनी आंखों को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपनाने के साथ समय-समय पर आंखों की जांच कराना न भूलें।

# सर्द मौसम में महिलाएं रखें सावधानी

**बदलते** मौसम का अर्थ ढेरों बीमारियों को बुलावा। ऐसे में महिलाओं को अपना विशेष ध्यान रखना होता है। महिलाओं को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीमारी उन्हें जब तक पूरी तरह से न पकड़ ले, वे चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करती हैं। लापरवाही के कारण कभी-कभी बीमारियां इतनी गंभीर हो जाती हैं कि इलाज असंभव हो जाता है। पहले महिलाएं अज्ञानता के चलते ऐसा करती थीं। आज महिलाएं शिक्षित और समझदार हैं लेकिन आज भी सिर्फ ध्यान न देने की वजह से बीमारियां ने गंभीर रूप ले लेती हैं। महिलाओं को चाहिए कि अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और समय-समय पर डॉक्टरी परामर्श लेते रहें। * व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। व्यायाम ज्यादा पकाऊ न हो, इसके लिए रोज कुछ नया करने का प्रयास करें। जैसे सोमवार को सैर, मंगलवार को योग, बुधवार को एक्सरसाइज आदि। *व्यायाम करते समय अपनी पसंद का म्यूजिक सुनना बहुत जरूरी होता है। इससे मन प्रसन्न होता है, और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। * खाने में हरी सब्जी, फल, सलाद और जूस का नियमित सेवन करें। तेल-घी का ज्यादा उपयोग न करें। महिलाएं एक गिलास दूध प्रतिदिन पिएं। कैल्शियम और सोयायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। * बदलते मौसम में मॉइश्चराइजर का उपयोग करें। त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए एलोवेरा का उपयोग भी कर सकते हैं। दिनभर में लगभग 18 से 20 गिलास पानी पीने से आधी से ज्यादा बीमारियां दूर रहती हैं। * विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट दवाइयों का सेवन करें। महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर और बच्चादानी के कैंसर की समय-समय पर जांच कराती रहें। साथ ही अन्य चेकअप भी कराती रहें। * जो भी खाएं और पकाएं, हमेशा धोकर खाएं। कफ कोल्ड वाले इंसानों से दूर रहें। जितना हो सके बीमारियों से बचकर रहें।



# ठंड से बचाएं अपने नन्हे से दिल को

**जाड़े** की दस्तक के साथ ही मौज-मस्ती का सिलसिला शुरू हो रहा है। क्रिसमस से लेकर पूरे जनवरी महीने तक बेफिक्री का आलम रहेगा। रंग में भंग डालने की मेरी कोई मंशा नहीं है लेकिन मौज-मस्ती के अपने धांसू आइडिया के साथ अपने दिल की खैरियत के खयाल की गठरी भी बांध लें तो बेहतर होगा। इस दौरान दिल की तरफ से बेतकल्लुफ हो जाना खतरे से खाली नहीं है। ब्रिटेन के चर्चित कवि टीएस इलियट की तर्ज पर कहें तो दिल की परवाह नहीं की तो ये महीने सबसे निर्दयी साबित हो सकते हैं। खाने-पीने का दौर ही नहीं, जाड़े की ठिठुरन भी घातक साबित होती है। सीधे कहें तो इन महीनों में दिल के दौरे का खतरा बहुत बढ़ जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग तो खास खयाल रखें। हृदय रोगों के लिए ये महीने सबसे घातक होते हैं। ठंडे मौसम का हृदय रोगों से गहरा संबंध होता है। हृदय एवं रक्त संचार कई तरह से प्रभावित होते हैं। गाढ़ा हो जाने से रक्त का लसलसापन बढ़ जाता है। पतली रक्त नलिकाएं और संकरी हो जाती हैं। इससे रक्त का दबाव बढ़ जाता है, दिल की धड़कन बढ़ जाती है। यह स्थिति दिल के मरीजों के लिए तो ठीक नहीं ही है, उनके दिलों के लिए भी घातक हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा एवं कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों से लैस हैं। इस मौसम में श्वसन से संबंधित बीमारियां होती हैं जो दिल पर बुरा असर डालती हैं।

जाड़े में लोग शराब का अधिक सेवन करते हैं। उच्च रक्तचाप एवं खून को पतला करने सहित अन्य जरूरी दवाइयों से बचते हैं। मस्ती के दौरान उन लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते जो दिल के दौरे की तरफ इंगित करते हैं। छाती के दर्द तक को गैस या अपच के कारण हुआ समझने की भूल करते हैं। जाड़े में अधिक समय तक ठंड में रहने और खुली जगह में शारीरिक मेहनत करने से बचें तभी आपके दिल की गर्मजोशी बरकार रहेगी।

# आहार जो दे आपको सर्दियों में गर्मी

**सर्दी को** हमारे यहां सेहत बनाने का मौसम माना जाता है। खूब सारे फल आते हैं, पाचन-शक्ति अच्छी होती है और खूब भूख भी लगती है। कहा जाता है कि इस मौसम में पत्थर भी पचाए जा सकते हैं। ऐसे में जो लोग जिम जाकर बॉडी बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह मौसम बड़े काम का है।



इस मौसम में स्वस्थ रहने और सर्दी से बचने के लिए बाहरी उपायों के अतिरिक्त हमारे यहां खान-पान पर भी जोर दिया जाता है। इस मौसम में सर्दी-जुकाम होने की आशंका ज्यादा रहती है, ऐसे में अपने शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक्सपर्ट अपने खाने में नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स को शामिल करने का सुझाव देते हैं। ठंड के मौसम में अपने खाने में आंवले को शामिल करें। सीधे नहीं खा सकते हैं तो या तो मुरब्बे के तौर पर या फिर किसी और तरह से हर दिन के खान-पान में इस्तेमाल करें। यदि आप डाइट चार्ट का पालन कर रहे हैं तो फिर आंवला मुरब्बा लेने की बजाय किसी और रूप में लें। इसके साथ ही अजवाइन भी शरीर को गर्मी देने का अच्छा स्रोत है। इससे भी आप कोल्ड एंड फ्लू से बचाव कर सकते हैं। गुड़ और शहद भी सर्दियों के दिनों में अच्छा माना जाता है। तिल्ली और गुड़ के लड्डू सर्दी से बचाव के लिए बेहतरीन उपाय माना जाता है। ठंड के मौसम में सूखे मेवे, बादाम आदि का सेवन भी लाभदायक होता है। या तो इन्हें भिगोकर खाएं या दूध में मिलाकर या फिर सूखे मेवों का दरदरा पावडर-सा बना लें और इसे दूध में मिलाकर प्रोटीन शेक-सा बना लें। पारंपरिक तौर पर सर्दियों के लिए मेवे के लड्डू बनाए जाते हैं। आटे, बेसन या फिर उड़द या मूंग की दाल के आटे से लड्डू बनाए जाते हैं। गुजरात में उड़द की दाल के आटे से बने लड्डुओं को अड़दिया कहा जाता है, जबकि पंजाब में इन्हें दाल की पिन्नियों के नाम से जाना जाता है। डाइट एक्सपर्ट यह मानते हैं कि सर्दियों में देशी घी का उपयोग किया जाना चाहिए। यदि आप किसी डाइट चार्ट को फालो नहीं कर रहे हैं तो घी इस मौसम में अच्छा रोग प्रतिरोधक माना जाता है। यदि आप शक्कर और घी से परहेज करते हैं तो मौसमी फलों का सेवन करें। ताजी सब्जियों और मौसम के फलों के साथ गर्म दूध भी सर्दियों के लिए अच्छा माना जाता है।

# सूर्य-किरण थेरेपी क्या है?



**वैज्ञानिकों** की मान्यता है कि विविध रंगों का मानव के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव पड़ता है और प्रत्येक रंग के अपने विशेष आरोग्यकारक गुण होते है। रंग असंतुलन अर्थात रंगों की कमी या अधिकता के कारण मनुष्य के शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं। सामान्य रूप से देखने पर सूर्य का प्रकाश सफेद ही दिखाई देता है पर वास्तव में वह सात रंगों का मिश्रण होता है। कांच के त्रिपार्श्व से सूर्य की किरणों को गुजारने पर दूसरी ओर इन सात रंगों को स्पष्ट देखा जा सकता है। किसी विशेष रंग की कांच की बोतल में साधारण पानी, चीनी, मिश्री, घी, ग्लिसरीन आदि तीन-चौथाई भरकर सूर्य की किरणें दिखाने से या धूप में रखने से उस कांच द्वारा सूर्य के प्रकाश से उसी रंग की किरणों को ग्रहण किया जाता है और उसी रंग का तत्व और गुण पानी आदि वस्तु में उत्पन्न हो जाता है और वह सूर्यतप्त (सूर्य किरणों द्वारा चार्ज की गई वस्तु रोग-निवारण गुणों और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों से युक्त हो जाती है। इन सूर्यतापित वस्तुओं के उचित भीतरी और बाहरी प्रयोग से मनुष्य के शरीर में रंगों का संतुलन कायम रखा जा सकता है और अनेक प्रकार के रोगों को सहज ही दूर किया जा सकता है। यही सूर्य किरण चिकित्सा है। सूर्य की किरणों में सर्वरोगनाशक अद्भुत शक्ति है, यह बात हमारे ऋषि-मनीषी हजारों साल पहले अच्छी तरह जानते थे, परन्तु आधुनिक युग में सूर्य किरण चिकित्सा और रंग-चिकित्सा का अनुसंधान और विकास कार्य विदेशों में हुआ। अब सूर्य-किरण-चिकित्सा भारत में भी निरंतर लोकप्रिय होती जा रही है।



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय में रोहित, विराट सहित इन खिलाड़ियों का खेलना तय



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम अभी एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में है। भारतीय टीम को पहला एकदिवसीय 19 अक्टूबर को पर्थ में खेलना है। इसके लिए भारतीय टीम की अंतिम ग्यारह में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की जगह तय मानी जा रही है। ये दोनो ही बल्लेबाज करीब छह महीने के बाद खेलते नजर आयेंगे।

पहले एकदिवसीय में पारी की शुरुआत रोहित और कप्तान शुभमन गिल करेंगे।

ऐसे में यशस्वी जायसवाल को पहले मैच में बाहर बैठना पड़ेगा। वहीं नंबर 3 पर विराट उतरेंगे। ऑस्ट्रेलिया में उछाल भरी पिचों को देखते हुए विराट से अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद है। विराट के एकदिवसीय रिकॉर्ड की बात करें तो उन्होंने 302 मैचों की 290 पारियों में 14181 रन बनाए हैं। वह केवल 54 रन बनाते ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे। अभी श्रीलंका के कुमार संगाकारा दूसरे नंबर पर हैं।

वहीं चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर उतरेंगे। श्रेयस भी चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से ही टीम से बाहर हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। विकेट कीपर के तौर पर केएल राहुल खेलेंगे। वह 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। छठे नंबर पर ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी उतरेंगे। वह डेथ ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं। वहीं अगर शुरूआती विकेट जल्दी गिर गए तो संभलकर भी खेल सकते हैं। वह स्पिन और तेज गेंदबाजी को भी अच्छे से खेलते हैं। इसके अलावा वह मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं।

वहीं स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को शामिल किया जाएगा।

तेज गेंदबाजी की कमान मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा के पास रहेगी।

**संभावित अंतिम 11**

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेट कीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

# ओलंपिक चैंपियन तैराक एरियन टिटमस ने संन्यास की घोषणा की



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एरियन टिटमस ने तैराकी से संन्यास लेने की घोषणा कर खेल प्रेमियों को चौंका दिया है। 25 वर्षीय टिटमस ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद ब्रेक लिया था, लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह 2028 में लॉस एंजेलिस ओलंपिक की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी तैराकी में लौटेंगी।

टिटमस ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर कहा, %मुझे तैराकी शुरू से पसंद रही है। जब मैं छोटी थी, तब से यह मेरा जुनून रहा है। लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरे जीवन में कुछ चीजें तैराकी से थोड़ी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई हैं, और मुझे इसे स्वीकार करना चाहिए।%

पेरिस ओलंपिक 2024 में टिटमस ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में अमेरिका की केटी लेडेकी और कनाडा की समर मैकिन्टोश को पीछे छोड़ते हुए नया विश्व रिकॉर्ड बनाकर अपना खिताब बरकरार रखा। इसके अलावा, उनके नाम पर 200 मीटर फ्रीस्टाइल का भी विश्व रिकॉर्ड दर्ज है।

टिटमस ने अपने करियर में 33 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं, जिनमें ओलंपिक में 4 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य शामिल हैं, साथ ही उन्होंने चार विश्व खिताब भी अपने नाम किए हैं।

## अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने



**दुबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना को क्रमशः एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला वनडे श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद सितंबर के लिए आईसीसी के महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अभिषेक ने इस दौरान सात मैच में 44.85 के औसत और 200 के शानदार स्ट्राइक-रेट से 314 रन बनाए।

एशिया कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट% चुने गए 25 वर्षीय इस खिलाड़ी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में अब तक के अपने सर्वोधिक रेटिंग अंक भी हासिल किए। उन्होंने टीम के अपने साथी कुलदीप यादव और जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट को पछाड़कर महीने के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का गौरव पाया।

अभिषेक ने कहा, 'आईसीसी का यह पुरस्कार जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है और मुझे खुशी है कि यह मुझे कुछ महत्वपूर्ण मैचों के लिए मिला है जिनमें मेरी मदद से जीत संभव हो सकी। मुझे उस टीम का हिस्सा होने पर फक्र है जो सबसे कठिन परिस्थितियों में भी जीत दिला सकती है। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हमारा हालिया रिकॉर्ड हमारी बेहतरीन टीम संस्कृति और सकारात्मक सोच को दर्शाता है।'

वहीं मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया और तीन मैचों में 58, 117 और 125 रन बनाए। भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान ने इस दौरान चार एकदिवसीय मैचों में 77 के औसत और 135.68 के स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारत के अभियान की तैयारी में जुटी मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के दौरान किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक लगाया, जब उन्होंने तीसरे मैच में सिर्फ 50 गेंदों पर शतक पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका की तजमीन ब्रिट्स और पाकिस्तान की सिदरा अमीन भी इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल थीं। मंधाना ने कहा, 'इस तरह का सम्मान एक खिलाड़ी के रूप में आपको आगे बढ़ने और अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है। मेरा लक्ष्य हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम के लिए मैच जीतना रहा है।'

# महिला विश्व कप क्रिकेट में आज दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका में होगी टक्कर




**कोलंबो (एजेंसी)।** महिला विश्वकप एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में शुक्रवार को मेजबान श्रीलंकाई टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। श्रीलंकाई टीम के पास इस मैच जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश करने का अवसर है। श्रीलंका को दो मैच रद्द होने के कारण अभी तक दो अंक ही मिले हैं और वह चार मैचों के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। ऐसे में उसके लिए ये मैच जीतना बेहद जरुरी है। इस मैच में बारिश बाधा बन सकती है अगर ऐसा हुआ तो श्रीलंकाई टीम के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना कठिन हो जाएगा।

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था पर बारिश के कारण उसके हाथ आया मैच निकल गया था। तब उस मैच में कप्तान चमारी अटापट्टू और नीलक्षिका सिल्वा ने अर्धशतक लगाकर टीम की जीत तय कर दी थी।

अब श्रीलंकाई टीम को उम्मीद रहेगी की ये दोनो ही खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करें। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम ने भारत और बांग्लादेश को करीबी मैचों में हराया था और इससे उसका मनोबल बढ़ा है। उसे टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी पर उसके बाद उसने न्यूजीलैंड, भारत और बांग्लादेश को हराकर जबरदस्त वापसी की।

भारत और बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की ओर से नादिन डी क्लार्क ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था। जिससे अब श्रीलंकाई टीम को बचना होगा। दक्षिण अफ्रीका की अब तक की कमजोरी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का अच्छी शुरुआत के बाल भी लंबी पारी नहीं खेल पाना है। ऐसे में अगर उसे जीत हासिल करनी है तो उसके सभी बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

**दक्षिण अफ्रीका:** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), ताज़मिन ब्रिट्स, एनेरी डर्कसन, मारिज़ैन कप्प, एनेके बॉश, सिनालो जाफ्टा (विकेटकीपर), क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लार्क, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, नॉनकुलुलेको म्लाबा, सुने लुस, तुमी सेखुसोनगेस, नोंदुआबोमिसो म्लाबा।

# लियोनेल मेसी ने तोड़ा नेमार का बड़ा रिकॉर्ड, अर्जेंटीना की 6-0 की जीत में रचा इतिहास



**स्पोर्ट्स डेस्क।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने एक और ऐतिहासिक माइलस्टोन हासिल कर लिया है। उन्होंने प्योर्टो रिको के खिलाफ हुए फ्रेंडली मैच में दो शानदार असिस्ट दिए और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा असिस्ट करने वाले खिलाड़ी बन गए, नेमार को पीछे छोड़ते हुए।

इंटर मियामी स्टार मेसी ने इस मुकाबले में अर्जेंटीना को 6-0 की शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पहले हाफ में गोंजालो मोंटियल को असिस्ट दिया और फिर दूसरे हाफ में लौतारो मार्टिनेज के लिए पास बनाकर अपनी टीम का छठा गोल कराया। अब मेसी के नाम अर्जेंटीना के लिए 60 असिस्ट और 114 गोल दर्ज हैं। वहीं नेमार ने ब्राजील के लिए 59 असिस्ट किए थे। इस प्रदर्शन के साथ मेसी के क्लब और देश मिलाकर कुल 398 असिस्ट हो चुके हैं, और वे जल्द ही 400 असिस्ट का ऐतिहासिक आंकड़ा छू सकते हैं।

मैच के बारे में मेसी ने कहा, 'टीम के साथ खेलना हमेशा सम्मान की बात होती है, और रिकॉर्ड्स तभी मायने रखते हैं जब वे जीत में बदलें।'


## हाल में संन्यास लेने वालों को ही बनाया जाये चयनकर्ता : रहाणे

मुम्बई । बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा है कि हाल में संन्यास लेने वाले प्रथम श्रेणी खिलाड़ियों को ही राज्यों की चयन समिति में अवसर मिलना चाहिये। रहाणे के अनुसार ये इसलिए क्योंकि वे खेल के बदलते स्वरूप को आसानी से समझ सकते हैं। अभी चयन समिति के लिए कम से कम प्रथम श्रेणी के 10 मैचों का अनुभव जरुरी होता है। इसके अलावा उसके संन्यास लिए हुए पांच साल हो गये हों। वहीं रहाणे ने कहा कि यह जरुरी है कि चयनकर्ताओं की मानसिकता और रवैया क्रिकेट की वर्तमान गति से मेल खाता हुआ हो। रहाणे ने पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साथ बातचीत के दौरान कहा,



''खिलाड़ियों को चयनकर्ताओं से डरना नहीं चाहिए। मैं चयनकर्ताओं के बारे में बात करना चाहता हूं, खासकर घरेलू क्रिकेट में। हमारे पास ऐसे चयनकर्ता होने चाहिए जिन्होंने हाल में शीर्ष स्तर की क्रिकेट से संन्यास लिया हो।'' उन्होंने कहा, ''क्योंकि क्रिकेट जिस तरह से विकसित हो रहा है, मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि चयनकर्ताओं की मानसिकता और सोच आज के दौर की हो। वहीं 20 से 30 साल पहले क्रिकेट कैसे खेला जाता था, इसके आधार पर अभी फैसले नहीं लिए जा सकते।'' उन्होंने कहा, ''टी20 और आईपीएल जैसे प्रारूपों में आधुनिक क्रिकेट खिलाड़ियों की शैली को समझना जरूरी है। मेरा मानना है कि जहां तक संभव हो, चयनकर्ता सभी राज्यों से होने चाहिए और खिलाड़ियों को मैदान पर आजादी से निडर होकर क्रिकेट खेलना चाहिए।'' वहीं पुजारा ने कहा, ''बड़े राज्यों में इसे लागू किया जा सकता है क्योंकि उनके पास बहुत सारे विकल्प हैं। इसलिए जहां तक संभव हो मैं इस बात से सहमत हूं कि इसे लागू किया जा सकता है पर इसका मतलब यह है कि किसी भी पूर्व क्रिकेटर को इस मौके से वंचित कर दिया जाना चाहिए क्योंकि वह बहुत पहले ही संन्यास ले चुका है जिसका रिकॉर्ड शानदार रहा है और जो अब चयनकर्ता बनना चाहता है।''

# सुल्तान ऑफ जोहोर कप : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4-2 से हराया, तीसरे क्वार्टर में बदला मैच का रुख



**जोहोर (मलेशिया) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 के पूल-स्टेज के चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से कप्तान रोहित (22') और अर्शदीप सिंह (60') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए ऑस्कर स्मूल (39', 42'), एंड्रयू पैट्रिक (40') और कप्तान डिलन डाउनी (51') ने गोल दागे।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन भारत ने गेंद पर बेहतर नियंत्रण रखते हुए खेल की गति तय की। शुरुआती पलों में ऑस्ट्रेलिया को गोल करने का मौका मिला, मगर गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने शानदार बचाव किया।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने 17वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन अनमोल एक्का का प्रयास बार के ऊपर चला गया। 22वें मिनट में मिले दूसरे कॉर्नर पर कप्तान रोहित ने सटीक हिट लगाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। 25वें मिनट में अमीर अली ने शानदार सोलो रन के बाद शॉट लिया, जिसे ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर ने रोका।

तीसरे क्वार्टर में मैच का रुख पलट गया – ऑस्ट्रेलिया ने लगातार तीन गोल दागकर मैच अपने नाम कर लिया। 39वें मिनट में ऑस्कर स्मूल ने बराबरी का गोल किया, उसके तुरंत बाद (40') एंड्रयू पैट्रिक ने रिबाउंड पर दूसरा गोल दागा। 42वें मिनट में स्मूल ने फिर शानदार बैकहैंड शॉट से अपना दूसरा गोल किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया 3-1 से आगे निकल गया।

49वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन कप्तान रोहित का शॉट चूक गया। 51वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान डिलन डाउनी ने अपनी टीम का चौथा गोल दागा। मैच के आखिरी मिनट में अर्शदीप सिंह ने शानदार डिफ्लेक्शन से भारत के लिए दूसरा गोल किया, जिससे मुकाबला 2-4 पर समाप्त हुआ। अब भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को मेज़बान मलेशिया से होगा।

## सलमान आगा से छीनेगी कप्तानी, अनुभवी ऑलराउंडर को मिल सकती है पाकिस्तान टी20 टीम की कमान



कराची। अनुभवी ऑलराउंडर शादाब खान को सलमान अली आगा की जगह पाकिस्तान की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। पाकिस्तान की तरफ से अब तक 70 एकदिवसीय और 112 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा ले चुके शादाब ने इस साल के शुरू में लंदन में अपने कंधे की सर्जरी कराई थी इसके बाद वह खेल से बाहर हैं। शादाब हालांकि अब फिट हैं और वह अगले महीने वापसी कर सकते हैं। उनकी वापसी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि वह सलमान की जगह राष्ट्रीय टी20 कप्तान बन सकते हैं। सर्जरी से पहले वह इस प्रारूप में उप-कप्तान थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि शादाब 11 से 15 नवंबर के बीच श्रीलंका के खिलाफ द्विपक्षीय घरेलू श्रृंखला में वापसी करेंगे, क्योंकि उनका रिहैब अच्छा चल रहा है। अगले साल होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। पाकिस्तान सलमान की अगुवाई में एशिया कप में खेला था जहां उसे फाइनल में भारत से हार का सामना करना पड़ा था।

## डेनमार्क ओपन 2025 : लक्ष्य सेन और सत्विक-चिराग ने प्री-क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह



कोपेनहेगन। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पुरुषों की डबल्स जोड़ी सत्विकसायराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने डेनमार्क ओपन 2025 के प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य सेन ने आयरलैंड के नाथ गुयेन को 10-21, 21-8, 21-18 से हराया, जबकि सत्विक-चिराग ने स्कॉटलैंड की जोड़ी क्रिस्टोफर और मैथ्यू ग्रिमली को 17-21, 21-11, 21-17 से मात दी। लक्ष्य सेन, जो पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट हैं, ने पहले गेम में धीमी शुरुआत की और 10-21 से हार गए। लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए केवल 8 पॉइंट्स गंवाए और मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। अंतिम गेम में दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन लक्ष्य सेन ने अपने आत्मविश्वास का परिचय देते हुए मैच अपने नाम किया। यह लक्ष्य सेन की नाथ गुयेन के खिलाफ चौथे मैचों में से तीसरी जीत है। पुरुषों की डबल्स में, छठे सीड सत्विक-चिराग ने पहले गेम में हार के बावजूद दूसरे गेम में वापसी की और निर्णायक गेम में शानदार प्रदर्शन कर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। यह मैच 1 घंटे 4 मिनट तक चला। दूसरी ओर, मोहित और लक्षिता जगलान को मिक्स्ड डबल्स में इंडोनेशिया की जोड़ी अद्नान मौलाना और इंदाह चहया सरी जामिल के खिलाफ 21-14, 21-11 से हार का सामना करना पड़ा और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सत्विक-चिराग, जिन्होंने पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में लगातार उपविजेता स्थान हासिल किया था, इस बार बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं।

## जापान ओपन : चोट के बावजूद नाओमी ओसाका ने क्वार्टर-फाइनल में बनाई जगह

ओसाका। जापान ओपन में नाओमी ओसाका ने चोट और भावनाओं से जूझते हुए क्वार्टर-फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने लगातार आंसू झोंकते हुए डिफेंडिंग चैंपियन सुझान लेमेंस को हराया। ओसाका ने मैच 7-6 (8/6), 3-6, 6-2 से जीता और अब उनका क्वार्टर-फाइनल मुकाबला रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन से होगा।



ओसाका ने कहा, 'इस मैच में मैं भावनात्मक रूप से बहुत कुछ महसूस कर रही थी। तीसरे सेट में मैंने पूरी कोशिश की कि कोई पछतावा न रहे।' फाइनल सेट में ओसाका 5-0 से आगे थी जब उन्हें बाएं पैर की चोट के कारण मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। भारी स्ट्रैपिंग के साथ वे कोर्ट पर लौटीं, अगले दो गेम हारने के बावजूद मैच 2 घंटे 20 मिनट में जीत लिया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने विजयी शॉट के बाद चेहरे को हाथ लगाते हुए आंसू रोकते हुए नेट की ओर बढ़ीं।

उन्होंने कहा कि उन्होंने दर्द निवारक दवा ली थी, लेकिन चोट 'अच्छी नहीं लग रही'। 'मैं सही से नहीं हिल पा रही थी। लेकिन मुझे लगता है कि मैं जल्दी ठीक हो जाऊंगी, इसलिए अगले मैच में सब ठीक रहेगा।' 27 वर्षीय ओसाका यह पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं US Open 2025 के सेमीफाइनल के बाद, जहां वे अमांडा एनीसिमोवा से हार गई थीं। ओसाका अब दुनिया की 16वीं रैंक वाली खिलाड़ी हैं और 2021 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद किसी मेजर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह में नहीं पहुंची थीं।

# वनडे कप्तानी से हटने के बाद रोहित शर्मा को कैसे हो सकता है फायदा, पूर्व स्पिनर अमित मिश्रा ने बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय लेग स्पिनर अमित मिश्रा का मानना है कि कप्तानी के बोझ से मुक्त होना सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली वनडे सीरीज़ में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए बेहद फ़ायदेमंद साबित हो सकता है। मिश्रा का कहना है कि अब रोहित पूरी तरह अपनी बल्लेबाज़ी पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और गिल के नेतृत्व में टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

**रोहित की कप्तानी का अंत और गिल की नई शुरुआत**

7 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत के अपराजित अभियान का अंत एक परीकथा की तरह हुआ, जब रोहित शर्मा ने 76(83) रनों की शानदार पारी खेलकर प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार जीता। यह वनडे में रोहित का आखिरी कप्तानी प्रदर्शन था, क्योंकि चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को नई कप्तानी सौंपने का फैसला किया। गिल की कप्तानी की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया में होने वाले तीन वनडे मैचों से हुई।

पूर्व कप्तान रोहित अब केवल सलामी बल्लेबाज़ के रूप में खेलेंगे, जिससे उनके प्रदर्शन पर सीधे ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। मिश्रा ने कहा, 'रोहित के लिए यह अच्छी बात है कि अब उन पर कप्तानी का दबाव नहीं है। उन्हें अपनी बल्लेबाज़ी पर ध्यान देना होगा और टीम को जीत दिलाने में मदद करनी होगी। वह गिल की मदद भी कर सकते हैं, खासकर रणनीतिक और मानसिक मामलों में।'

**गिल की कप्तानी में चुनौती और अवसर**

26 वर्षीय शुभमन गिल को इंग्लैंड के पांच मैचों के कठिन टेस्ट दौरे के लिए कप्तानी सौंपी गई थी। मिश्रा ने गिल की क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी युवा उम्र में नेतृत्व लेना उन्हें जल्दी परिपक्व बना देगा। गिल ने टेस्ट सीरीज़ में 754 रन बनाए, जिसमें उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी 269 रन रही और सीरीज़ 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई।

मिश्रा ने कहा, 'गिल के लिए जल्दी कप्तानी सौंपी जाना अच्छा है। 'वह पिछले दो सालों से आईपीएल में कप्तानी कर रहे हैं और दुनिया के टॉप खिलाड़ियों का नेतृत्व कर चुके हैं। जल्दी नेतृत्व मिलने से वह जल्दी परिपक्व होंगे और आने वाले वर्षों में टीम का लंबा नेतृत्व कर पाएंगे।'

**कप्तानी से मुक्त होने का रोहित पर प्रभाव**

मिश्रा ने आगे कहा कि कप्तानी के बिना खेलना रोहित के लिए मानसिक रूप से सकारात्मक रहेगा। 'अब रोहित पर सीधे दबाव नहीं है। वह खुलकर खेल सकते हैं, अपनी बल्लेबाज़ी पर ध्यान दे सकते हैं और टीम के लिए परिणाम ला सकते हैं। गिल के नेतृत्व में खेलते हुए रोहित अपनी अनुभवसंपन्न भूमिका निभा सकते हैं, जिसमें रणनीतिक सुझाव और अनुभव साझा करना शामिल है।'

पूर्व स्पिनर के अनुसार, रोहित का अनुभव युवा गिल के लिए मार्गदर्शन का काम करेगा। मिश्रा ने कहा, ÷रोहित और गिल की जोड़ी संतुलन बनाएगी। रोहित टीम में अनुभव लेकर आएँगे, और गिल नेतृत्व में नयी ऊर्जा और दृष्टिकोण देंगे। यह संयोजन भारतीय टीम के लिए बहुत सकारात्मक है। गिल को इसका आनंद लेना चाहिए और जल्द से जल्द परिपक्व होने की कोशिश करनी चाहिए। रोहित को कप्तानी से मुक्त होने से मानसिक राहत मिली है, और वह टीम के लिए अपने प्रदर्शन में योगदान देंगे।'

**ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत की वनडे टीम**



शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेट कीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), यशस्वी जायसवाल।

## निमिषा प्रिया मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2026 में

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल निवासी निमिषा प्रिया को यमन में एक नागरिक की हत्या के मामले में फांसी की सज़ा सुनाई गई है। वहीं भारत में निमिषा प्रिया को बचाने के लिए सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट अब मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2026 में करेगा। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने अदालत को बताया कि मामले में एक नया मीडिएटर (मध्यस्थ) सामने आया है और अभी तक कोई प्रतिकूल बात नहीं हुई है। कोर्ट ने कहा कि अगर इस बीच कोई नया डेवलपमेंट (घटनाक्रम) होता है तो अदालत से जल्द सुनवाई की मांग की जा सकती है। निमिषा के वकील ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार को डिप्लोमेटिक चैनल के जरिए यमन सरकार से बात करने और फांसी पर जल्द से जल्द रोक लगाने का आदेश दे। निमिषा को 2017 में यमन की अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। उनकी फांसी 16 जुलाई 2025 को होनी थी, लेकिन इसे अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने केंद्र सरकार से एक प्रतिनिधिमंडल को यमन भेजने की अनुमति मांगी थी, ताकि यमन के कानून के अनुसार पीड़ित परिवार से क्षमादान (ब्लड मनी देकर) मिल सके। विदेश मंत्रालय ने यमन में गंभीर सुरक्षा जोखिमों (सशस्त्र संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता) का हवाला देते हुए प्रतिनिधिमंडल भेजने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामला : पायलट सुमीत के पिता पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, जांच पर उठाए सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 क्रैश की जांच को लेकर मृत पायलट सुमीत सभरवाल के पिता पुष्कराज सभरवाल और इंडियन पायलट्स फेडरेशन ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्हें एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की जांच पर अब भरोसा नहीं रहा, इसलिए इस मामले की कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए। याचिका में मांग की गई है कि जांच के लिए नई टीम गठित की जाए, जिसमें स्वतंत्र स्पेशलिस्ट और एविएशन एक्सपर्ट शामिल हों। याचिकाकर्ताओं ने यह भी अपील की है कि एएआईबी की मौजूदा जांच प्रक्रिया बंद की जाए और सभी सबूत सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में बनने वाली कमेटी को सौंपे जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर दिवाली के बाद सुनवाई करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की बोइंग 787-8 फ्लाइट एआई-171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इस भीषण हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई थी। विमान के मुख्य पायलट सुमीत सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर की भी घटना में मौत हो गई थी। यहां बताते चलें कि एएआईबी ने अपनी 12 जुलाई की प्रारंभिक रिपोर्ट में इस हादसे के लिए पायलट की गलती को जिम्मेदार बताया था। रिपोर्ट में कहा गया कि टेकऑफ के बाद फ्यूल कट-ऑफ स्विचेस बंद कर दिए गए थे, लेकिन कॉकपिट की ऑडियो रिकॉर्डिंग से यह स्पष्ट नहीं हो सका कि ऐसा क्यों हुआ। इस निष्कर्ष पर परिवार और पायलट संगठनों ने नाराजगी जताई थी। 91 वर्षीय पुष्कराज सभरवाल ने पहले ही केंद्र सरकार से हादसे की नई जांच की मांग की थी और एएआईबी की रिपोर्ट की निष्पक्षता पर सवाल उठाए थे।

## दिल्ली में दिवाली के बाद कृत्रिम बारिश की तैयारी, मौसम विभाग की मंजूरी का इंतजार

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में दिवाली से पहले ही वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। बुधवार को दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार दर्ज किया गया था। बढ़ते प्रदूषण पर काबू पाने के लिए दिल्ली सरकार ने क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश की योजना तैयार कर ली है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि दिवाली के एक दिन बाद चुनिंदा इलाकों में कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है। मौसम विभाग की हरी झंडी मिलते ही यह प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सिरसा ने कहा कि ब्लास्टिंग या स्प्रे के जरिए क्लाउड सीडिंग का सैंपल टेस्ट किया जाएगा। हम बादलों के छाने का इंतजार कर रहे हैं। सभी तकनीकी और लॉजिस्टिक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मंत्री ने बताया कि इस अभियान के लिए दो पायलटों को चार दिन की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। जैसे ही प्रक्रिया शुरू होगी, तीन घंटे में इसका असर दिखाई देने लगेगा। इस बीच, दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है। बुधवार को दिल्ली के 5 प्रमुख केंद्रों पर प्रदूषण का स्तर 300 से ऊपर दर्ज किया गया, इनमें आनंद विहार: 345, द्वारका सेक्टर-8: 314, वजीरपुर: 325, सीआरआरआई मथुरा रोड: 307 और डीयू नॉर्थ कैंपस: 307 एक्यूआई दर्ज की गई। कुल मिलाकर, दिल्ली के 20 मॉनिटरिंग सेंटरों पर वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में और 13 केंद्रों पर 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई।

## ममता सरकार ने खांसी की सिरप की बिक्री और मार्केटिंग को लेकर नई गाइडलाइंस जारी की

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल सरकार के ड्रग कंट्रोल डायरेक्टोरेट ने राज्य में खांसी की सिरप की बिक्री और मार्केटिंग को लेकर नई गाइडलाइंस और निर्देश जारी किए हैं। यह फैसला जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में किसी भी अनहोनी से बचने के लिए लिया गया है। यह कदम कोल्ड्रिफ नामक खांसी की सिरप पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद उठाया गया है। इस सिरप के सेवन से मध्यप्रदेश में बच्चों की मौत हुई थी, जिसके बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने भी प्रतिबंधित कर दिया था। मुख्य नई गाइडलाइंस के मुताबिक कोई भी दुकानदार/कंपनी किसी अन्य कंपनी द्वारा निर्मित दवा को अपने नाम से तब तक नहीं बेच सकेगी जब तक कि उनके पास उस कंपनी के साथ लिखित समझौता न हो। दवाओं की मार्केटिंग करने वाली कंपनियों को अब दवा की गुणवत्ता और कानूनी जिम्मेदारियों के लिए निर्माता कंपनी के साथ बराबर जिम्मेदार माना जाएगा। जो कंपनियाँ पश्चिम बंगाल के बाहर से दवाएँ बनवाकर यहाँ बेच रही हैं, उन्हें अपने निर्माण समझौते की एक कॉपी 15 दिनों के भीतर ड्रग कंट्रोल विभाग को आधिकारिक ईमेल पर जमा करनी होगी।

# क्या नितिन गडकरी दोबारा से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे?

### केंद्रीय मंत्री बोले- यह सवाल मुझसे नहीं वर्तमान अध्यक्ष से पूछो



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम मोदी सरकार को लेकर बड़ी बात कही है। गडकरी ने कहा कि 50 से 60 साल की तुलना में पिछले 11 साल में हर सेक्टर में जितना काम हुआ है, उससे कॉन्फिडेंस बढ़ा है। जब गडकरी से सवाल किया कि बीजेपी को अगला नेशनल प्रेसिडेंट मिलने में देरी क्यों हो रही है? क्या नितिन गडकरी दोबारा से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे? इसपर गडकरी ने कहा कि बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष से यह सवाल पूछा जा रहा है। गडकरी ने साफ कहा कि वे पार्टी के नेशनल प्रेसिडेंट बनने की दौड़ में नहीं हैं।

बता दें नितिन गडकरी पूर्व में भी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। बीजेपी में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन होना है, लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इस बाबत जब नितिन गडकरी से सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि आपको पूर्व के बजाय वर्तमान अध्यक्ष से इसके बारे में पूछना चाहिए। साथ ही उन्होंने पार्टी अध्यक्ष का पद फिर से संभालने की संभावना से इनकार कर दिया।

गडकरी ने साफ कहा कि वह बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनने जा रहे हैं। उन्होंने रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के सेक्टर में जबरदस्त काम किया है। सड़क निर्माण में नई तकनीक के इस्तेमाल को उन्होंने बढ़ावा दिया है। गडकरी पर कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के कई नेताओं का कहना है कि गडकरी पॉलिसी बनाते हैं और उनका बेटा प्रॉफिट कमाता है। विपक्षी दल का आरोप है कि इथेनॉल को लेकर बनाई गई नीति का सबसे ज्यादा फायदा गडकरी परिवार को मिला है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आरोप का जवाब देते हुए कहा कि हमारे देश में 1400 करोड़ इथेनॉल सरकार खरीदती है। इथेनॉल आने से पहले हमारी शुगर फैक्ट्री थी। करीब 500 से 550 उद्योग इथेनॉल सप्लाई करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इथेनॉल का टेंडर निकलता है और इसकी कीमत से जुड़े प्रपोजल को कैबिनेट पास करता है। गडकरी ने आगे कहा कि हमारे देश में 22 लाख करोड़ रुपए के फॉसिल फ्यूल (डीजल-पेट्रोल) का आयात होता है। वे इथेनॉल, मिथेनॉल, एलएनजी का प्रचार ग्रीन एनर्जी के लिहाज से करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गडकरी ने फॉसिल फ्यूल और एयर पॉल्यूशन के कनेक्शन पर कहा कि दिल्ली इसके बारे में बेहतर जानते हैं। दिल्ली में 40 फीसद प्रदूषण फॉसिल फ्यूल से होता है, जिससे लोगों की उम्र कम हो रही है। इसके साथ ही 22 लाख करोड़ रुपया देश की इकोनॉमी से बाहर जा रहा है। ऐसे में क्या भारत को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर नहीं बनना चाहिए? इथेनॉल से गाड़ियों के नुकसान होने के आरोप को भी खारिज किया। उन्होंने इथेनॉल पॉलिसी से अपने परिवार को फायदा होने के आरोपों को खारिज कर दिया।

## उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी शुरू, यूपी में दिखने लगा असर गिर रहा तापमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों खासकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी शुरू हो गई है। इसका असर यूपी में दिखने लगा है। प्रदेश में दिन और रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट हो रही है। सुबह और रात के वक्त अब ठंडक महसूस होने लगी है और लोगों ने एसी-कूलर का इस्तेमाल बंद कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक दिवाली के बाद से यूपी में ठंड और बढ़ सकती है। धीरे-धीरे तापमान में गिरावट आएगी और सर्द हवाएं अपना असर दिखाना शुरू करेंगी। लखनऊ के अमौसी स्थित आंचलिक मौसम केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक 16 अक्टूबर को पूरे यूपी में मौसम शुष्क रहेगा। बारिश या तेज हवाओं की कोई संभावना नहीं है। सभी 75 जिले ग्रीन जोन में हैं यानी किसी भी मौसम संबंधी अलर्ट की जरूरत नहीं है। गुरुवार को जिन जिलों में मौसम साफ और सामान्य रहने की संभावना है, उनमें शामिल हैं कानपुर, गाजियाबाद, मेरठ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, आगरा, वाराणसी, अलीगढ़, झांसी, अमेठी, रायबरेली, सुल्तानपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, मिर्जापुर, चंदौली, जौनपुर, महराजगंज, बरेली, रामपुर, कन्नौज, इटावा, मैनपुरी, शामली आदि। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अब प्रदेश में उत्तर-पश्चिम दिशा से हल्की ठंडी हवाएं चल रही हैं। यही हवाएं धीरे-धीरे तापमान को नीचे ले जाएंगी। आने वाले दिनों में इसका असर ज्यादा दिखेगा और ठंड बढ़ेगी। प्रदेश के प्रमुख शहरों में सबसे कम तापमान कानपुर में दर्ज किया गया है। 16.0 डिग्री सेल्सियस। बीते 2-3 दिनों से यहां न्यूनतम तापमान लगातार इसके आसपास बना हुआ है, जबकि लखनऊ, अयोध्या, मेरठ, नोएडा, आगरा और झांसी में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है।

## श्रीलंकाई पीएम अमरसूर्या बोलीं- देशों के बीच पुल बनाएं, दीवारें नहीं



-दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में विद्यार्थियों को किया संबोधित

नई दिल्ली (एजेंसी)। श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने कहा, कि देशों के बीच दीवारें नहीं, पुल बनने चाहिए। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने हिंदू कॉलेज में बतौर छात्र बिताए जीवन को भी याद किया। श्रीलंका की पीएम हरिनी अमरसूर्या ने कहा, कि हमें घरों, दफ्तरों और राष्ट्रों के बीच संवाद और सहयोग के पुल बनाने चाहिए, विभाजन की दीवारें नहीं खड़ी करनी चाहिए। यहां बताते चलें कि पीएम हरिनी अमरसूर्या हिंदू कॉलेज की पूर्व छात्रा रही हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा, कि भारत में बिताए गए सालों ने उन्हें लोकतंत्र, विविधता और सह-अस्तित्व की समझ दी। कॉलेज की प्रिंसिपल अंजू श्रीवास्तव ने श्रीलंकाई पीएम का स्वागत किया। इस अवसर पर फैकल्टी सदस्य, छात्र और कई पूर्व छात्र भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री अमरसूर्या ने भारत की डिजिटल गवर्नेंस में हुई प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा, भारत ने यह दिखाया है कि डिजिटलाइजेशन किस तरह से शासन को पारदर्शी और जवाबदेह बना सकता है। श्रीलंका भारत के इस मॉडल का अध्ययन कर रहा है और इसे अपने देश में लागू करने की दिशा में विचार कर रहा है। दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की।

## एमेजन एमएक्स प्लेयर लॉन्च करता है संगीत रियलिटी शो 'आई-पॉपस्टार'

एजेंसी

नई दिल्ली : एमेजॅन एमएक्स प्लेयर ने आज अपने वीकली म्यूज़िक रियलिटी सीरीज आई-पॉपस्टार का ट्रेलर जारी किया। यह इंडिपेंडेंट म्यूजिक टैलेंट हंट अपने आप में बिल्कुल अनोखा है, जिसमें गीत-संगीत के उभरते कलाकारों के अपने हुनर और उनकी कला को सम्मान दिया गया है। इस शो में देश भर के 12 उभरते संगीतकार एक मंच पर नजर आने वाले हैं, जो हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी और गुजराती अंदाज में पॉप, रैप, EDM, रॉक और R&B प्रस्तुत करेंगे। 6 हफ़्तों के इस शो में 25 प्रतिभागी ऑडिशन से गुजरते हुए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देंगे, जिनमें से 12 गाला राउंड में जाएँगे। यह सफर ग्रैंड फि नाले पर खत्म होगा, जहां भारत की समृद्ध और विविध संगीत प्रतिभा को सलाम करते हुए पहले आई-पॉपस्टार के खिताब के लिए जोरदार मुकाबला होगा। इस शो के मेन्टॉर पैनल में भारत के इंडिपेंडेंट म्यूजिक जगत की विविधता दिखाई देती है। किंग, आस्था गिल, आदित्य रिखारी और परमिश वर्मा जैसे मेन्टॉर सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे, उनके प्रदर्शन को कसौटी पर परखेंगे और उन्हें अपनी कला में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। अब तक के सबसे शानदार संगीत अनुभव के लिए, एमेजॅन एमएक्स प्लेयर ने वॉर्नर म्यूजिक और स्पॉटिफाई को म्यूजिक पार्टनर बनाकर सहयोग को एक नए मुकाम पर पहुंचाया है। इस शो के बारे में बात करते हुए, मौके पर एमेजॅन एमएक्स प्लेयर के डायरेक्टर एवं कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा: एमेजॅन एमएक्स प्लेयर में, हमने हमेशा ऐसे दमदार और बिल्कुल अलग पहचान बनाने वाले फॉर्मेट को पेश की कोशिश की है, जो हमारे दर्शकों के साथ जुड़ सकें। इंडिपेंडेंट म्यूजिक को सलाम करने वाला शो, आई-पॉपस्टार देश के कोने-कोने से गीत-संगीत के उभरते कलाकारों की कला, उनके अपने हुनर और प्रतिभा को सामने लाता है। जबरदस्त उत्साह जगाने वाले इस शो में अंदाजा लगाना मुश्किल है और यकीनन यह दर्शकों के दिल को लुभाने वाला है। जब हमारे शानदार मेन्टॉर इस सफर में प्रतिभागियों को राह दिखाएंगे, तो दर्शक एक ऐसे मनोरंजन का अनुभव देखने की उम्मीद कर सकते हैं जो बिना किसी फि ल्टर वाला, बेहद रोचक, और खास तौर पर भारतीय होने के साथ-साथ दुनिया भर के हर दर्शक से जुड़ने वाला होगा। रस्क मीडिया के सीईओ एवं को-फाउंडर, मयंक यादव ने कहा, रस्क मीडिया में, हम हमेशा इस बात पर यकीन करते आए हैं कि युवा रचनाकारों को अपने भीतर छिपी कला को दिखाने का मौका मिलना ही चाहिए। हम आई-पॉपस्टार के जरिए, भारत में म्यूजिक की अलग-अलग तरह की संस्कृति को एक साथ ला रहे हैं और एक ऐसा प्लेटफॉर्म पेश कर रहे हैं, जो नई आवाजों और एकदम नए, दमदार संगीत को बढ़ावा देता है। यह शो सिर्फ. प्रतिभागियों के बीच मुकाबले से कहीं बढ़कर है; बल्कि यह भारत में इंडिपेंडेंट म्यूजिक के भविष्य को संवारने के बारे में है। शो के मेन्टॉर्स ने भारतीय संगीतकारों की अगली पीढ़ी को आगे की राह दिखाने के बारे में अपनी खुशी जाहिर की। किंग ने कहा, आई-पॉपस्टार वो जगह है जहाँ अनछुए हुनर को अवसर मिलता हैं। हर प्रतियोगी में कोई खास बात होती है और उन्हें अपनी सीमाओं को पार करने के साथ-साथ अपनी कला और अपने भीतर छिपे हुनर को निखारते हुए दर्शकों के साथ मजबूत जुड़ाव कायम करने के लिए सही राह दिखाना सच में संतोषजनक अनुभव है। आस्था गिल ने कहा, मुझे आई-पॉपस्टार की सबसे अच्छी बात ये लगी कि इसमें ऑरिजिनल म्यूज़िक को सबसे ज्यादा अहमियत दी गई है। हर प्रस्तुति में नयापन है, जो उत्साह और नए विचारों से भरी लगती है। उन्हें आगे बढ़ते हुए और दर्शकों से जुड़ते हुए देखने का अनुभव वाकई प्रेरणादायक है। आदित्य रिखारी ने कहा, आई-पॉपस्टार बस एक शो नहीं है, बल्कि यह एक कलाकार के तौर पर कुछ नया सीखने, नए प्रयोग करने और आगे बढ़ने का सफर है। रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाले एक ऐसे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत मायने रखता है, जो भारत में इंडिपेंडेंट म्यूजिक की अगली पीढ़ी को मौका देती है। यह शो एक कलाकार के रूप में मुझे अपने सफर की याद दिलाता है, साथ ही यह भी बताता है कि यह राह आज भी मुझे कितना कुछ सिखा रही है। परमिश वर्मा ने कहा, आई-पॉपस्टार अपनी भावनाओं को जाहिर करने, कुछ नया कर दिखाने और इससे भी बड़ी बात कि नए मुकाम हासिल करने के बारे में है। इसमें भाग लेने वाले सभी कलाकार बेहद निडर हैं और हर हफ़्ते उन्हें आगे बढ़ते देखना वास्तव में उत्साहजनक अनुभव है। यह शो उन्हें अपनी असली आवाज को पहचानने और उसे अपना बनाने का मंच देता है। आई-पॉपस्टार की स्ट्रीमिंग 18 अक्टूबर से एमेजॅन एमएक्स प्लेयर पर शुरू होगी, जो हर तरह के मोबाइल, कनेक्टेड टीवी, एमेजॅन शॉपिंग ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टीवी और एयरटेल एक्सट्रीम पर दर्शकों के लिए मुफ्त में उपलब्ध होगा।

## वह सैलरी लेने तो आती ही हैं, लेकिन बैठक के लिए बनाती हैं प्रेग्नेंसी का बहाना

### महिला अधिकारी को लेकर कांग्रेस विधायक ने दिया विवादित बयान, मचा बवाल



बैंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में चन्नागिरि से कांग्रेस विधायक शिवगंगा बसवराज ने एक प्रेग्नेंट वन अधिकारी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी है। उनके इस बयान का वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद महिला अधिकार संगठनों ने विधायक को 'सेक्सिस्ट' बताते हुए उनकी कड़ी निंदा की। विपक्षी बीजेपी ने इसको लेकर कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। वहीं इस मामले में सत्तारूढ़ पार्टी ने चुप्पी साध ली है। घटना कर्नाटक विकास कार्यक्रम (केडीपी) की तिमाही समीक्षा बैठक की है, जो हाल ही में चन्नागिरि में हुई थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वन रेंज अधिकारी श्वेता की अनुपस्थिति पर विधायक बसवराज भड़क गए। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर वह गर्भवती हैं, तो छुट्टी ले लें। काम करने की क्या जरूरत है? वह तो सैलरी लेने आती ही हैं, लेकिन प्रेग्नेंसी को बैठक में आने का बहाना बना लेती है। शर्म आनी चाहिए। हर बार यही बहाना। इससे पहले बैठक में नहीं आने पर अधिकारी ने कहा था- मैं गर्भवती हूं, डॉक्टर के पास जा रही हूं।

रिपोर्ट के मुताबिक विधायक बसवराज ने तो यहां तक कह डाला कि अधिकारी रिश्वत लेने आती हैं और उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। वीडियो में अन्य अधिकारी असहज दिखे, लेकिन किसी ने विरोध नहीं किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। महिलाओं के अधिकार कार्यकर्ताओं ने इसे कांग्रेस सरकार में महिला सशक्तिकरण की खोखली बातों का पर्दाफाश बताया। एस यूजर ने लिखा- कांग्रेस पूरे देश में महिलाओं का अपमान करती है और फिर महिला सशक्तिकरण का लेक्चर देती है। यह पहली बार नहीं है जब बसवराज विवादों में घिरे हैं। अगस्त 2025 में उन्होंने सीएम सिद्धरमैया को बदलने पर बयान देकर पार्टी से शो-कॉज नोटिस पा चुके हैं। इससे पहले उन्होंने अप्रैल में जाति सर्वे पर लिंगायत मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की थी, लेकिन इस बार का बयान महिलाओं से जुड़े होने के कारण ज्यादा संवेदनशील है। कार्यकर्ता मांग कर रहे हैं कि कांग्रेस विधायक को अयोग्य घोषित किया जाए। बीजेपी ने कहा कि सिद्धरमैया सरकार महिलाओं की सुरक्षा में नाकाम है। पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई ने ट्वीट किया- कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है।

## अब केवल, बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिले बचे



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में नक्सलवाद की जड़ों को समाप्त करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने पहले अगले वर्ष 31 मार्च तक की मियाद तय कर दी है। गृह मंत्रालय के आंकड़ें सफलता की कहानी बयां कर रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार, अब देश में नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 6 से घटकर केवल 3 रह गई है। इनमें सिर्फ छत्तीसगढ़ का बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर में नक्सल बचे हैं। वर्ष 2025 में नक्सल विरोधी अभियानों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। जिसके तहत 312 वामपंथी कैडर मार गिराए गए, जिनमें सीपीआई (माओवादी) के महासचिव और पोलित ब्यूरो/केंद्रीय समिति के 8 सदस्य शामिल हैं। कुल 836 नक्सली गिरफ्तार किए गए। 1639 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, इनमें भी 1 पोलित ब्यूरो सदस्य और 1 केंद्रीय समिति सदस्य शामिल रहे। यह आँकड़े साफ बताते हैं कि नक्सल संगठन का शीर्ष नेतृत्व और संरचना दोनों गहराई से कमजोर हुई है।

मोदी सरकार ने नक्सलवाद से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण आधारित राष्ट्रीय कार्य योजना और नीति लागू की है जिसके तहत सटीक सूचनाओं के आधार पर सुरक्षा बलों द्वारा त्वरित डॉमिनेशन और सुदूर क्षेत्रों में पहुँच, शीर्ष नेताओं और ओवर ग्राउंड वर्कर्स को निशाना बनाना, नक्सली विचारधारा का मुकाबला और प्रचार-तंत्र को ध्वस्त करना, सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी ढांचे का तेज विकास, कल्याणकारी योजनाओं का गहन क्रियान्वयन, नक्सलियों की वित्तीय सप्लाई लाइन को पूरी तरह बंद करना, केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय के साथ माओवादी मामलों की त्वरित जांच और अभियोजन को प्रमुखता दी गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद को भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती बताया था नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से लेकर आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक लाल गलियारा बनाने की योजना बनाई थी। वर्ष 2013 में नक्सल-संबंधी हिंसा 126 जिलों में रिपोर्ट हुई थी। मार्च 2025 तक यह संख्या घटकर 18 जिलों तक रह गई और इनमें से केवल 6 ही सबसे अधिक प्रभावित की श्रेणी में थे। अब 2025 के अंत तक यह आंकड़ा और घटकर सिर्फ 3 सबसे अधिक प्रभावित जिले रह गया है।

## बिल में छुपा मसूद अजहर... आंतकियों को मनोबल बढ़ने संगठन उसके एआई वीडियो प्रसारित कर रहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आंतकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेम) का सरगना मसूद अजहर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान में किसी बिल में छिपा हुआ है। भारतीय सशस्त्र बलों ने आपरेशन सिंदूर के दौरान उसके संगठन को बड़ा नुकसान पहुँचाया है और उसके कई करीबी लोग (जिसमें उसका भाई रऊफ अजगर भी शामिल है) ऑपरेशन में मारे गए हैं। जिसके बाद से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर मसूद अजहर डर के मारे किसी बिल में छुप गया है। दरअसल पाकिस्तानी सेना और आईएसआई भी चाहती हैं कि आंतकी मसूद अभी बिल में छुप रहे। क्योंकि भारतीय खुफिया एजेंसी की नजर आंतकी अजहर पर है। लेकिन आंतकी अजहर की इस चुप्पी ने जेम कार्यकर्ताओं को बेचैन कर दिया है और वे नेतृत्व की कमी महसूस कर रहे हैं।

पहले, अजहर के छिपने पर उसका भाई रऊफ अजगर संगठन का प्रभार लेता था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में अजगर भी मारा गया। अब, वैचारिक प्रमुख अजहर और ऑपरेशन प्रमुख अजगर दोनों की अनुपस्थिति में कार्यकर्ताओं का संगठन पर से विश्वास उठ रहा है। इसके लिए कार्यकर्ताओं का मनोबल बनाए रखने के लिए, जेम नई शाखाएं खोलने और अन्य गतिविधियां शुरू करने की खबरें फैला रहा है। वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके अजहर की तस्वीरें और वीडियो बनाकर प्रसारित कर रहे हैं, ताकि कार्यकर्ताओं को यह विश्वास दिलाया जा सके कि उनका मुखिया सुरक्षित है। आंतकी संगठन को लगाता है कि इसतरह के प्रयास यदि सफल होते हैं तब भविष्य में संगठन को पुर्नजीवित किया जा सकता है। इसलिए अपने आंतकियों को एकजुट रखने के लिए जैश-ए-मोहम्मद अब एआई तकनीक का उपयोग कर रहा है। वहीं भारतीय एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि जैश-ए-मोहम्मद कोई बड़ा हमला नहीं करेगा, लेकिन दुष्प्रचार वीडियो का प्रसार बढ़ा सकता है। जैश-ए-मोहम्मद के कमजोर होने और नेतृत्व की कमी से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष बढ़ने का डर है। कई जैश-ए-मोहम्मद कार्यकर्ता तालिबान के साथ पाकिस्तान के बिगड़ते संबंधों से भी नाखुश हैं, जिससे दलबदल का खतरा बढ़ गया है। वहीं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई जैश-ए-मोहम्मद के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए भारत पर बड़ा हमला करने का विचार कर सकता है, लेकिन यह बहुत जोखिम भरा है क्योंकि उन्हें पता है कि भारत सरकार इसतरह के किसी भी दुस्साहस का कड़ा जवाब देगी।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902